हिन्दी दैनिक
दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण

वर्ष : 12 | अंक : 117 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 01 मई 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य – ₹ 2

अवकाश की सूचना

मजदूर दिवस के अवसर पर दबंग हिन्द कार्यालय 1 मई 2024 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 3 मई 2024 का उपलब्ध होगा।

मजदूर दिवस की शुभकामनाएं

मजदूर दिवस के अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं सहित अन्य शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

एक नजर

राजनांदगांव में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौके पर सभी की मौत

राजनांदगांव। राजनांदगांव में मंगलवार को सड़क पर कोहराम मच गया. जिले के तिलई गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने चार लोगों को टक्कर मार दी है. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है. हादसे बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है. पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुट गई है. इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई है. चिखली पुलिस मौके पर मौजूदः राजनांदगांव में सड़क हादसे के बाद चिखली पुलिस मौके पर पहुंच गई है. दुर्घटना के बाद गांव वालों में गुस्सा है. ट्रक ड्राइवर के फरार होने के बाद लोग घटनास्थल पर हंगामा मचा रहे हैं. पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है. इस हादसे में एक मवेशी की भी मौत हुई है.

नासिक में मुंबई-आगरा हाईवे पर बस-ट्रक की टक्कर में 10 की मौत, 30 घायल

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार सुबह भयानक सड़क हादसा हो गया। जिले के चांदवड के करीब राहुड घाट पर महाराष्ट्र परिवहन की एसटी बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कम से कम 10 यात्रियों के मरने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक ये हादसा मुंबई-आगरा हाईवे पर राहुड घाट पर हुआ। हादसे की शिकार बस महाराष्ट्र के जलगांव से वसई-विरार जा रही थी। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक 10 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 30 यात्री घायल हो गए। कई घायलों की हालत चिंताजनक हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और हाईवे कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। हादसे के बाद मुंबई-आगरा हाइवे पर भीषण जाम लग गया है।

नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने दे दी जान

कोटा। शहर में कोचिंग छात्रों के सुसाइड का सिलसिला थम नहीं रहा है. अभी हाल ही में हरियाणा के नीट स्टूडेंट की सुसाइड के बाद अब फिर से एक नया मामला सामने आया है. मंगलवार को फिर से कोटा के एक कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली है. वह छात्र भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था. जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. इस संबंध में लड़के के परिजन को जानकारी दे दी गई है. कोटा में छात्रों की सुसाइड का यह इस साल का आठवां मामला है. सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि बीते एक साल से मामा-भांजे तलवंडी स्थित पीजी में एक साथ रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग कर रहे थे.

चतरा से केएन त्रिपाठी ने किया पर्चा दाखिल, जनसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बोले

सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन की होगी जीत

दबंग हिन्द संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चतरा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मंगलवार को पर्चा दाखिल किया. इससे पहले चतरा कॉलेज के सामने स्थित मैदान में जनसभा हुई. सीएम चंपाई सोरेन ने एनडीए पर निशाना हुए कहा कि झारखंड में एनडीए का खाता नहीं खुलेगा. राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी. उन्होंने केएन त्रिपाठी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की.

देश व बच्चों के भविष्य को लेकर करें वोट : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर नामांकन से पहले आयोजित जनसभा से कुछ लोगों के साथ प्रत्याशी केएन त्रिपाठी समाहरणालय पहुंचे, जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष पर्चा दाखिल किया. प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा दस वर्षों के कुशासन को भूलाने में लगी हुई है. भाजपा ने चुनाव की घोषणा के पूर्व 400 पार का नारा देकर जनता को चुनौती दी है. देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है. देश व अपने बच्चों के भविष्य के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करें. इस दौरान उन्होंने अपने पक्ष में वोट करने की अपील की.

झारखंड की सभी 14 लोस सीटों पर जीतेगा इंडिया गठबंधन : झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंगलवार को चतरा संसदीय सीट के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलने की गारंटी है. झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतेगा. एनडीए का खाता नहीं खुलेगा. झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में भी भाजपा ने 65 पार का नारा दिया था, लेकिन जनता ने 25 सीट पर ही रोक दिया. लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है, लेकिन 150 सीट भी पार नहीं कर पायेगी. उन्होंने कहा कि जनसभा में पहुंची भीड़ जीत का परिचय दे रही है. सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान को बचाने व तानाशाह को रोकने का है. भाजपा की अलग ही नीति दिख रही है. सिर्फ झूठ बोल रही है. दस वर्षों तक जनता को ठगने का काम किया है. अच्छे दिन लाने वाले आज भूल गये हैं. हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने की बात जुमला साबित हुई. 15 लाख देने का वादा किया, लेकिन खाते में 15 पैसे भी नहीं आए. 2019 में डबल इंजन की सरकार के दौरान झारखंड में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिए गए थे. हमारी सरकार ने 20 लाख ग्रीन कार्ड बना कर दिया. गरीबों का बच्चा नहीं पढ़े, इसलिए रघुवर सरकार ने पांच हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद कराया था.

केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाएं

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत सांसदों द्वारा गोद लिए गए गांव में विकास का कार्य नहीं हुआ. सभी चीजों को बीजेपी निजी कंपनियों के हाथों सौंप रही है. 2014 के पूर्व भाजपा महंगाई का विरोध करती थी, लेकिन सत्ता में आते ही देश में महंगाई बढ़ने लगी. महंगाई से जनता त्रस्त है. हमारी सरकार ने खेतों में सालोंभर सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का काम शुरू किया है. इस बार तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है. आरक्षण नीति को समाप्त रखने का विचार कर रही है. इसलिए 400 पार की बात कह रही है. भाजपा मुट्ठीभर पूंजीपतियों के लिए राजनीति कर रही है. महागठबंधन के सभी घटक दल एजुटता का परिचय दे रहे हैं. उन्होंने केएन त्रिपाठी को यहां से भारी मतों से जिताने की अपील की.

मंगलवार को जमा हुए 24 नॉमिनेशन फॉर्म

लोकसभा चुनाव को लेकर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि मंगलवार को कुल 24 नॉमिनेशन फॉर्म जमा हुआ. पांचवे चरण के लिए चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के नॉमिनेशन की हुई. हजारीबाग से मंगलवार को एक नॉमिनेशन हुआ. वहीं चतरा से मंगलवार को 10 नॉमिनेशन फॉर्म भरा गया. अब तक चतरा से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. वहीं कोडरमा से दो प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है. सोमवार को पांचवे चरण के लिए 3 प्रत्याशियों ने मंगलवार को नॉमिनेशन किया. अब तक कोडरमा से चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. वहीं गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. छठे चरण के लिए गिरिडीह से एक प्रत्याशी, धनबाद से दो प्रत्याशी, रांची से दो प्रत्याशी और जमशेदपुर लोकसभा से तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया.

जैक इंटर तीनों संकाय का रिजल्ट जारी, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

इंटर आर्ट्स में जीनत, साइंस में स्नेहा और कॉमर्स में प्रतिभा साहा स्टेट टॉपर

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड अधिविद्य काउंसिल की ओर से इंटर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है. इसमें कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत छात्र सफल, कला में 93.16 फीसदी, वोकेसनल में 83 और साइंस में 72. 72 प्रतिशत छात्र सफल हुए. पहली बार है जब जैक की ओर से तीनों संकाय का परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किया गया. परीक्षा परिणाम जैक अध्यक्ष अनिल महतो की ओर से जारी किया गया.

इंटर आर्ट्स में गवर्नमेंट प्लस टू हाई स्कूल कांके की जीनत परवीन स्टेट टॉपर बनी. दूसरा स्थान बाहमनी धान ने हासिल किया जो एसएस हाई स्कूल खूंटी की छात्रा है. तीसरे स्थान पर दीपाली कुमारी रही जो उसुर्लाइन इंटर कालेज की छात्रा है. वहीं, साइंस में उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की स्नेहा स्टेट टॉपर है. दूसरा स्थान इंटर साइंस कॉलेज की रितिका कुमारी ने प्राप्त किया. तीसरा स्थान बैजनाथ जालान कॉलेज के पंकज कुमार साहू ने हासिल किया.

कॉमर्स में उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की प्रतिभा साहा ने प्रथम स्थान हासिल किया. दूसरा स्थान उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की रिया कुमारी ने हासिल किया. तीसरा स्थान उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की सृष्टि कुमारी ने हासिल किया.

इस बार परीक्षा में कुल 3 लाख 44 हजार छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे. साइंस मे कुल छात्र 94433 शामिल थे. इसमे से 68203 पास हुए. इनमें से 72.70 फीसदी पास हुए है. साइंस में कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा, हजारीबाग शामिल है.

कॉमर्स में कुल छात्र 25907 परीक्षा में शामिल हुए. इसमें से 23235 पास हुए. 90.60% सफल हुए. इनमें से 61% फस्ट डिवीजन डिवीजन है. कॉमर्स में लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़, खूंटी टॉप में है.

आर्ट्स में कुल छात्र 2 लाख 24 हजार 502 शामिल हुए थे. इनमें से 2 लाख 6 हजार 685 सफल हुए. 93.7 फीसदी छात्र सफल है. इनमे से 40.78 फस्ट डिवीजन है. आर्ट्स में सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग जिला टॉप में रहे.

जमशेदपुर से बीजेपी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो और धनबाद से ढुल्लू महतो ने किया पर्चा दाखिल

दबंग हिन्द संवाददाता

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जमशेदपुर लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल को अपना नामांकन पत्र सौंपा. इस दौरान उनके साथ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चुनाव अभिकर्ता सह पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस व जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा मौजूद थे. बीजेपी प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के नामांकन से पहले जमशेदपुर में बीजेपी के कार्यकर्ता विभिन्न मंडलों से बाइक-कार की रैली के साथ साकची स्थित बोधि मंदिर पहुंचे. वहां से पैदल जुलूस की शक्ल में समाहरणालय परिसर के बाहर तक प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के साथ आए. नामांकन की प्रक्रिया के बाद बोधि मंदिर मैदान में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व सांसद प्रत्याशी विद्युतवरण महतो द्वारा चुनावी सभा को संबोधित किया गया.

बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने भी किया नामांकन

धनबाद। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मंगलवार को जिला समाहरणालय में नामांकन किया. उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा भी आरओ ऑफिस में मौजूद रहे. ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी भी उनके साथ समाहरणालय पहुंची. लेकिन वह आरओ ऑफिस में नहीं प्रवेश की. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नामांकन में शामिल होने वाले थे, लेकिन उस समय तक नहीं पहुंच सके. शहर के गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा का भी आज आयोजन हैं. सीएम भजन लाल शर्मा का 10 बजकर 10 मिनट पर बरवाअड्डा हवाई अड्डा हेलीकॉप्टर से पहुंचने का समय निर्धारित था. यहां से वह सीधे जिला समाहरणालय पहुंचते, लेकिन वो दोपहर दो बजे के आसपास धनबाद पहुंचे. बरवाअड्डा हवाई अड्डा से सीधे गोल्फ ग्राउंड के लिए रवाना हो गए.

छत्तीसगढ़ में बड़ा नक्सल एनकाउंटर सुरक्षाबलों ने 10 नक्सली को किया ढेर

एजेंसी

बस्तर/नारायणपुर। लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से लगातार ताबड़तोड़ नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है. मंगलवार को नारायणपुर, कांकेर और महाराष्ट्र की सीमा पर फोर्स और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई. इस एनकाउंटर में कुल 10 नक्सली मारे गए हैं. इससे पहले 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेठिया में सिक्योरिटी फोर्स ने बड़े नक्सल ऑपरेशन में 29 नक्सलियों का काम तमाम कर दिया था. नारायणपुर में कहां हुआ एनकाउंटर ?ः नारायणपुर में यह नक्सली एनकाउंटर हुआ है.

सुबह 6 बजे सुरक्षाबलों की टीम अबूझमाड़ इलाके में ऑपरेशन पर निकली थी. यहां के टेकमेटा और काकुर गांवों के बीच जंगल में फोर्स और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई है. इस ऑपरेशन में डीआरजी, स्पेशल टास्क फोर्स और नक्सल विरोधी टीम शामिल थी. पुलिस सूत्रों के मुताबिक नारायणपुर के अबूझमाड़ में रात से ही सुरक्षाबलों की टीम ने ऑपरेशन शुरू कर दिया था. इस एनकाउंटर में 10 नक्सली मारे गए हैं. नारायणपुर के अबूझमाड़ में करीब 9 घंटे तक मुठभेड़ चली. जिसमें 10 माओवादी मारे गए. मारे गए नक्सलियों में तीन महिला नक्सली और सात पुरुष नक्सली शामिल हैं. सुरक्षाबलों को एक इंसास रायफल और एके 47 रायफल मिला है. इसके अलावा भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं. सिक्योरिटी फोर्स के जवानों को कोई नुकसान नहींः इस नक्सल ऑपरेशन में सिक्योरिटी फोर्स के जवानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है.

सीएम अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर अब तीन मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. हालांकि सुनवाई आज भी पूरी नहीं हुई. कोर्ट अब मामले की सुनवाई 3 मई को करेगा. आज यानी मंगलवार की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कई सवाल किया. कोर्ट ने आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर ईडी से जवाब मांगा. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण है. उसका हनन नहीं किया जा सकता है. इसके बाद कोर्ट ने ईडी को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से संबंधित सवालों पर तैयारी के साथ आने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई तीन मई को होगी. इससे पहले सोमवार की सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली के सीएम से कई सवाल पूछा था. सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल ने सवाल किया था कि ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका उन्होंने क्यों नहीं दायर की.

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, हार्दिक पंड्या उपकप्तान, केएल राहुल बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। जहां रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है जबकि हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और संजू सैमसन को शामिल किया गया है। जबकि केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। वहीं, रिंकू सिंह, शुबमन गिल, खलिल अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। टीम में शिवम दुबे को भी मौका मिला है। दरअसल, टीम के ऐलान से पहले अहमदाबाद के आईटीसी नर्मदा होटल में सेलेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद टीम इंडिया का ऐलान किया गया।



टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड इस प्रकार है : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम की कमान केन विलियमसन, साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी एडेन मारक्रम और इंग्लैंड की कमान जोस बटलर को सौंपी गई है।

राहुल गांधी ने एमपी में कहा, अगर भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान को फेंक देगी

एजेंसी

मध्य प्रदेश। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी. राहुल गांधी आज मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है.

भाजपा चाहती है कि इस किताब को फेंक दिया जाये : उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं. अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी. वायनाड से सांसद गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वे चुने गये, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे. भाजपा चाहती है कि इस किताब (संविधान) को फेंक दिया जाये. उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है. राहुल गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेगी. उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) सीधे भेजेगी. गांधी ने कहा, अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी.

प्रधानमंत्री ने लातूर में कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले- 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बिकने लगे हैं

एजेंसी

लातूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है। कांग्रेस पार्टी को पराजय का भय इतना सता रहा है कि अक के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। वो मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं। मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है और ये इंडी अघाड़ी वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी शक्ति लगा रहे हैं। जिनके

घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी पर गुस्सा करेंगे, ये बहुत स्वाभाविक है। आजकल ये दिन रात मोदी को गाली देने में लगे हैं। हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया! कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार के बारे में सोचा, लेकिन मोदी भारत के हर परिवार के बारे में सोचते हैं। 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया। हमने उसी जनादेश का उपयोग किसी से कुछ छीनने के लिए नहीं, बल्कि लाभ पहुंचाने और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए किया। हमारी सरकार सही मायनों में सामाजिक न्याय को ताकत देने वाली सरकार है। ये चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। आपने 10 साल पहले का समय देखा है और आप आज का भी समय देख रहे हैं। आज दुनिया उस भारत को जानती है, जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। 2014 के पहले का समय याद कीजिए... किसी मेले में या कहीं भी अगर भीड़ जमा हो रही होती थी, तो अनाउंस होता था कि लावारिस चीजों से दूर रहो और पुलिस को जानकारी दो, क्योंकि उसमें बम हो सकता है। पूरे देश में 24 घंटे हर महत्वपूर्ण जगह पर ये सूचना दी जाती थी। मोदी के आने के बाद कहां गईं ये लावारिस चीजें? पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर सिर्फ आपकी वर्तमान कमाई पर ही नहीं है, आप जो संपत्ति अपने बच्चों के लिए जोड़ रहे हैं, उस पर भी कांग्रेस गिद्ध नजर लगाकर बैठी हुई है। मैं जब एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शाहजादे को बुखार चढ़ जाता है। वो लोग कहते हैं कि मोदी एक भारत की बात क्यों करता है, भारत को खंड-खंड में देखने वाले लोग पीएम पद को भी खंड-खंड में बांटना चाहते हैं। 5 साल में 5 पीएम का इनकी योजना है यानी बारी-बारी देश को लूटना की योजना।

बलालौंग बगीचा में कार्यकताओं की बैठक मे शामिल हुई यशस्विनी सहाय

कहा हर लोगों के दिलों मे बसकर आपकी समस्याओं का आवाज बनुंगी

दबंग हिन्द,संवाददाता

पिस्का नगड़ी । रांची लोकसभा इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्यासी यशस्विनी सहाय ने नगड़ी प्रखंड के बलालौंग पंचायत कुदलौंग पंचायत चेटे पंचायत उतरी टुण्ढुल पंचायत दक्षिणी टण्ढुल का दौरा किया दौरा करने के बाद बलालौंग बगीचा में कार्यकताओं की बैठक मे शामिल होकर लोगों को संबोधित किया यशस्विनी सहाय ने कहा हर लोगों के दिलों मे बसकर आपकी समस्याओं का आवाज बनुंगी कार्यकताओं के बैठक मे खिजरी विधायक आदरणीय राजेश कच्छप पुर्व केन्द्रीय मंत्री आदरणीय सुबोध कांत सहाय झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचीव अजय नाथ शहदेव नगड़ी प्रखंड प्रभारी दिलीप सिंह प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी जिला प्रवक्ता संजय सरैया महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की विधायक प्रतिनीधि प्रेम रोशन कुजूर हाजी लतीफ अंसारी कला संस्कृती के जिला अध्यक्ष धरमु नायक जिला सचिव फिरोज आलम मनोज तिर्की मास्टर शहिद अहमद मनोज तिर्की सुकरा उरांव सुजित कुमार मुंडा तारा देवी अंजली कुमारी मुखतार अंसारी अख्तर अंसारी नईमुद्दीन अंसारी बिरसा लोहरा फुलचंद तिर्की प्रभू मुंडा बसंत बाखला विनीता तिर्की पिंकी लकड़ा दीपक उरांव महादेव केरकेट्टा पुर्व जिला परिषद सुनील उरांव रेखा देवी हकमुल अंसारी सुमित कच्छप कर्मदेव सिंह विजय सिंह मकसुद अंसारी महाबीर नायक शक्ती महतो अब्दुल हफीज शमसाद अंसारी शकील अंसारी पंचू महतो परवेज अंसारी अब्दुल कयूम मुंतजीर आलम जयमनी होरो मेराज आलम नदीम दानिश अबरार मंजर शेख आलम समीर अंसारी नईम अख्तर पप्पू तनवीर सरिता देवी दयामनी तिर्की बिमला देवी नीलमनी खलखो अलबिस तांबा मुक्ति तिर्की बहादुर उरांव और सैकड़ो कार्यकर्ता सामिल थे

हाथ का बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को रिप्लेस करने की वरिष्ठ कांग्रेस नेता की हुंकार

आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है भाजपा : बंधु तिर्की

दबंग हिन्द,संवाददाता

चान्हो। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही सभी भाजपा नेता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मिलकर देश से आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है. श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा की यह चाल बहुत अधिक खतरनाक है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नुकसान आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों के साथ ही देश के सभी लोगों को उठाना पड़ेगा. चान्हो के वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के मैदान में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की

ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी लोगों को समान रूप से चुनाव में एक-एक मत देने का अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करने की जिम्मेदारी हम सभी की है. उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि 10 साल के मोदी सरकार के कुशासन को देखने के बाद जरूरत इस बात की है कि ईवीएम में हाथ का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिप्लेस कर दिया जाये. श्री तिर्की ने कहा कि कोई चाहे कितना भी कुछ कह ले लेकिन आज सच्चाई की कसौटी पर परखी हुई बात यही है कि गारंटी की बात केवल और केवल कांग्रेस करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके से जुमलाबाज पार्टी है. इस मामले में उन्होंने भाजपा के प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने और हर एक के खाते में 15 लाख जमा करने के वायदे की चर्चा करते हुए कहा कि अब स्थिति बहुत अधिक चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी वैसी परिस्थिति तैयार कर रहे हैं जब 2024 के बाद चुनाव ही नहीं होगा और अपना जन प्रतिनिधि चुनने का हमारा वह हक हमसे छीन लिया जायेगा जो भारतीय संविधान में हमें दिया गया है. श्री तिर्की ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ ही अपने जीवन, अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, उनके अच्छे भविष्य, आवास, राशन आदि का एकमात्र उपाय केवल यही है कि एक-एक व्यक्ति 13 मई को मतदान करे और कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करे. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने लोगों से आह्वान किया कि वह बिना किसी के बहकावे और प्रलोभन के सिर्फ सच के पक्ष में अपना मतदान करें और आज कांग्रेस ही वैसी पार्टी है जो केवल मुद्दों की बात कर चुनाव लड़ रही है।

पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने जैक बोर्ड 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी

कहा–असफल बच्चे निराश ना हों बल्कि दुगुने उत्साह से तैयारी करें सफलता उनके कदम चूमेगी

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने जैक बोर्ड 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है। आईसीएसई एवं सीबीएसई के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम के उपरांत पासवा राज्य भर के 20 हजार टॉपर्स को एक साथ एक मंच पर सम्मानित करेगी - आलोक दूबे । अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः पालन राज्य के सभी निजी विद्यालय सुनिश्चित करेंगे,लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है - आलोक दूबे। झारखंड प्रदेश पासवा के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखंड जैक बोर्ड 12वीं साइंस,आर्ट्स,कॉमर्स में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा बारहवीं परीक्षा में पास हुए छात्रों का ओवरऑल प्रतिशत काफी उत्साह

वर्धक एवं सराहनीय है,पासवा अध्यक्ष ने जैक बोर्ड के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व सचिव सहित पूरी टीम को बधाई दी है उन्होंने अभिभावकों को भी विशेष रुप से धन्यवाद दिया है।आलोक दूबे ने कहा एक बार फिर लड़कियों ने हर स्तर पर बाजी मारी है,एक तरफ उनके प्रतिशत भी ज्यादा है तो टॉपर में भी बच्चियों ने ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आलोक दूबे ने कहा जो बच्चे परीक्षा में असफल हुए हैं उन्हे निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि दुगुने उत्साह से तैयारी में लग जायें ताकि सफलता उनके कदम चूमे।जैक बोर्ड ऐसे बच्चों का सप्लीमेंट्री परीक्षा लेकर उन्हें एक मौका अवश्य देना चाहिए। इस बाबत पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने जैक बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो से मोबाइल पर बात कर उन्हें अच्छी शिक्षा और अच्छे परिणाम के लिए बधाई दिया एवं साथ ही साथ जो बच्चे असफल हो गए हैं उन्हें सप्लीमेंट्री परीक्षा मे बैठने का एक मौका देने का भी आग्रह किया है।आलोक दूबे ने कहा जैक बोर्ड ने समय से पहले ही रिजल्ट प्रकाशित कर दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है,इससे बच्चों को अपनी आगे की पढ़ाई का मार्ग चयन करने में न सिर्फ सुविधा होगा बल्कि बच्चे समय से होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर सकेंगे।

सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे 43 कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 3 कर्मियों – डॉ. छाया रानी, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, श्री अमर नाथ झा, वरीय पीए, ए-1, सीएमसी विभाग एवं श्री सूरज महतो, हेड सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी विभाग को सीसीएल की ओर से एक सम्मान- सह - विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री राजीव सिंह, सीएमएस, सीसीएल, डॉ. सुमन सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), कल्याण विभाग श्रीमती केया मुखर्जी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष/महाप्रबंधक एवं सेवा निवृत्त कर्मियों के परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अप्रैल माह में सीसीएल मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 43

कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीसीएल के सभी क्षेत्र में भी इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री राजीव सिंह सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन पर बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। श्री सिंह ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी। अवसर विशेष पर सीएमएस, सीसीएल, डॉ. सुमन सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि द्वितीय पाली में आप ज्यादा से ज्यादा परिवार को समय दें और अपनी पसंद का कार्य करें। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को विडियो के माध्यम से साझा किया। सभी 3 सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है।

यशस्विनी सहाय का नगड़ी प्रखंड के नयासराय मे भय स्वागत किया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

नगड़ी। रांची संसदीय क्षेत्र के यशस्वी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय का नगड़ी प्रखंड के नयासराय मे भय स्वागत किया गया एवं सामाजिक कार्यकर्ता मेराज अहमद के आवास आवास पर एक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सुबोध कांत सहाय लाल अजय नाथ शाहदेव नगड़ी प्रखंड चुनाव प्रभारी नगरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए सभी जनता ने एक स्वर में कांग्रेस महागठबंधन को वोट देने की बात कही प्रखंड कमेटी के मौलाना सनाउल्लाह ने आमसभा को संचालन किया, मौलाना अनवर उल हक जावेद अख्तर अंसारी ने सभा को संबोधित किया समाजसेवी अब्दुल कयूम अंसारी ने कहा की एकमात्र विकल्प कांग्रेस पार्टी ही है समाजसेवी जुबेर अख्तर ने बुके देकर सम्मानित किया एवं शाहिद,अख्तर नईम,अख्तर अबरार, मकसूद आलम जुनेद आलम,, मोईनुल हक , सनीफ अंसारी,मुतुर्जा अंसारी, समाउन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी अब्दुल लतीफ अंसारी,लक्ष्मी देवी, मेरी तिर्की,अनीता तिर्की,साबिर अंसारी, वसीम,अकरम फिरोज अंसारी , नौशाद, मास्टर सिद्दीक, सनाल्लाह, साहब आलम, पंचू महतो,मुस्तफा अंसारी, रियाज अहमद, मुंतज़िर अंसारी, मकसूद आलम,शक्ति कुमार महतो, मुद्दीन, युनुस, अंसारी,शहाबुद्दीन अंसारी, फिरोज, हजरत अंसारी और प्रखंड के मेंबर शामिल हुए।

संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर का रिजल्ट रहा शानदार

आर्ट्स में उषा खलखो 86.8 प्रति. साइंस में नमन आर्या 81.8 प्रति. और कॉमर्स में पायल कुमारी गुप्ता 89.4 प्रति. मार्क्स के साथ कॉलेज टॉपर रही।

दबंग हिन्द,संवाददाता

मांडर। संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर में आर्ट्स का रिजल्ट शानदार रहा। उषा खलखो 434 (86.8%) अंक के साथ कॉलेज टॉपर रही साथ ही अंकित उराव 430(86%) द्वितीय स्थान और खुशबु परवीन 423(84.8%) तृतीय स्थान पर रही आर्ट्स में कुल 123 छात्रों ने परीक्षा दिए थे जिसमे से 97 छात्रों ने प्रथम श्रेणी 23 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से पास हूए दो छात्र अनुपस्थित और एक छात्र फेल रहा। जबकि साइंस में नमन आर्या 409(81.8%)कॉलेज टॉपर पलक कुमारी गुप्ता 397(79.4%) द्वितीय स्थान और नेहा परवीन 387(77.4%) लेकर तीसरे स्थान पर रही।कॉमर्स का भी रिजल्ट शानदार रहा पायल कुमारी गुप्ता 447(89.4%)प्रथम स्थान रानी कुमारी गुप्ता 426(85.2%)द्वितीय स्थान और अनीश कुमार 393(78.8%) तृतीय स्थान पर रहा। कॉमर्स में 95.65% रिजल्ट रहा, कुल 69 छात्रों ने परीक्षा दिया जिसमे 48 छात्र प्रथम श्रेणी 18 द्वितीय श्रेणी और 03 छात्र असफल रहें।संत अन्ना इंटर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने छात्र- छात्राओं के उजवल भविष्य की कामना करते हूए कहा की आने वाले शैक्षणिक सत्र में और बेहतर रिजल्ट के लिए प्रयासरत है।

जैक झारखंड बोर्ड 12वीं परीक्षा में विज्ञान का रिजल्ट हुआ जारी

प्रखंड में पहला स्थान पर रही अनीशा कुमारी

दबंग हिन्द,संवाददाता

ओरमांझी। कक्षा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में प्रखण्ड के पांचा गांव के रहने वाली किसान शिलिप महतो की बेटी अनिशा कुमारी ने 500 में से 457 अंक 91.4% हासिल कर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनीशा का कहना हैं कि भविष्य में वह स्वयं का उद्गम स्थापित करना चाहती है। उनके पिताजी से जब बेटी की इस सफलता की जानकारी मिली तो उनका खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तत्काल ग्राम पांचा में घर पर आकर परिजनों ने बधाई दी। अनीशा कुमारी बताती हैं कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं। वह अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को देती है। उन्होंने कहा कि वह सामान्य दिनों में हर रोज 2-3 घण्टे पढ़ाई करती है। वहीं परीक्षा के दिनों में करीब 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती है। प्रखंड वासियों ने उनके वह उज्जवल भविष्य की कामना करते

हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। ज्ञात हो कि इससे पहले आरटीसी पब्लिक स्कूल पझरा पानी गुड्डु स्कूल के मैट्रिक टॉपर रही है। मुख्य रूप से ओरमांझी पूर्वी जिप सदस्य सरिता देवी, रामनंदन महतो, विनोद कुमार महतो, दिगंबर महतो, दिलीप महतो, मनोज महतो, भूषण महतो, संजय महतो एवं अन्य लोगों ने बधाई दी एवं अनिशा कुमारी की उज्जवल भविष्य की कामना की।

निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। निलेन्दु कुमार सिंह ने सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया ।सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) से चयनोपरांत कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशों के आलोक में श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने आज दिनांक 30.04.2024 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया ।इस कार्यभार से पूर्व, श्री सिंह ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) पद पर कार्यरत थे। श्री सिंह ने वर्ष 1989 में आईआईटी-आईएसएम, धनबाद से खनन इंजीनियरिंग (बी.टेक) में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1994 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया। अपने शिक्षण के उपरांत वर्ष 1989 में कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड से अपने करियर की शुरूआत की ।श्री सिंह ने 2011 तक सीसीएल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।इस दौरान वे पिपरवार, अशोका, उरीमारी और

कल्याणी इत्यादि परियोजनाओं में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दी। इसके बाद, जनवरी, 2012 में उनकी पदस्थापना एसइसीएल में हुई ।जहाँ उन्होंने गेवरा में खान प्रबंधक; दीपका और छाल परियोजना में उप क्षेत्र प्रबंधक (एजेंट) और एसईसीएल के दीपका क्षेत्र, कोरबा क्षेत्र और रायगढ़ क्षेत्र में महाप्रबंधक के रूप में अपना योगदान दिया । श्री सिंह के पास मेगा ओपन कास्ट खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं के संचालन , साइडिंग शुरू करने, नई खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचईएमएम के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने खनन तकनीकों में अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्होंने 1997 में ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा किया है। उन्हें खेल और पेंटिंग में गहरी रुचि है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल का प्रतिनिधित्व किया है। कोयला उद्योग में तीन दशकों से अधिक के विशाल अनुभव के धनी, श्री सिंह विभिन्न नई खनन पद्धतियों की शुरूआत करने में और कंपनी के कामकाज में सुधार लाने में अपना अहम योगदान दिया है। इसके साथ-साथ विभिन्न श्रमसंगठनों व कंपनी के हितधारकों को साथ लेकर कार्य करने का उन्हें कोयला उद्योग में विविध और दीर्घकालीन अनुभव प्राप्त है ।कोयला उद्योग में श्री सिंह के तीन दशकों से अधिक के अनुभव से टीम सीसीएल को लाभ मिलेगा। इनके कुशल नेतृत्व में कंपनी निश्चित रूप से निर्धरित लक्ष्य को हासिल करेगी। उल्लेखनीय रूप से सीसीएल ने वित्त वर्ष 23-24 में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन और प्रेषण हासिल करके प्रदर्शन में नए रिकॉर्ड बनाया हैं ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खूंटी जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

निर्वाचन की तैयारियों के साथ वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण का लिया जायजा

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने मंगलवार को खूँटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न एवं किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। वहीं कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है। लेकिन, खराब प्रदर्शन अथवा कार्य मे लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने खूँटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान

केंद्रों पर बीएलओ से मुलाकात की एवं लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इसके अलावा उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट/शिफ्टेड/डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने 3 मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने को कहा। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी जिले के कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।

एक नजर

झारखंड में अब तक 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की हुई जब्ती

817 आर्म्स लाइसेंस रद्द किये गये

दबंग हिन्द,रांची। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लेकर अब तक झारखंड में 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गई है। इसमें अवैध शराब, ड्रग्स आदि समेत 5 करोड़ 18 लाख से अधिक नकद रुपये शामिल हैं। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहीं थीं। उन्होंने बताया कि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्य के 18577 आर्म्स लाइसेंस में से 817 को रद्द करने की कार्रवाई की गई है। लाइसेंस रद्द हथियारों के मालिकों ने उसका सत्यापन नहीं कराया था। उन्होंने बताया कि फेज 5 के निर्वाचन को लेकर कुल 14 नामांकन हुए हैं। उनमें चतरा में 9, कोडरमा में 4 और हजारीबाग में 1 नामांकन हुआ है। वहीं फेज 6 के लिए अब तक कुल 8 नामांकन हुए हैं। उनमें गिरीडीह में 1, धनबाद में 2, रांची में 2 और जमशेदपुर में 3 नामांकन हुए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता का अभियान विभिन्न माध्यमों से लगातार जारी है।

विधायक मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची, मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया

दबंग हिन्द, चान्हो। प्रखंड के ग्राम सिलागाई में रीना भगत(35 वर्ष) पति बसंत भगत की हृदय गति रुकने के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। पीछे छोड़ गई तीन बेटियां ललिता भगत,बबीता भगत,सिमरन भगत और एक डेढ़ माह का बच्चा। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची, परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया। विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर कुछ सहयोग राशि दिया साथ यह भी कहा कि भविष्य मे किसी भी परिस्थिति मे उनके परिवार के साथ खड़ी रहूंगी।

हातमा सरना टोली अखरा में मीणा मुंडा के अध्यक्षता में महिलाओं की बैठक रखी गई

दबंग हिन्द,रांची। हातमा सरना टोली अखरा में मीणा मुंडा के अध्यक्षता में महिलाओं की बैठक रखी गई बैठक में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने महिलाओं के समक्ष महिलाओं की हक और अधिकार की बात की मौके पर मुख्य रुप से रेखा सहाय जी जिला अध्यक्ष नीतू देवी जी राखी प्रियदर्शनी जी निशा भगत जी निरंजन पासवान जी पुष्पा टोपो जी सहित दर्जनों नेताओं ने महिलाओं को संबोधन किया।

एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर,एक की मौके पर ही मृत्यु, दो घायल

दबंग हिन्द,नगड़ी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड में महुआ टोली और होटवासी के बीच में एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी JH01ET 4853 मे सवार व्यक्ति को ठोकर मारी स्कूटी मे तीन लोग सवार थे जिसमें एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई,जबकि दो को चोट आई है,मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार व्यक्ति विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय ईदगाह टोली के रहने वाले थे, सुचना मिलते ही थाना मौके पर पहुंची।

मांडर बाजार टांड में युवा कॉग्रेस के कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई

दबंग हिन्द,मांडर। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मांडर बाजार टांड में युवा कॉग्रेस के कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी मतों से विजय बनाने के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया बैठक की अगुआई पार्टी के उपाध्यक्ष कुलदीप रवि के द्वारा किया गया मौके पर अमित खलखो, तेजामूल अंसारी ,जमील अंसारी के अलावे अन्य मौजूद रहे।

भावना विकास विद्यालय मे प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ +2 का आयोजन

दबंग हिन्द,कांके। दिनांक 02-05-24 समय 9.00 बजे से भावना विकास विद्यालय मे इस वर्ष उत्तीर्ण सभी छात्रों को चाहे वो किसी भी ग्रेड से पास हुए हो उन्हे सम्मानित किया जायेगा इस मौके पे +2 मे पढ़ाने वाले योग्य शिक्षक भी मौजूद रहेंगे जिनसे छात्रों को पढ़ाई से सम्बंधित सभी जानकारी दी जाएगी औ? इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया जायेगा गाँव मे +2 के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य मध्यम परिवार के लोग जो जिन्हे बच्चों को पढ़ाने मे कठिनाई का सामना करना पढता हैं उन्हे राहत दिलाना हैं क्यूंकि यहाँ शिक्षक का भी चयन उसी दिन किया जायेगा, औ? पुरे अनुशासन के साथ बच्चों शिक्षा प्रदान करने की कोशिस की जाएगी साथ ही बच्चों को स्कालरशिप की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।

बच्चों के फिजिकल फिटनेस को सुनिश्चित कर रहा रोटरी क्लब

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी फिजिकल एक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब रांची मिड टाउन ने शानदार पहल की है. अपनी पहल के तहत क्लब द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों में झूला उपलब्ध कराया जा रहा है. इस कड़ी में उच्च कृत माध्यमिक विद्यालय नामकुम में क्लब ने एक झूला लगाते हुए उसका उद्घाटन किया. रोटरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय छाबड़ा ने झूले का उद्घाटन किया. इस अवसर पर छाबड़ा ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, तो बच्चों के लिए कभी किसी संसाधन की कोई कमी नहीं होगी. झूले पर खेलने से बच्चों की मांसपेशियां मजबूत बनेगी. उनकी एरोबिक क्षमता बढ़ेगी. रोटरी क्लब रांची मिडटाउन की अध्यक्ष मंजू गंभीर ने क्लब के इस बेहतरीन प्रोजेक्ट के बाबत कहा कि संसाधन के अभाव में सरकारी स्कूलों में बच्चों के शारीरिक फिटनेस पर ज्यादा जोर नहीं रहता है. उन्हें सिर्फ पढ़ाई और मिड डे मील से जोड़कर रखा जाता है. जबकि बच्चों के शारीरिक विकास के लिए विभिन्न खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों का होना जरूरी है. क्लब ने इस कमी को महसूस किया और अपने सभी सदस्यों की मदद से इस प्रोजेक्ट को शुरू किया है. उन्होंने बताया कि इस साल करीब एक दर्जन स्कूलों में झूले लगाने का लक्ष्य है. जो भी सरकारी स्कूल हमारे से मदद मांगता है, हम उसे अवश्य पूरा करते हैं. जल्द ही अन्य चिन्हित किये गए अन्य स्कूलों में भी झूला लगाकर बच्चों के शारीरिक विकास को प्रशस्त किया जाएगा. पूर्व में क्लब के द्वारा इस विद्यालय में वाटर फिल्टर भी लगाया जा चुका है. इस अवसर पर रोटरी क्लब से भूपेंद्र जग्गी, दीप्तेश नवल, बी के झा, पूनम छाबड़ा, जोगेश गंभीर आदि और स्कूल के प्रिंसिपल मोहम्मद कयामुद्दीन तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे. बच्चों ने स्वागत गान गा कर अपनी उभरती कला का परिचय भी दिया.

उप परिवहन आयुक्त और डीटीओ ने दिया निर्देश, कहा

चुनाव कार्य में वाहन नहीं उपलब्ध कराने वालों पर होगी कार्रवाई

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव की तैयारी में राज्य के सभी विभाग रेस हैं. इसके तहत सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह और उप परिवहन आयुक्त संजीव कुमार ने बस मालिकों और कई स्कूलों के प्रबंधन के साथ बैठक की और कई दिशा निर्देश दिए. बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए अधिक से अधिक बसें उपलब्ध कराने का निर्देश स्कूलों के प्रबंधन को दिया गया. बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने सभी वाहन मालिकों को यह निर्देश दिया कि 30 अप्रैल 2024 तक सभी बसें रांची के पुलिस लाइन में जमा करें और यह सुनिश्चित करें कि इलेक्शन के दौरान बसों की कमी नहीं हो.

चुनाव कार्य में बसों की कमी नहीं हो इसका रखें ध्यान : वहीं उप परिवहन आयुक्त संजीव कुमार और जिला परिवहन अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने बैठक में मौजूद निजी बस संचालकों से कहा कि पिछले कुछ दिनों से यह सूचना मिल रही है कि रांची के कुछ बस मालिक अपने बसों को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने के उद्देश्य से चुनाव तक अपनी बसों को ग्रामीण क्षेत्र में छुपाकर रखें हैं. ऐसी स्थिति में चुनाव के दौरान बसों की कमी हो सकती है.

वाहन उपलब्ध नहीं कराने वाले बस मालिकों और स्कूल संचालकों पर होगी कार्रवाई : परिवहन पदाधिकारी ने वैसे बस मालिकों को हिदायत देते हुए कहा है कि चुनाव कार्य में अपनी बसें जमा करें. यदि कोई भी बस मालिक अपने वाहन को छुपाता पकड़ा जाएगा तो बस संचालकों पर परिवहन विभाग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 167 और मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत उनका परमिट रद्द कर दिया जाएगा. साथ ही बस मालिकों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी. वहीं बैठक में मौजूद सभी बस मालिकों और स्कूल संचालकों को यह आश्वस्त किया गया कि चुनाव में वाहनों का उपयोग होने के बाद सुरक्षित रूप से वाहन लौटा दिए जाएंगे. साथ ही सरकार के द्वारा तय भाड़ा का भुगतान जल्द परिवहन विभाग कर देगा.

बसों का नियमित रूप से फिटनेस टेस्ट कराएं स्कूल प्रबंधन : वहीं बैठक में मौजूद स्कूल प्रबंधन और बस मालिकों को उप परिवहन आयुक्त संजीव कुमार और डीटीओ अखिलेश कुमार सिंह ने यह हिदायत दी कि जो भी बस स्कूलों में संचालित हो रहे हैं उन बसों का नियमित रूप से फिटनेस जांच कराएं. साथ ही उन्होंने कहा कि बस चालकों को नियमित रूप से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी.

मनरेगा : शत प्रतिशत आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से भुगतान कराने का निर्देश, तकनीकी समस्याओं को किया जायेगा दूर

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने मनरेगा योजना में मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है. यह कहा कि मनरेगा में आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम एबीपीएस के अंतर्गत 100 फीसदी श्रमिकों को पंजीकृत किया जाना है. लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा 88 फीसदी तक है. ऐसे में शेष पात्र श्रमिकों की सूची जिनका पंजीकरण तकनीकी कारणों से नहीं हो पा रहा है उसे यूआईडी एवं संबंधित बैंकों को साझा करें ताकि सभी श्रमिकों को प्रावधानुसार पंजीकृत किया जा सके. बता दें कि, मनरेगा में 99.63 प्रतिशत मजदूरों का आधार सीडिंग हो गया है. इनका आधार संख्या जॉब कार्ड से जोड़ दिया गया है. राज्य में मनरेगा से 4339548 वर्कर हैं जिनमें 4323348 वर्कर का आधार सीडिंग हुआ हैं. वहीं, इनमें करीब 37 लाख मजदूर आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के लिए योग्य हैं जो कुल मजूदर का 88 फीसदी है. ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने सारे मजदूरों का आधार सीडिंग काम कराने को कहा है. इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार शिविर लगाने को कहा गया है. नये मजदूरों को भी जॉब कॉड देकर मनरेगा से जोड़ने का निर्देश दिया गया है. हालांकि, झारखंड के अधिकारियों का कहना है कि लंबित एबीपीएस होने का सबसे प्रमुख कारण है कि बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर दूसरी जगह पलायन कर गये हैं. वहीं कुछ तकनीकी वजह से भी एबीपीएस सिस्टम से नहीं जुड़ सके हैं इसलिए इनके खाते में सीधे मजदूरी की राशि नहीं भेजी जा पा रही है. ग्रामीण विकास विभाग ने सारे जिलों को कहा है कि अविलंब सभी को सक्षम प्राधिकार के अनुमति लेकर आधार से जोड़ने का काम करे. एबीपीएस सिस्टम से जोड़कर मनरेगा मजदूरी की राशि खाते में भेजना सुनिश्चित करायें.

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से मांगा समय, कहा कि स्वतः संज्ञान के खिलाफ सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में है लंबित

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई. मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है. इसलिए समय दिया जाए. कोर्ट ने सरकार का आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है. दरअसल, हाईकोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था. राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए.

क्या है मामला : प्रार्थी का कहना है कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपए नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी. उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपए भेजा गया था. यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो- चार हजार रुपए हुआ करता था. उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25 -25 लाख रुपया जमा करने में इस्तेमाल हुआ था. कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था. प्रार्थी ने इसकी जांच कराने का आग्रह कोर्ट से किया था.

समस्या: नई पेंशन से पुरानी पेंशन में आये रिटायर कर्मियों को हो रही कई परेशानी, निदेशक से निदान का आग्रह

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लॉयज फेडरेशन की प्रांतीय कमेटी का एक शिष्टमंडल प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में निदेशक पेंशन एवं लेखा निदेशालय झारखंड नीतियार कुमार सिंह से मिला. इस दौरान नई पेंशन से पुरानी पेंशन की प्रक्रिया में आ रही समस्याओं पर निदेशक से विस्तारपूर्वक चर्चा हुई जिसके समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया. आज की वार्ता में प्रांतीय अध्यक्ष के साथ प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, प्रांतीय कार्यालय सचिव संतोष कुमार, प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी सुनील फ्रांसिस खलखो, संगठन सचिव रांची जोन सुनील नायक, समन्वयक मिथिलेश कुमार सहाय तथा सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे.

इन मुद्दों को उठाया गया

- नई पेंशन से पुरानी पेंशन में आए सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का एनओसी के लिए आवेदन के क्रम में एनएसडीएल द्वारा सरकारी अंशदान का डाटा ससमय उपलब्ध नहीं कराए जाने के विषय को संगठन ने उठाया. जिस पर निदेशक ने कहा कि यह समस्या हमारे संज्ञान में है और यह बेहद गंभीर मामला है. कुछ दिन पहले ही इस विषय पर बैठक किया गया है, हमारा प्रयास होगा की एनएसडीएल समय से सेवानिवृत कर्मचारियों का डाटा उपलब्ध कराये, अगले कुछ दिनों में यदि ऐसा नहीं हो पता है तब हम सब अन्य विकल्पों पर भी काम करेंगे.
- नई पेंशन से पुरानी पेंशन में आए लगभग सवा लाख कर्मचारियों का जीपीएफ कटौती हो रहा है परंतु उनके खाते में जीएफ का स्टेटमेंट दिखाई नहीं पड़ता है इसका कारण जीपीएफ ऑफिस के द्वारा फर्स्ट अकाउंटिंग अभी तक नहीं किया जाना है. इस संदर्भ में निदेशक से आग्रह किया गया कि इसके लिए कर्मचारियों के द्वारा जीपीएफ कार्यालय को आवेदन देने की बाध्यता खत्म की जाए क्योंकि यह ऑफिस का रूटीन वर्क है इस पर निदेशक ने कहा कि सभी जिला भविष्य निधि कार्यालय को इस संदर्भ में निर्देशित कर दिया जाएगा.
- यह बताया गया कि नई पेंशन से पुरानी पेंशन में शिफ्टिंग की प्रक्रिया के दौरान कर्मचारियों के द्वारा जमा किए गए शपथ पत्र की मूल प्रति अभी भी जिला भविष्य निधि कार्यालय में पड़ा हुआ है जबकि सेवानिवृत्ति के उपरांत पुरानी पेंशन की प्रक्रिया में जीपीएफ कार्यालय की कोई भूमिका नहीं है. अतः जीएफ का एक्नॉलेजमेंट रिसीव्ड तथा शपथ पत्र की मूल प्रति संबंधित कर्मचारियों को वापस कर दिया जाना चाहिए जिसे उसके सेवा पुस्तिका में संधारित किया जा सके. इस विषय पर निदेशक ने कहा कि इस संदर्भ में जिला भविष्य निधि कार्यालयों को पूर्व में सभी निर्देशित किया गया है पुनः एक बार जिला भविष्य निधि कार्यालय को इस संदर्भ में निदेशित कर दिया जाएगा.
- नई पेंशन से पुरानी पेंशन की प्रक्रिया के दौरान कुछ कर्मचारियों का मामला अभी भी प्रक्रियाधीन है वैसे कर्मचारी सेवानिवृत्ति के उपरांत एनओसी हेतु आवेदन इसलिए नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनका डाटा अभी भी पोर्टल में पेंडिंग है. ऐसे कर्मचारियों का डाटा या तो निदेशालय डिलीट कर दे अथवा संबंधित कर्मचारी को डाटा डिलीट करने का विकल्प उपलब्ध कराये. इस विषय पर निदेशक ने कहा कि यह मामला भी हमारे संज्ञान में है. ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारियों को डाटा डिलीट करने का विकल्प देने पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी.

दोस्त की हत्या करने के दोषी नाबालिग को उम्र कैद

रांची। नाबालिग दोस्त की हत्या करने के नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 10,000 रुपए का जुमार्ना लगाया है. जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. बता दें कि 1 जनवरी 2021 को नए साल के जश्न मनाने के दौरान सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर की गई थी. 2 जनवरी 2021 को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था. नए साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से आशीष टोप्पो और सुमेश लकड़ा लेकर निकले थे. बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या कर दी गई थी. लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. मृतक सोनू टोप्पो को अंतिम बार आरोपियों के साथ देखा गया था. इसे देखते हुए लालपुर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार किया था. अभियोजन पक्ष की ओर 10 गवाह पेश किए गए थे. जबकि वही बचाव पक्ष की ओर 2 गवाह पेश किया गया था.

नए लोगों को गिरोह में जोड़ रहा अमन साहू, एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। जेल में बंद अपराधी अमन साहू अपने गिरोह में नए लोगों को जोड़ रहा है. यह खुलासा अमन साहू गिरोह के गिरफ्तार हुए राजा अंसारी और मलिंदर सिंह ने एटीएस को दी. मंगलवार को एटीएस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा ने बताया कि राजा अंसारी और मलिंदर को रामगढ़ जिला के पतरातु से गिरफ्तार किया गया है. मलिंदर कुमार के पास एटीएस ने एक रिवाल्वर, 51 जिंदा कारतूस बरामद किया है.

हथियार और कारतूस को रखता था मलिंदर : मलिंदर ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह अमन साहू गिरोह के द्वारा अपराध में उपयोग होने वाले हथियार और कारतूसों को जमा करता था. जेल में बंद अपराधी चंदन साव और अमन साहू के कहने पर मलिंदर चिन्हित अपराधकर्मियों को हथियार देता था और घटना को अंजाम देने के बाद हथियार वापस ले लेता था. वहीं राजा अंसारी अमन साहू के गिरोह का कुख्यात अपराधी है. वह पिछले दिनों फायरिंग से संबंधित कई घटनाओं में शामिल रहा है. उसके द्वारा पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है. पूर्व में वह जेल जा चुका है. उसके खिलाफ रांची, हजारीबाग और रामगढ़ के अलग-अलग थाना में कुल 11 मामले दर्ज हैं.

अमन साहू गैंग के सुनील मीणा को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार : एटीएस एसपी ऋषभ झा ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि अमन साहू गिरोह का सुनील सिंह मीणा मलेशिया में छिपा हुआ है. उसे केंद्रीय एजेंसी की मदद से जल्दी गिरफ्तार कर दिया जाएगा. बीते दिनों उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया था और जल्द ही उसके घर की कुर्की भी की जाएगी. जहां-जहां उसकी संपत्ति है और जिस कारोबार में उसने इन्वेस्ट किया है. एटीएस की टीम सारी जानकारी हासिल कर रही है.

सरकार के आदेश के बाद भी खुले रहे कई निजी स्कूल, शिक्षा विभाग अंजान

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है. इसका असर सड़कों पर भी दिख रहा है. सुबह 10 बजते ही तेज धूप के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है. जबकि दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है. लिहाजा, स्कूली बच्चों के हित को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 30 अप्रैल से 8वीं तक की सभी कक्षाएं स्थगित रखने का आदेश जारी किया था. यह आदेश 29 अप्रैल को जारी हुआ था. इसका असर भी हुआ. सभी सरकारी स्कूल बंद रहे. ज्यादातर निजी स्कूलों में भी 30 अप्रैल से 8वीं तक की कक्षाएं स्थगित रहीं. लेकिन कुछ स्कूलों ने सरकार के इस आदेश को संजीदगी से नहीं लिया. इनमें रांची के प्रतिष्ठित स्कूलों में शुमार डीपीएस और बिशप हार्टमैन एकेडमी समेत कई अन्य का नाम शामिल है. इस लापरवाही के बाबत डीपीएस स्कूल के कई अभिभावकों ने नाम नहीं बताने की सूरत में स्कूल प्रबंधन के मनमानी पर नाराजगी जताई. अभिभावकों ने बताया कि आम दिनों की तरह 30 अप्रैल को नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों को स्कूल जाना पड़ा. बच्चों के स्कूल जाने के बाद डीपीएस प्रबंधन ने नोटिस जारी कर बताया कि 1 मई से 8वीं तक की कक्षाएं स्थगित रहेंगी. डीपीएस स्कूल के नोटिस में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश का भी कोई जिक्र नहीं है. इस बारे में स्कूल के प्रिंसिपल राम सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया. उनकी जगह डीपीएस स्कूल की पीआरओ आयशा ने ईटीवी भारत को फोन पर बताया कि 1 मई से 8वीं तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई है. उनसे पूछा गया कि जब शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल से ही कक्षाएं स्थगित करने का आदेश दे दिया था तो फिर उसकी अनदेखी क्यों की गई. जवाब में उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी के लिए स्कूल में आकर प्रबंधन से बात करना होगा.

शिक्षा सचिव को भी नहीं थी जानकारी : डीपीएस स्कूल की इस लापरवाही के बाबत शिक्षा विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कई बार आदेश की प्रति पहुंचने में विलंब हो जाता है. आदेश की अवहेलना के बाबत पूछने पर उन्होंने कहा कि अगर 30 अप्रैल के बाद भी कोई स्कूल खुला रहता है तो जरुर कार्रवाई होगी. उनसे पूछा गया कि डीपीएस स्कूल ने 1 मई से कक्षा स्थगित करने को लेकर जो नोटिस जारी किया है, उसमें शिक्षा विभाग के आदेश का कहीं जिक्र नहीं है. जवाब में उन्होंने कहा कि इस मसले से रांची प्रशासन को अवगत कराया जाएगा.

पासवा का क्या है स्टैंड : पासवा (प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) के अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि सरकार ने शाम के वक्त नोटिफिकेशन निकाला था. संभव है कि इसकी वजह से कई स्कूलों तक कम्यूनिकेशन नहीं पहुंच पाया हो. उनसे पूछा गया कि यह खबर सारे मीडिया में थी. सभी सरकारी स्कूल बंद थे. ज्यादातर निजी स्कूल भी बंद हैं. फिर सवाल है कि चंद निजी स्कूल प्रबंधन की तरफ से ऐसी लापरवाही कैसे हुई? उनसे यह भी पूछा गया कि सरकार ने 9वीं से ऊपर की कक्षाओं के संचालन के लिए 11.30 तक का समय निर्धारित किया है. इसके बावजूद कई निजी स्कूलों में 11.30 बजे के बाद तक कक्षाएं संचालित हो रही है. इन सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्कूल प्रबंधन से बात की जाएगी.

एक नजर

फुरकान अंसारी बने बिहार के ऑब्जर्वर

रांची। पूर्व सांसद और विधायक इरफान अंसारी के पिता फुरकान अंसारी को बिहार का ऑब्जर्वर बनाया गया है. इस संबंध में मंगलवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की ओर से लेटर जारी कर दिया गया है. पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस प्रेसिडेंट ने वर्तमान में जारी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फुरकान को पार्टी की ओर से बिहार का ऑब्जर्वर बनाने की स्वीकृत दी है.

मनी लांड्रिंग के मामले में महावीर प्रसाद रूंगटा सहित दो की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

रांची। मनी लांड्रिंग के आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया की डिस्चार्ज अर्जी पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने फैसला सुनाया है. कोर्ट ने इन दोनों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी. पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने इनके मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया था. इन दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है. ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है. दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है. दोनों पर मनी लांड्रिंग के आरोप में 2022 में केस किया गया है. महावीर रूंगटा ने 8 फरवरी को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी.

संदीप थापा और बिट्टू सिंह ठेकेदार हत्याकांड में साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। ठेकेदार शक्ति सिंह हत्याकांड के आरोपी संदीप थापा और बिट्टू सिंह समेत 6 अन्य आरोपियों को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. दरअसल 26 दिसंबर 2015 को शक्ति सिंह की हत्या गोली मारकर की गई थी. इस हत्याकांड को हरमू बिजली ऑफिस के पास अंजाम दिया गया था. जिसके बाद संदीप थापा पर होटवार जेल में रहते हुए हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा था. ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष संदीप थापा पर लगे आरोप को साबित नहीं कर पाया, जिसका लाभ आरोपियों को मिला. जिसके बाद अपराधी संदीप थापा समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त राजीव रंजन की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है. इस मामले में संदीप थापा और बिट्टू सिंह की ओर से अधिवक्ता सुनील पाण्डे ने बहस की.

झारखंड पुलिस के लिए काम कर रही कंपनियों के सैकड़ों कर्मियों को सता रहा बेरोजगारी का डर

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय समेत 24 जिलों में झारखंड पुलिस के लिए काम कर रही तीन कंपनियों के सैकड़ों कर्मियों को बेरोजगार होने का डर सता रहा है. मेसर्स वायम टेक लिमिटेड, कोफोर्ज लिमिटेड और ई कनेक्ट लिमिटेड नाम की तीन कंपनियां अनुबंध के आधार पर 13 साल से अधिक समय से झारखंड पुलिस के लिए डाटा सेंटर का कार्य कर रही हैं. तीनों कंपनियां के द्वारा झारखंड पुलिस के डाटा सेंटर, नेटवर्क मैनेजमेंट, झारखंड पुलिस वेब पोर्टल, एसपी ऑफिस सर्वर समेत कई अन्य कार्य किये जाते हैं. वायम टेक लिमिटेड का अनुबंध 30 अप्रैल को खत्म हो रहा है, जबकि दो अन्य कंपनियों का अनुबंध अगले दो महीने में खत्म हो जायेगा. झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा इन तीनों कंपनियों को सेवा विस्तार देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. सेवा विस्तार देने के संबंध में 23 मार्च को झारमंड पुलिस मुख्यालय में एक बैठक भी हुई थी, हालांकि सेवा विस्तार देने को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकला. इस वजह से इन तीनों कंपनियों के अधीन काम कर रहे करीब 100 कर्मियों को बेरोजगारी का डर सता रहा है.

रांची-हावड़ा इंटरसिटी में धुआं उठने से अफरा-तफरी

रांची। रांची-हावड़ा इंटर सिटी ट्रेन की बोगी में सोमवार को अचानक धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गयी. ट्रेन संख्या 18628 के रांची से रवाना होने के बाद जोन्हा पहुंचने पर एक बोगी से धुआं उठने लगा. जिसकी जानकारी लाइंसमैन ने रेलवे के अधिकारियों को दी. आनन-फानन में ट्रेन को जोन्हा में रोका गया. इसके बाद ट्रेन की जांच की गयी. जांच में पता चला कि बोगी में लगे व्हील के ब्रेक से धुआं निकल रहा है. इस कारण ट्रेन करीब आधा घंटे तक खड़ी रही. रेलवे के अधिकारी ने बताया कि तापमान बढ़ने के कारण ब्रेक के पास से धुआं निकल रहा था, जिसे दुरुस्त कर दिया गया. इसके बाद ट्रेन जोन्हा से आगे रवाना हुई. दक्षिण-पूर्व रेलवे के जोनल मेंबर अरुण जोशी ने रांची से राजस्थान के लिए ट्रेन चलाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि राज्य में काफी संख्या में लोग राजस्थान से हैं. वहीं रांची से राजस्थान कई लोग व्यवसाय के लिए आवागमन करते हैं. ऐसे में सीधी ट्रेन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती है. उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से ट्रेन संख्या 12825 झारखंड संपर्क क्रांति का विस्तार जयपुर तक कराने और एक साप्ताहिक ट्रेन अजमेर/ जयपुर के लिए रांची से चलाने की मांग रेलमंत्री से करने की मांग की. उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के पूर्व रांची-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस चलती थी, जो बंद हो गयी है. इस संबंध में झारखंड और राजस्थान के कई सांसदों के अलावा चेंबर आफ कॉमर्स और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखा है.

प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या मामले में पति को उम्र कैद

रांची। प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के दोषी पति ललित सिंह पूर्ति को अपर न्याययुक्त एमसी झा की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 10,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. हत्या की यह घटना गोंदा थाना क्षेत्र में 7 मार्च 2019 की है. आरोपी पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था. जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था. 7 मार्च 2019 को दोनों पति झ पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या गैस सिलेंडर से सिर पर मारकर कर दिया था. जिसकी सूचना सुबह साढ़े 5 बजे आरोपी और मृतक के बेटे को मिली थी. जिसके बाद मामले को लेकर गोंदा थाना में प्राथमिकी कराया गया था. गिरफ्तारी के बाद से आरोपी जेल में बंद है. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 7 गवाह पेश किया था. जबकि बचाव पक्ष की ओर से 2 गवाह पेश किए गए थे.

जाति धर्म व भाषा को आधार बनाकर बैठक किए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई : डीसी

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त में राजनीतिक दालों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश से अवगत कराने को लेकर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए कहा गया कि आयोग द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा प्रचार कार्यक्रम बैठक में जाति धर्म एवं भाषा को आधार बनाकर बैठक नहीं करना है इसको लेकर निगरानी का निर्देश प्राप्त हुआ है इसे सुनिश्चित करने को सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित कर दिया गया अगर ऐसा होता है तो आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन दाखिल करने का समय निर्वाचित पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ के 100 मीटर परिधि में अभ्यर्थी का केवल तीन गाड़ी ही प्रवेश कर सकेगा जबकि अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति को ही नामांकन के समय प्रवेश की अनुमति मिलेगी मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार सहायक निर्वाचित पदाधिकारी एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता वर्मा जी अशोक कुमार उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा को जोर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण : पूजा

दबंग हिंद संवाददाता

चास। रोटरी क्लब चास द्वारा डॉ एस राधाकृष्णन बीएड महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए सीपीआर प्रशिक्षण एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया मौके पर डॉक्टर एसपी वर्मा एवं डॉ निशांत वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित की गई रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा वैद ने कहा कि हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण है पूजा ने कहा कि युवाओं में दिल के दौरे के मामले मैं वृद्धि हुई है पर तुरंत और प्रभावी ढंग से सीपीआर देने से दिल का दौरा पड़ने वाले व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है इस मौके पर विद्यालय के महासचिव विनय सिंह ने कहा कि सीपीआर देकर लोगों की जान बचाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। डॉक्टर निशांत वर्मा ने कहा कि सीपीआर में प्रशिक्षित प्रत्येक व्यक्ति एक संभावित नायक बन जाता है जो किसी के जीवन पर गहरा प्रभाव डालने में सक्षम होता है डॉक्टर निशांत ने छात्रों को सलाह दिया कि वह अपने दिल को युवा और स्वस्थ रखने पर ध्यान दें सचिव डिंपल करने का की रोटरी क्लब पीड़ित मानवता की सेवा में सदैव तत्पर रहता है इस मौके पर शिक्षकों को भी इस तकनीक का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संजय बाद धनेश बांका मुकेश अग्रवाल प्रेम शंकर सिंह नरेंद्र सिंह माधुरी सिंह अर्चना सिंह मनोज चौधरी राजकुमार प्रिया नवरत्न कुमार ने सफल बनाया।

प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

दबंग हिंद संवाददाता

चास। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के पूर्व मंगलवार को चासनगर निगम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में श्रमिक शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता पर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया आने किया मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्त प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार उपस्थित थे मौके पर श्री भुवानिया ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व सामने है 25 में को बोकारो जिले में मतदान होना है शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है इसे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस क्रम में आज यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है उन्होंने श्रमिकों को मतदान के महत्व एवं लोकतंत्र की मजबूती को लेकर मतदान करने की महत्ता को बताया अन्य वक्ताओं ने मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया बिना डर और भाई के लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा मौके पर सभी श्रमिकों को मतदान करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी के नेतृत्व में श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जो निगम क्षेत्र से शुरू होकर आईटीआई मोड जाकर समाप्त हुआ इसको लेकर क्विज प्रतियोगिता कुर्सी खेल रंगोली आदि का आयोजन विद्यालय के बच्चों के बीच किया गया वहीं सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने फोटो खिंचवाई मौके पर जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश कुमार सहायक अपर नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

ईएसएल स्टील लिमिटेड ने आयोजित किया अंतर केंद्र क्विज प्रतियोगिता

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्र ट्यूटोरियल और ड्राइंग एवं एक्सेल 30 क्लासेस जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया या प्रतियोगिता कंपनी के भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ आयोजित हुआ आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अपने पाठ्यक्रम ज्ञान से पर देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है कंपनी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कल शो क्विज आदि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है क्विज प्रतियोगिता में छात्रों अभिभावक शिक्षक और स्थानीय लोगों सहित 100 लोगों से अधिक की उपस्थिति देखी गई इन लोगों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया मौके पर मोइन अंसारी प्राचार्य मनोज तिवारी पूर्व मुखिया संतु राय उपाध्यक्ष युवा किसान मोर्चा ने इसकी सराहना की इस मौके पर कंपनी के निगमित सामाजिक दायित्व ई आर और पी आर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि कंपनी हमेशा संयंत्र के आसपास के समुदाय के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मक और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं इस तरह की पाल प्रतिभा को आगे बढ़ती है उन्होंने कहा कि हमारे पूरे इतिहास में वर्तमान में और भविष्य की ओर देखते हुए कंपनी निगमित सामाजिक दायित्व पल के माध्यम से समुदाय की भलाई का समर्थन करने के लिए समर्पित है जो एक खुशहाल और संपन्न समुदाय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है पूरी प्रतियोगिता निगमित सामाजिक दायित्व के उप प्रमुख राकेश मिश्रा के देखरेख में हुई। उन्होंने कहा कि और भी आयोजन इस प्रकार के आयोजित किए जाएंगे जिससे बच्चों को विकास में मदद मिलेगी जानकारी के मुताबिक विभिन्न श्रेणियां में ग्रुप ए प्रेरणा ट्यूटोरियल पांच टीम में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल मोदीडीह ने हासिल किया दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर चंदाहा और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल कुमा टॉड ने हासिल किया ग्रुप बी में प्रथम प्रेरणा केंद्र चंडहा दूसरा स्थान प्रेरणा केंद्र सियाल जोड़ी तीसरा स्थान प्रेरणा केंद्र योगी डीह रहा। जबकि ग्रुप सी में वेदांत इएसल एक्सेल 30 सेंटर टीम रही।

नवनियुक्त जज दिवेश कुमार त्रिपाठी ने किया पदभार ग्रहण

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। दिवेश कुमार त्रिपाठी बोकारो के नए नवनियुक्त जिला जज 6 स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के रूप में आज मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने आज से अपने कोर्ट का संचालन शुरू कर दिया श्री त्रिपाठी 2019 बैच के न्यायिक पदाधिकारी हैं जिला जज में उनकी नियुक्ति 7 अगस्त 2019 को हुई थी श्री त्रिपाठी दिल्ली का रहने वाले हैं इसके पूर्व श्री त्रिपाठी जामताड़ा में जिला जज के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं आज बोकारो कोर्ट में श्री त्रिपाठी का इंडियन एसोसिएशन आफ लेयर्स की ओर से संगठन के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरी द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया बोकारो में जिला जज के रूप में पदभार ग्रहण करने पर अधिवक्ता दिनेश शर्मा शंकर प्रसाद महतो सोमनाथ से कर अतुल कुमार सृष्टिद्धार सिंह विजय कुमार ओमप्रकाश लाल संतोष कुमार अंकित ओझा वंशिका सहाय संजीत सिंह दीपिका सिंह हसनैन आलम फटक चंद्र सिंह रंजन कुमार मिश्रा निखिल डे इंद्र नील चटर्जी कमल कुमार सिन्हा सुनील चांडक ने बधाई दी।

रणक्षेत्र बना कथारा वाशरी रोड सेल की भागीदारी

चला लात-घुस्सा, एक घायल

दबंग हिंद संवाददाता

बांध कथारा। सीसीएल का कथारा वाशरी में चल रहे अवैध उगाही में हिस्सेदारी को लेकर वाशरी रोड सेल में सोमवार को एक ही गुट के दो पक्ष अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी की मांग को लेकर आपस में भिड़ गए। विवाद में जमकर लात घुस्सो का प्रयोग किया गया, जिससे एक के घायल होने की सूचना है। बताया जाता है कि मारपीट की घटना की सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पहुंचे कथारा ओपी प्रभारी जितेश कुमार ने हालात को संभालते हुए दोनों पक्षों को कांटा घर से हटा दिया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक रोड सेल पूरी तरह बाधित रहा। घटना को लेकर दोनों पक्षों के दर्जनों लोग कथारा ओपी पहुंच कर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे थे। बताया जाता है कि रोड सेल व्यवस्था से स्थानीय ग्रामीण विस्थापित को मिलने वाली राशि का सही से बटवारा नहीं होने के कारण संगठन दो फाड़ में बट गया। रोड सेल के चालू होने के साथ ही आपसी सहमति बनाने को लेकर सोमवार को वाशरी परिसर में दोनों पक्षों की बैठक चल रही थी। इसी बीच हिस्सेदारी और भागीदारी को लेकर मामला तूल पकड़ने लगा और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गयी।

तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम के द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी

दबंग हिंद संवाददाता

तेनुघाट। बोकारो प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर मगंलवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल की अगुवाई में पैनल अधिवक्ता, पीएलवी के साथ बैठक कर ट्रेनिंग प्रोग्राम में कई बातों की जानकारी दी गई । श्रीमती अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत के लिए लोगों को जागरुक कर मुकदमों को समाप्त करने के बारे में उचित सलाह दिया जाए ताकि वह अपना मुकदमा समाप्त कर सके । सभी को यह जानकारी है की प्रति महीना मासिक लोक अदालत एवं 3 महीना में एक बार राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाता है । जिसमें समझौता के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित पैनल अधिवक्ता और पीएलवी के सदस्यों ने अपने कार्य को सुचारू रूप से करने की बात कही। बैठक में सुभाष कटरियार, इम्तियाज आलम, दीपक चंद्र गुप्ता, चंद्रदेव मांझी, विष्णु मिश्रा, सुनीता सिन्हा, कृष्णा रजक, मदन कुमार प्रजापति, काजल कुमार, संजय प्रजापति, लालदेव केवट, जीतेंद्र कुमार महतो, संतोष कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

निर्दलीय प्रत्याशी उषा सिंह ने गिरिडीह लोकसभा सीट से किया नॉमिनेशन

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से डॉ. उषा सिंह ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर लिया है। बोकारो उपायुक्त कार्यालय सभागार में निवार्ची पदाधिकारी विजया याधव के समक्ष अपना नामांकन पर्चा भरा। फुसरो की रहने वाली डॉ. उषा सिंह पेशे से महिला चिकित्सक हैं। डॉ. उषा सिंह भाजपा की नेत्री थी। गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू पार्टी के खाते में चले जाने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़ कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में गिरिडीह से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की। मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर उषा सिंह ने कहा कि वह आज भी नरेंद्र मोदी की तारीफ करती हैं। नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन जिस प्रकार से गिरिडीह लोकसभा के सांसद ने गिरिडीह क्षेत्र की अपेक्षा की है। यही कारण है कि उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। गिरिडीह की समस्या अगर नरेंद्र मोदी भी जानेंगे तो उनका दिल छल्ली हो जाएगा। क्योंकि पलायन कोलियारियों की स्थिति और डीवीसी की स्थिति काफी खराब है।

राहगीरों के लिए प्याऊ व्यवस्था कॉलेज कैम्पस में

दबंग हिंद संवाददाता

जारंगडीह। राष्ट्रीय सेंवा योजना इकाई ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एस एन एसयूनिट 1 में गर्मी से निजात के लिए राजगीरों के लिए व्यवस्था की। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा पानी को व्यर्थ न बहाएं। भीषण गर्मी मे यही लोगों और पौधों जीव जंतुओं की प्यास बुझाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवम मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, समेत पुरुष व महिला स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

भामाशाह की पुण्यतिथि संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

गोमिया। भामाशाह तैलिक धर्मशाला गोमिया में सोमवार को दानवीर भामाशाह की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दानवीर भामाशाह के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. तत्पश्चाप उपस्थित लोगों ने दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डाला. लोगों ने कहा कि मुगल काल में अकबर के साथ महाराणा प्रताप की लड़ाई चल रही थी, उसी समय महाराणा प्रताप उस लड़ाई में आर्थिक रूप में कमजोर पडते दिखाई दे रहे थे, उसी वक्त भामाशाह ने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान कर दिया था. इसी के बाद से उन्हें दानवीर की उपाधि दी गई और उसी के बाद से उन्हें दानवीर भामाशाह कहा जाने लगा. मौके पर धर्मशाला के सचिव राजकुमार प्रसाद सहित बलदेव साव,प्रयाग साव , बिपिन कुमार,राजू प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, शंकर प्रसाद, भोला साव, युगल प्रसाद, राकेश कुमार, रविंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, बिगन नायक, भुनेश्वर साव, दुलाल प्रसाद, अनिल प्रसाद, अशोक साव आदि शामिल थे।

चार सेवानिवृत्त को दी गई विदाई

दबंग हिंद संवाददाता

बेरमो। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जीएम ऑफिस सभागार में चार सेवानिवृत्त कर्मियों को बुधवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई ।सेवानिवृत कर्मचारियों को मुख्य अतिथि कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ,एसओपी जयंत कुमार एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने शाल ओढ़ाकर, ,मोमेंटो, श्रीफल प्रदान किया इस मौके पर कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने कहा नौकरी करने वाले हर किसी को एक न एक दिन सेवा से मुक्त होना पड़ता है। अध्यक्षता एसओपी जयंत कुमार जबकि संचालन एमटी सूर्यप्रताप सिंह ने किया मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि की ओर से समसुल हक ,पीके जसवाल ,राजू स्वामी ,कमोद प्रसाद ,निजाम अंसारी ,अनमोल मुरमुर ,विक्की पासवान,खुबाली मंडल एवं जीएम ऑफिस के कर्मी के रूप में विक्की पासवान प्रदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर

कुल 12 ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना सोमवार को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया हालांकि पहले दिन केवल नामांकन पर पत्रों की खरीदारी की गई नामांकन प्रपत्र किसी ने भी दाखिल नहीं किया जिला निर्वाचन पदाधिकारी निर्वाचित पदाधिकारी गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र ने कहा कि पहले दिन 9 और दूसरे दिन तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से खरीदा गया है खरीदने वालों में धनबाद जिला निवासी द्वारिका प्रसाद मथुरा प्रसाद महतो कलावती देवी मुरलीधर यादव कृष्ण प्रसाद महतो वर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी रामेश्वर दुसाध प्रमोद राम एवं उषा सिंह सहित अन्य तीन ने नामांकन प्रपत्र खरीदा।

तेजी से बढ़ रहा गर्म हवा लू का प्रकोप, बरते सावधानियां : जाधव

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। जिले में गर्म हवा लू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसके कारण छोटी-छोटी सावधानी नहीं बरतने से जान माल के क्षति की संभावना बनी रहती है गर्मी के मौसम में सरकारी निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय कॉलेज के छात्र मनरेगा एवं संस्थानों में कार्य करने वाले श्रमिक एवं अन्य लोगों पर भी इसका ज्यादा असर पढ़ने की संभावना रहती है इसको लेकर उपयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश एवं आम जनों क्या करें इसको लेकर अपील जारी की है। डीसी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है की हिट वेब से बचाव के लिए सदर अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस एवं आवश्यक दवाई उपलब्ध रखेंगे तथा जिले के सभी प्राइवेट अस्पताल में भी उपलब्धता रखने का निर्देश जारी किया गया है जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक को जिले के सभी सरकारी निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं कॉलेज के बच्चों को हीट वेव से बचाव के लिए ओआरएस एवं आवश्यक सामग्री विद्यालय में उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसी प्रकार उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतदाताओं को हीट वेव से बचाव के लिए मतदान केंद्र पर ओआरएस ठंडा पानी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता करते हुए छाया की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है वहीं अपर नगर आयुक्त कार्यपालक पदाधिकारी को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में हीट वेव से बचाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है इसके अलावा लोक उपक्रम एन जी ओ एवं सक्रिय संस्थान को चौक चौराहा रेलवे स्टेशन बस बड़ा रेन बसेरा इत्यादि स्थल पर शुद्ध ठंडा पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है वहीं जिला पंचायती राज पदाधिकारी अपर समाहर्ता जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता पर जल एवं स्वच्छता प्रमंडल जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को हीट वेव से बचाव का उपाय करने का निर्देश दिया गया है।

इंटरमीडिएट के परीक्षा फल में राम रुद्र उच्च विद्यालय के 95.61 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल

दबंग हिंद संवाददाता

चास। जिला राम रुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास के विद्यार्थियों ने वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में बेहतर प्रदर्शन किया है जानकारी के मुताबिक विज्ञान संकाय में कल 114 छात्र-छात्र शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी से 108 द्वितीय श्रेणी से एक विद्यार्थी सफल रहे परीक्षा का प्रतिशत 95.61% रहा दी गई जानकारी के मुताबिक विद्यालय के टॉप 5 छात्रों में दीपक बावड़ी ने 92.02% प्रेरणा कुमारी ने 90.6% गोलू कुमार 89.6% मुकेश कुमार 89.4% तथा संजना मिश्रा ने 87.6% अंक प्राप्त किया है इसी प्रकार वाणिज्य संख्या में कल 69 परीक्षार्थी में प्रथम श्रेणी से 62 द्वितीय श्रेणी से 6 ने सफलता प्राप्त की है परीक्षाफल का प्रतिशत 98.55% रहा कक्षा के टॉप छात्रों में कृष कुमार अंजलि कुमारी मुस्कान कुमारी मंगलदीप मंडल रुचि रानी ने बेहतर प्रदर्शन किया है इसी प्रकार कला संकाय में कुल 277 परीक्षार्थियों में 166 प्रथम श्रेणी 106 द्वितीय श्रेणी तथा तीन विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं परीक्षाफल का प्रतिशत 99.63% रहा विद्यालय के आकाश कुमार पिंकी कुमारी कांति कुमारी सूरज कुमार अनुपम कुमारी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में अपनी भूमिका निभाई है।

महावीर जी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। झारखंड आदि विद्या परिषद द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा परिणाम में चास प्रखंड के बिजोलिया स्थित महावीर जी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा कला संकाय में 351 में से 303 उतरन हुआ है अर्थात 95% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 70 बच्चे प्रथम श्रेणी 255 छात्र द्वितीय श्रेणी वहीं पांच छात्र तृतीय श्रेणी से उतरन हुआ है जबकि विज्ञान संकाय में 88% विद्यार्थी उतरेनू वह है जिसमें 17 प्रथम श्रेणी 13 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तर में है इस प्रकार वाणिज्य संख्या में 92% विद्यार्थी सफल हुए हैं जबकि 6 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं वहीं 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उतार हुआ है कला संकाय में संदीप कुमार हजर 406 अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर बना विज्ञान संकाय में रोशन सिंह ने 410 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया वहीं वाणिज्य संख्या में पायल कुमारी ने 392 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप स्थान हासिल किया।

रुपए के लेनदेन व जमीन खरीद बिक्री के मामले में पत्थर से कुचकर एक की हत्या

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो सिटी। हरला थाना अंतर्गत सेक्टर 9 स्ट्रीट 26 के समीप 34 वर्षीय व्यक्ति ज्योति लाल चौधरी की हत्या पत्थर से मारकर कर दी गई बताया जाता है कि मृतक सेक्टर 9 तीन स्ट्रीट का निवासी है इस संदर्भ में हरला थाना के इंस्पेक्टर अनिल कच्छाप के मुताबिक इस घटना को रूपए पैसे के लेनदेन और जमीन की खरीद बिक्री में हुए आपसी विवाद के बाद दिया गया है उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद इस मामले में संयुक्त राजेश कुमार एवं नागेंद्र कुमार नामक व्यक्ति फरार हो गया है पुलिस उसकी तलाश कर रही है उन्होंने बताया कि मृतक नागेंद्र कुमार के घर पर जाकर पैसे की मांग की थी इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था इसी दौरान नागेंद्र के भाई राजेश कुमार एवं अन्य वहां पहुंचा और सभी ने मिलकर पीट-पीट कर उसे अधमरा कर दिया इसके बाद जमीन पर वह गिर गया और पत्थर से उसे पर कई बार वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया परंतु इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जॉइंट सेक्रेटरी व खेल शिक्षक को ट्रेडिशनल कराटे के अध्यक्ष ने दी बधाई

दबंग हिंद संवाददाता

चास। बोकारो ट्रेडिशनल कराटे काउंसिल के द्वारा झारखंड चैप्टर फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संगठन युवा मामले खेल मंत्रालय भारत सरकार की बैठक में बोकारो के खेल शिक्षक संतोष कुमार को उपाध्यक्ष एवं जॉइंट सेक्रेटरी खेल शिक्षक धर्मवीर गुप्ता को बनाए जाने पर ट्रेडिशनल कराटे मार्शल आर्ट बोकारो का अध्यक्ष संजय सोनी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की श्री सोनी ने कहा कि बोकारो में खेल का विकास हो खिलाड़ियों को एक नया प्लेटफार्म मिले प्रतिभावान खिलाड़ी आगे बढ़े इस दिशा में प्रयास होना चाहिए।

तीन पदाधिकारी को दी गई विदाई

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। हां जिला जज तृतीय राजीव रंजन जिला चतुर्थ योगेश कुमार सिंह एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री मीनाक्षी वर्मा को इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स की ओर से संगठन के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रंजीत गिरी ने गुलदस्ता देकर न्यायिक अधिकारियों को विदाई दी मालूमों की तीनों पदाधिकारी का बोकारो से देवघर रांची और गिरिडीह तबादला हो गया है आज तीनों न्यायिक पदाधिकारी ने अपना-अपना पदभार देकर बोकारो से रवाना हुए अधिवक्ताओं ने उनसे मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई देश मौके पर दिनेश शर्मा अंकित ओझा शंकर प्रसाद महतो संतोष कुमार सोमनाथ शेखर अतुल कुमार संजीत सिंह दीपिका सिंह अत्यधिक अधिवक्ता उपस्थित थे।

न्यायिक पदाधिकारी ने की पीएलबी के साथ बैठक

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के कार्यक्रम के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने एलएडी सी एस के सभी सदस्य एवं जिले में प्रतिनियुक्ति पीएलवी के साथ बैठक कर अप्रैल महीने में किए गए कार्यों का बुरा लिया तथा मई महीने में कार्य के लिए उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया।

कांग्रेस के 5 न्याय और पच्चीस गारंटी से बदलेंगे देश के हालात : सतपाल

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला कांग्रेस प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने आज अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा लांच घोषणा पत्र के पांच न्याय व पच्चीस गारंटी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच न्याय व पच्चीस गारंटी से देश के हालात बदलेंगे। इस बार धनबाद लोकसभा की लड़ाई भाजपा और कांग्रेस की नहीं है, बल्कि यह आम जनता की लड़ाई है, जो चाहते हैं कि अनुपमा सिंह यहां की सांसद बनें। वे युवा, अनुभवी तेज-तर्रार व प्रतिभाशाली शिक्षित महिला हैं, जिसके पास धनबाद के विकास का विजन है। इसके लिए वे लगातार कड़ी धूप में जनता के बीच पहुंचकर जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों की समस्याओं से अवगत हो रही हैं और आश्वस्त कर रही हैं कि निश्चित रूप से धनबाद की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण सच्चे मन और समर्पित भावना के साथ करेंगी। जनता का आशीर्वाद मिला, तो वे भय मुक्त समाज की संरचना करेंगी, जो उनकी सोच व कार्यशैली को दर्शाता है। श्री ब्रोका ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनना पर एक लाख शिक्षित युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार मिलेगा, तीस लाख सभी खाली पद कैलेंडर के अनुसार भरें जायेंगे, पेपर लीक रोकने के लिए नये कानून और नीतियां बनेंगी, गिग वर्कर यानि जोमैटो, स्विग्गी के ऑनलाइन डिलीवरी ब्वाय के लिए बेहतर काम-काजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, युवाओं के लिए पांच करोड़ का नया स्टार्टअप फंड जारी होगा, हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए यानी हर महीने आठ हजार सौ रुपए लगभग मिलेंगे, केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण होगा, आशा मिड डे मील और आंगनबाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी दुगने सरकारी योगदान से दी जायेगी, महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार सहेली हर पंचायत में कार्यरत होगी। कामकाजी महिलाओं के लिए, सावित्री बाई फुले हॉस्टल की संख्या दुगनी की जाएगी तथा हर जिले में कम से कम एक हॉस्टल होगा, किसान न्याय के तहत फसल का सही दाम, एमएसपी को कानूनी दर्जा, स्वामीनाथन फार्मूले के अनुसार कर्ज माफी आयोग का गठन, बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर, फसल के नुकसान पर तीस दिनों के अंदर किसानों के खातों में सीधा पैसा ट्रांसफर होगा। उन्होंने कहा कि श्रम का सम्मान करता हुए चार सौ रूपए कम से कम मजदूरी, सबको स्वास्थ्य का अधिकार, पच्चीस लाख का हेल्थ कवर, मुफ्त इलाज की व्यवस्था, शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी योजना, रोजगार गारंटी अधिनियम, असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद, सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति व हर वर्ग की गिनती, संवैधानिक संशोधन द्वारा 50 प्रतिशत सीमा हटाकर एससी/एसटी व ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक मिलेगा। मौके पर मनोज हाड़ी, डीएन यादव, शब्बीर अली, सरिता दीदी, बिजेंद्र कुमार, राजेंद्र पासवान, प्रकाश भारती, सुरेंद्र, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

सेल की बंद जीतपुर कोलियरी शीघ्र खुलवाने की मांग

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी की एकमात्र भूमिगत खदान में जल रिसाव के बाद डीजीएमएस द्वारा खदान को बंद करने के मुद्दे पर आज संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने कोलियरी परिसर में बैठक कर खदान अविलंब नहीं खुलवाने पर प्रबंधन को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक के बाद मोर्चा के सचिव सचिन सिंह ने पत्रकारों से कहा कि जीतपुर में उच्च गुणवता का कोयला है। टाटा प्रबंधन की साजिश एवं डीजीएमएस की लापरवाही से जीतपुर खदान में जल रिसाव के बाद खदान बंद की गयी है। उन्होंने खदान में भारी पैमाने पर हो रहे जल रिसाव को देखते हुए बागडिगी एवं चासनाला खदान जैसी दुर्घटना होने की आशंका जतायी तथा टाटा प्रबंधन पर राष्ट्रद्रोह का केस करने की मांग की है। जेएमएस बच्चा गुट के नेता विकाश सिंह टोनी ने कहा कि टाटा की 6/7 नंबर खदान को बंद करने के बाद टाटा प्रबंधन ने प्रावधान से हटकर खदान में पंपिंग कार्य को बंद कर दिया, जो राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है। पंपिंग कार्य बंद करने के मामले को डीजीएमएस ने पहले गंभीरता से नहीं लिया और अब उन्होंने अपनी गर्दन बचाने के लिए खदान बंद कर दी है। बीएमएस के महामंत्री प्रह्लाद कुमार दुबे ने कहा कि जीतपुर खदान बंद होने से यहां के लगभग एक हजार मजदूरों में बेरोजगारी बढ़ेगी, जिसका सीधा असर आस-पास के बाजारों पर पड़ेगा। मोर्चा के नेताओं ने कोलियरी प्रबंधन द्वारा पंद्रह दिन के अंदर खदान को चालू करने की पहल नहीं करने पर मोर्चा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष अमरजीत पासवान, इस्लाम, रमन मिश्रा, केके राय आदि उपस्थित थे।

एक नजर

शिक्षाविद् के निधन से शोक की लहर

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा के 55 वर्षीय चचेरे भाई वरिष्ठ शिक्षक प्रह्लाद प्रसाद का निधन आज उपचार के दौरान कोलकाता के बीएम बिड़ला अस्पताल में हो गया। विगत एक सप्ताह से उनका पेट में संक्रमण का उपचार चल रहा था। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड गये हैं। इनके आकस्मिक निधन पर पूर्व मंत्री आबो देवी, विकास परिषद के सचिव सुनील सिंह, राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार ने गहरा शोक एवं हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। नेताद्वय ने कहा कि श्री प्रसाद का असमय जाना शिक्षा जगत के लिए एक युग का अंत है। वे मृदुभाषी, व्यवहार कुशल व शिक्षाविद् के रूप मे जाने जाते थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं उनके चाहने वाले को इस दुख की घड़ी मे धैर्य प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में राजद पूर्व के महानगर अध्यक्ष मंसूर आलम, गरीब उत्थान एजुकेशनल फाउण्डेशन के सचिव प्रवीण कुमार विश्वकर्मा, बढ़ई कल्याण संस्थान के सचिव रंजीत शर्मा, सीताराम यादव, रंजन शर्मा, प्रेम किशोर विप्लवी, रवींद्र वर्मा, मदन तांती के अलावा अन्य शामिल हैं।

आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगी कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। धनबाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी नामांकन करने लगे हैं। झरिया नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजीव पांडेय ने धनबाद लोकसभा के लोगों से अपील कर कहा है कि बुधवार 1 मई को कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह के नामांकन पर लाखों की संख्या में मेमको मोड़ स्थित समाहरणालय में पहुंचकर नामांकन को भव्य तथा यादगार बनायें। उन्होंने बताया कि श्रीमती अनुपमा सिंह के नामांकन के बाद संध्यामें गोल्फ ग्राउंड धनबाद में इण्डिया गठबंधन के नेताओं द्वारा विशाल जनसमूह को संबोधित किया जायेगा। श्री पांडेय ने सभी छह विधानसभा के लोगों से नामांकन स्थल पर पहुंचकर न्याय की आवाज बुलंद करने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने दाखिल किया नामांकन प्रपत्र

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा समेत कई दिग्गज नेता उपस्थित थे। नामांकन के बाद पार्टी प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेताओं ने मेमको मोड़ से लेकर गोल्फ ग्राउंड तक रोड शो किया और गोल्फ ग्राउंड में जनसभा की। मालूम हो कि ढुल्लू महतो बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2009 में 19,960 वोटों के अंतर से जीते उर 2014 तक झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के विधायक रहे। 2014 में 29,623 वोटों के अंतर से चुनाव जीते तथा 2019 तक भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे। 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के टिकट मात्र 824 वोट से जीते थे।

निर्दलीय प्रत्याशी डा॰ शत्रुघ्न मंडल के पक्ष में बैठक संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। अररिया लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ शत्रुघ्न मंडल के पक्ष में मतदान को लेकर देवनंद मंडल के नेतृत्व में बैठक की गयी। बैठक में वंचित मुक्ति मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामशीष चौहान उपस्थित हुए। श्री चौहान ने कहा कि आज तक हमारे समाज के लोग राजनीतिक दल के आह्वान पर वोट देते रहे हैं। इस बार वंचित समाज के लोग अपने दिल के आह्वान पर वोट करें, ताकि वंचितों का उत्थान हो सके। गरीब व वंचितों का दर्द राजनीतिक पार्टियां नहीं देखती हैं। वे सिर्फ जनता का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि अररिया लोकसभा क्षेत्र का भ्रमण करने पर जाना कि वंचितों की स्थिति अभी भी जस की तस है। वंचितों का उत्थान तथा विकास चाहते हैं, तो वोट की चोट देकर राजनीतिक पार्टियों को अपनी उपस्थिति का एहसास करायें। मौके पर रामानंद सादर, दिनेश सादर, सुरेश मंडल, प्रमोद मंडल, सुनील राय, उपेंद्र मंडल, श्याम मंडल, सीताराम मंडल, भारत शर्मा, नंद लाल मंडल आदि उपस्थित थे।

ट्रक में पीछे से बस की टक्कर से दो की मौत

एक दर्जन से अधिक यात्री घायल, दो गंभीर

दबंग हिंद संवाददाता

तोपचांची। आज अहले सुबह तोपचांची थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के कोटालअड्डा स्थित ओवरब्रिज पर कोलकाता के बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही राज बस ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी। घटना में बस चालक की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि एक यात्री की मौत इलाज के दौरान हो गयी। जख्मी यात्रियों का इलाज धनबाद के एसएनएमएमसीएच चल रहा है। बस चालक की पहचान पटना के हाजीपुर निवासी राजगीर कुमार के रुप में हुई है, जबकि मृत यात्री की पहचान बंगाल के विभीषण मंडल के रूप में की गयी है। यात्रियों ने बताया कि राज बस कोलकाता के बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही है। वर्धमान में यात्रियों को खाना खिलाने के बाद बस चालक बस को काफी तेज गति से भगा रहा था। घटना के बाद बस में सवार सभी लोग नीचे गिर गये। बस पूरी तरह सवारी से भरी थी। काफी देर तक चालक का शव बस में फंसा रहा। टक्कर काफी जबरदस्त होने के कारण बस का अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक के पीछे घुसने से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस व एनएच कर्मियों की मदद से मृत चालक को बाहर निकाला। बस में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर रुप से जख्मी लोगों को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है। तोपचांची पुलिस घटनास्थल स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। दूसरी घटना हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पावापुर स्थित एनएच में हुई, जहां टायर ब्लास्ट होने से बकरी लदा पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक व उप चालक को गंभीर चोट आई है। दोनों को एंबुलेंस से धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। बकरी बिहार के औरंगाबाद से धनबाद के झरिया जा रही थी। घटना के बाद हरिहरपुर पुलिस जांच में जुट गयी है।

बिजली पोल क्षतिग्रस्त से विद्युत-जलापूर्ति बाधित

दबंग हिंद संवाददाता

भौंरा। पूर्वी झरिया क्षेत्र के मोहलबनी ओबी डंप के समीप सुदामडीह फायर व एक्स पैच के ओबी डंप की चपेट में आकार जेलगोरा विद्युत सब स्टेशन से भौरा पावर हाउस तक आने वाली हाई वोल्टेज बिजली के दो पोल बीती रात्रि 12 बजे क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण सोमवार की रात से भौंरा, गौरखूंटी सहित अन्य जगहों की आबादी भीषण गर्मी में रहने को मजबूर है, जबकि पोल मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। शाम तक ठीक होने का अनुमान जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात वोल्वो वाहन के धक्के से पोल क्षतिग्रस्त हुए थे। इस कारण जलापूर्ति भी बाधित हो गयी।

प्रथम जूडो बेल्ट टेस्ट का भव्य आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। प्रथम जूडो बेल्ट ग्रेडेशन का शानदार आयोजन डीएवी कोयला नगर में किया गया। धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि भारतीय जूडो महासंघ के निर्धारित सिलेबस के अनुसार बेल्ट टेस्ट लिया गया, जिसमें धनबाद के विभिन्न स्कूल व क्लबों से चयनित 73 जूडोका सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि डीएवी कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव थे। ग्रेडेशन में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, धनबाद मार्शल आर्ट सेंटर आदि के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। झारखंड जूडो संघ के आदेशानुसार पप्पू कुमार ब्लैक बेल्ट सानदान, सुदीप चक्रवर्ती ब्लैक बेल्ट सोदान, आरती कुमारी ब्लैक बेल्ट सोदान व राहुल शर्मा ने खिलाड़ियों का टेस्ट लिया। उत्तीर्ण जूडोकाओं में ब्राउन बेल्ट पलक परमा, आरती कुमारी, नीरज मंडल, राहुल कुमार व शशांक शुक्ला, ब्लू बेल्ट रेड स्ट्रिप में रणवीर ठाकुर, अदिति गुप्ता, संजीव कुमार भारती, निकिता मंडल, आदित्य गुप्ता, ग्रीन बेल्ट रेड स्ट्रिप में पियूष कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमारी, आदित्य गुप्ता, आयुष कुमार सिंह, शुभम कुमार यादव, ऑरेंज बेल्ट रेड स्ट्रिप में तेजस सिंह, येलो बेल्ट लड़कियों में रेयना जालुका, अनुप्रिया लाल, सिद्धि कश्यप, विशाखा कुमारी, अंजलि कुमारी, उर्वी चक्रवर्ती, सीता कुमारी, कोमल कुमारी, सिद्धि तरवे, पूजा कुमारी, अनुषिका, कृत्तिका कुमारी, जयंतिका दास तथा लड़कों में युवराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, शाहिल महतो, संस्कार, आदर्श राज, कृष कुमार हरि, अंशु मंडल, आर्यमन, अरन्व सिंह, अंश सिंह, शिवम विश्वकर्मा, हम्माद, गुरकिरत सिंह, समीर कुमार, आदर्श शर्मा, विवेक कुमार, कुश कुमार, माही कुमार गुप्ता, आयुष कुमार, रूद्र प्रताप सिंह, युवराज सिंह, अभिषेक बनर्जी, आराध्य सिंह, कुशाग्र कश्यप, युवराज कुमार शर्मा, आतिफ हुसैन, आरव आर्या, प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, संकेत सेन, मोहित कुमार ठाकुर, मयंक कुमार रवानी, लक्की अग्रवाल, भावेश गांधी, रुद्र प्रताप झा, श्लोक तरवे व अन्य शामिल हैं। सभी उत्तीर्ण खिलाड़ीयों को झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी, महासचिव परीक्षित तिवारी, धनबाद जिला जूडो संघ के अध्यक्ष सैयद मतलूब हासमी, राजकमल के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, डीएवी कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच की प्राचार्या पूर्णिमा शील, विनय रिटोलिया, तोराब खान, दिनेश मंडल, पंचम लाल शर्मा, संजय रवानी, अरूण कुमार, गणेश कुमार सिंह, मनोज सिंह ने बधाई दी है।

नदी में डूबे सूरज का शव मिला



दबंग हिंद संवाददाता

भौंरा। झरिया के घनुडीह पेट्रोल पंप के समीप के रहने वाले अनिल रवानी के पुत्र सूरज रवानी का शव घटना के दूसरे दिन आज करीब 12 घंटे के बाद दामोदर नदी घटना स्थल से करीब 60/70 फिट की दूरी पर पानी में तैरता देखा गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्डम में धनबाद भेज दिया। शव मिलते ही मोहलबनी से लेकर घनुडीह तक मृतक सूरज के परिजनों में कोहराम मच गया। चारों ओर चीख-पुकार से माहौल काफी गमगीन हो गया। लोग मृतक के परिजन को ढांढस बंधा रहे थे। मालूम हो कि सोमवार को अनिल रवानी अपनी मां के निधन के बाद पुत्र सूरज रवानी व परिजनों के साथ शव के अंतिम संस्कार के लिए दामोदर नदी किनारे मुक्ति धाम आया था। सूरज अपनी दादी का शव जलाने के बाद एक दोस्त के साथ स्नान करने के लिए नदी के दूसरे छोर पर गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चल गया, जबकि उसका दोस्त किसी प्रकार पानी से बाहर निकलने में कामयाब रहा।

इंटर की परीक्षा में बीबी महतो महिला कॉलेज मदैयडीह का उत्कृष्ट प्रदर्शन

देवी कुमारी | प्रिया कुमारी | प्रिया कुमारी | राखी कुमारी

दबंग हिंद संवाददाता

तोपचांची। आज दोपहर में इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें तोपचांची प्रखंड के सुदूर गांव की बच्चियों ने बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय मदैयडीह के साथ पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। टुंडी विधायक सह कॉलेज के सचिव मथुरा प्रसाद महतो, प्राचार्य उत्तम महतो सहित कॉलेज के शिक्षकों ने सफल छात्राओं को बधाई दी है। इस वर्ष कला संकाय में कुल 236 छात्राओं में प्रथम 149, द्वितीय 75 तथा तृतीय स्थान पर 12 रही। इस प्रकार 95 प्रतिशत परिणाम रहा। वाणिज्य संकाय में कुल 5 छात्राओं में प्रथम 4, द्वितीय 1 तथा तृतीय स्थान पर एक छात्रा रही। कला संकाय में प्रथम स्थान पर दो छात्रा, द्वितीय प्रिया एक तथा तृतीय एक छात्रा रही। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर अंसारी यासमीन अनवर 345 अंक, द्वितीय जैनब परवीन 341 अंक और तृतीय रुख्सार बेगम ने 321 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

3 को सुनैना किन्नर के नामांकन में शामिल होंगी किन्नर कौशल्यानंद गिरि

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एकमात्र किन्नर प्रत्याशी सुनैना आगामी 3 मई को नामांकन करेगी। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और आगामी 3 मई वह नामांकन करेगी। सुनैना किन्नर के नामांकन में उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंडलेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम की ब्रांड एंबेस्डर कौशल्या नंद गिरि किन्नर भाग लेंगी। उनकी स्वागत की तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रहा है। नामांकन के दौरान बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से किन्नर समाज तथा सामाजिक संस्था के लोग उपस्थित रहेंगे।

एनडीए के भाजपा प्रत्याशी का क्षेत्र भ्रमण

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के क्षेत्र भ्रमण में ग्रामीणों में भारी जोश व उत्साह दिख रहा है। इस दौरान दिलीप वर्मा ने कार्यकताओं से मुलाकात की तथा परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन प्रसाद वर्मा, गांडेय विधानसभा संयोजक अरूण हाजरा, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजू मंडल , मंडल उपाध्यक्ष सुरेंदर लोहनी, मुखिया प्रतिनिधि देबू वर्मा, सत्यनारायण यादव, विनोद यादव, बलराम गोस्वामी, प्रदीप पांडे, डालो मियां, नरेश वर्मा, किशोरी वर्मा, लोकनाथ वर्मा, भूषण वर्मा, रिंकु वर्मा, देवेंद्र वर्मा, विनोद वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

ढुल्लू महतो के नामांकन सभा में पहुंचे राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शामिल हुए। ढुल्लू महतो ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, गिरिडीह के एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी सहित कई नेता उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में निकली रैली

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने आज नामांकन किया। इस दौरान धनबाद लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता रैली के साथ समाहरणालय पहुंचे। मनईटांड़ गोल बिल्डिंग के समक्ष बैंक कॉलोनी से रवि सोनी के नेतृत्व में उनके समर्थक पहुंचे तथा संकल्प लिया कि ढुल्लू महतो को जीत दिलाकर उन्हें दिल्ली भेजा जाएगा। इसके लिए वे प्रतिदिन सुबह कार्यकताओं के साथ लोगों के घर-घर जाकर ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसमें मार्गदर्शक के तौर पर भुटका यादव का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर रिंकु सोनी, विकेश भगत, सोनू सिंह, राहुल कुशवाहा, राकेश सिंह, गोलू कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

संकुल के शिक्षकों की बैठक संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

गिरिडीह। बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज गिरिडीह संकुल की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं रामरतन महर्षि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बरगंडा संकुल अंतर्गत चलने वाले विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य व दीदी ने बैठक में भाग लिया। ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिए अहम कड़ी है। बैठक में बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया और संकुल के विषय प्रमुख तय किये गये। रामरतन महर्षि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में आचार्य व दीदी सर्वोत्तम माध्यम हैं। हम उत्सवधर्मी लोग हैं। इन्हीं उत्सवों की कड़ी में आगामी लोकसभा चुनाव भी उत्सव के रूप में हमारे सामने है। हम छोटी बैठक कर लोगों को मतदान करने के महत्व को बता सकते हैं। अपने कर्म को ईमानदारी से करना ही असली धर्म है। वर्तमान समय में हमारे लिए भी एक ऐसा कर्म है, जिसमें हमें फिर से राष्ट्रवादी विचारधारा वाले दल का समर्थन करना है और यह तभी संभव है, जब हम स्वयं मतदान कर औरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। मौके पर प्रधानाचार्य जीतन पंडित, विनोद पांडेय, प्रमोद कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेंद्र लाल बरनवाल एवं विभिन्न विद्यालय के आचार्य व दीदी उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता ललन चौबे भाजपा में शामिल

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो द्वारा आज नामांकन के बाद धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में हुई सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललन चौबे ने भाजपा का दामन थाम लिया। इसके पहले उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। धनबाद से अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का वे विरोध कर रहे थे। इस्तीफा देने के बाद आज वे भाजपा में शामिल हो गये। मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें भाजपा में शामिल कराया। ललन चौबे कांग्रेस के पुराने नेता रहे हैं।

विनोद सिंह गरीब लड़कियों की शादी में कर रहे मदद

दबंग हिंद संवाददाता

तिसरा। हर परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए विनोद सिंह अपने क्षमता अनुसार लगातार सहयोग कर रहे हैं। चाहे किसी गरीब लड़की के शादी, जरूरतमंद को रक्त की जरूरत हो या गरीब छोटे बच्चों को अस्पताल में मदद पहुंचाने का काम हो। मानव धर्म के कार्य में हरिओम सेवा संस्था तथा उनके सदस्यों द्वारा लगातार काम करने का प्रयास जारी हैं। चांदमारी की मांझी बस्ती में एक गरीब लड़की के शादी में संस्था के विनोद सिंह द्वारा 5000 रुपए सहयोग राशि और कुछ राशन देकर मदद की। उन्होंने लड़की के सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया और मानव धर्म निभाया। मौके पर संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभाष पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, राणा प्रताप सिंह, सचिव हारु बाउरी, राजा सिंह, बबलू बाउरी, संजय रावत, अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान, अभय दीक्षित, अमित सोंडा, अमित बनर्जी, मुकेश, दिनेश, अनिल, आमोद, चंदन, रंजीत महतो पिंटु, रंजीत, विजय, अविनाश महतो, संचिता साहा आदि ने बच्ची को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।

जेएसएलएम डीएवी कॉलेज का इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आज इंटर के तीनों संकाय का परीक्षाफल जारी किया गया। शालीमार स्थित जेएलएसएम डीएवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्रों के प्रदर्शन से कॉलेज का सम्मान बढ़ा है। विज्ञान संकाय के 384 छात्रों में 179 ने प्रमथ श्रेणी से पास हुए। सोनाली मोदक ने 441 अंक हासिल कर कॉलेज का मान बढ़ाया। कला संकाय के 515 छात्र-छात्राओं में 118 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें आफरीन परवीन 411 अंक हासिल कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। कला संकाय में कुल रिजल्ट 89 प्रतिशत हुआ। वाणिज्य संकाय में 228 छात्र-छात्राओं में 114 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें अभय कुमार ने 417 अंक हासिल किया। वाणिज्य संकाय में कुल रिजल्ट 95 प्रतिशत हुआ। कॉलेज के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य सौरभ प्रियदर्शी ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बारातियों के साथ मारपीट करने वाले को गिरफ्तार करे : शत्रुघ्न

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार ये शत्रु ने आज नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी पिछले 28 अप्रैल की रात्रि में रबदा ग्राम के दही टोला निवासी बुटन भुईयां के पुत्र चंदन कुमार के नावाडीह (बेलचम्पा) स्थित बारात में द्वारपूजा के बाद आयोजित आर्केस्ट्रा पार्टी में नर्तकियों के साथ अभद्र छेड़छाड़ व विरोध करने पर उसी ग्राम के आनन्द सिंह पिता-रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में 10-15 सामंती मानसिकता के लोगों द्वारा जातिसूचक गाली-गलौज व भीषण मारपीट कर बुरी तरह जख़्मी करने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए गढ़वा जिला प्रशासन से सभी आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि पलामू व गढ़वा जिले में दलितों के साथ मध्ययुगीन सामंती बर्बरता व अत्याचार की बढ़ती घटनाओं को रोकने की दिशा में राज्य सरकार मौन साधे रहती है।यह अफसोस की बात है कि आज भी बिगड़ैल सामंती सोच के अपाहिज तत्वों को किसी दलित की बारात में घोड़ी चढ़ना, आर्केस्ट्रा पार्टी का नाच-गाना, अच्छी गाड़ी से बारात आना, अच्छा पहनना व खाना पसंद नहीं है? ज्ञातव्य है कि बारात में शामिल संतोष भुईयां,, रविन्द्र भुईयां, पप्पू कुमार भुईयां, विमलेश कुमार व दुल्हा चंदन कुमार के साथ बुरी तरह मारपीट कर जख़्मी करनेवाले आनन्द सिंह व उसके जातिवादी गुंडों ने शादी को भी रोक दिया था, जिसे 29 अप्रैल को गढ़वा पुलिस की उपस्थिति में रबदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजीवन भुईयां के पहल पर सम्पन्न कराया गया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि अभी पिछले 12 अप्रैल को छत्तरपुर प्रखण्ड के चिरु चहलथान में बिगड़ैल व सामंती यादवों की पिटाई से बुरी तरह घायल रविदास समाज की महिलाओं का जख्म भी नहीं भरा है, और ना ही छत्तरपुर की भ्रष्ट पुलिस ने आजतक आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इसी बीच नावाडीह बेलचम्पा में भुईयां जाति के बारातियों के साथ सामंती तत्वों द्वारा बर्बरतम पिटाई से भीषण आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

दहेज हत्या के आरोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी, व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49 / 2021 दिनांक17 / 6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी।शादी के एक बर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच मे बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। दिनाक 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिए तथा उसे लटकाकर फाँसी का स्वरूप दे दिए।जहा फाँसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट था जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी।अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को 10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही मृतिका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की ब्यवस्था करने व मृतिका की माँ शहीदा बीबी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को दिया है। इस केस के एक मुदालय ससुर वली मोहम्मद मिया को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विदित हो कि पुलिस के द्वारा मृतिका के सास पारो बीबी, गोतनी असमीना बीबी व भसुर कासिम मिया को अनुसंधान में नाम हटा दिया गया था।

सोशित इंकलाब पार्टी का बसपा में विलय

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के रांची स्थित राज्य कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर केंद्रीय प्रभारी गया चरण दिनकर, प्रभारी रामबाबू चिरगईया और प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता की उपस्थिति में नागमणि कुशवाहा पूर्व मंत्री भारत सरकार सह अध्यक्ष सोशित इंकलाब पार्टी सहित हजारों कार्यकर्ता ने पार्टी का विलय बहुजन समाज पार्टी में किया। नागमणि ने कहा कि आज पूरे भारत देश में बहन कुमारी मायावती जैसा राजनीतिक शख्सियत कोई दूसरा नही। बहुजन समाज का नेतृत्व सिर्फ बसपा ही कर सकती है। बसपा एक राष्ट्रीय पार्टी है जिसका मूल सभी धर्म मजहब व जाति को सम्मान देना है। बहुजन समाज पार्टी के द्वारा मुझे चतरा लोकसभा का उम्मीदवार बनाया जाना देश के लिए एक बहुजन का सम्मान देने से कम नहीं है। भाजपा और कांग्रेस जैसे पार्टियों ने कोइरी समाज का अपमान किया है। बसपा दलितो, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गो का सम्मान करती है मैं बहन जी के नीतियों और कार्यों में अपनी आस्था रखता हूं। उन्होंने कहा कि 100 में नब्बे सोषित हैं और धन धरती और राजपाट में 10 का साशन नही चलेगा नही चलेगा। मौके पर मुख्य प्रभारी गया चरण दिनकर ने कहा कि जगदेव प्रसाद एक आंदोलन का नाम है उनके पुत्र नागमणि कुशवाहा बसपा में अपनी पार्टी का विलय किया जिसके कारण बसपा झारखंड को एक नई दिशा व दशा तय करेगी। झारखंड में बसपा सभी लोकसभा पर पूरी मुस्तैदी से चुनाव लड़ेगी। बहुजन समाज पार्टी न तो एनडीए और ना तो इंडी अलायन्स से कोई समझौता नहीं करती है। कांग्रेस और भाजपा दोनों एक सिक्के के पहलू हैं।आजादी से आजतक दोनो पार्टियां सिर्फ देश और राज्य का दोहन कर सबको कंगाल बनाने का कार्य किया है। बसपा ही ऐसी पार्टी है जिसने सभी वर्गो का सम्मान बसपा में ही निहित है।रामबाबू चिरगैया ने कहा कि बसपा के सभी लोकसभा प्रत्याशी बहन मायावती जी के हाथों को मजबूत करने के लिए अपने मैदान में तैनात हैं। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार पूरे देश में बहुत तेजी से बढ़ रही है। बसपा ही एक मात्र पार्टी है जो देश के संविधान का मान सम्मान को सुरक्षित रख सकती है।

आपराधिक गतिविधियां बढ़ने से दहशत में हैं छतरपुर के लोग : अरविंद

- लोगों ने कहा- अपराधी नहीं पकड़े गए तो छतरपुर में होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन
- गोलीकांड के खिलाफ छतरपुर स्वतः रहा बंद

दबंग हिंद संवाददाता

छतरपुर। छतरपुर में घट रहे आपराधीक घटनाओं के कारण लोगों में आक्रोश और दहशत व्याप्त है। छतरपुर में कुछ महीने के अंदर हत्या और लूट की कई घटनाएं घटी है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है, साथ ही साथ लोगों में असुरक्षा का भी भाव है। लोगों का कहना है कि कई घटनाओ के बाद भी पुलिस ने अपराधियों को नहीं पकड़ा है, जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। कल रात छतरपुर के थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर बेखौफ अपराधियों ने खाटीन गांव निवासी संतोष साहू को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। वहीं संतोष की घटना के दिन ही एक अन्य घटना में मसिहानी निवासी संजय डोम की भी गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। फिलहाल संतोष रांची के मेडिका हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस से अपराधियों के की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है, अन्यथा नगर में उन्होंने अनिश्चित आंदोलन की उन्होंने चेतावनी दी है। इस मौके पर उन्होंने कहा की हत्या और लूट की कई घटनाएं घटने के बाद भी पुलिस के हाथ अपराधियों के गिरहबान तक नहीं पहुंच पाया है जिसके कारण लोगों में असुरक्षा की भावना है। लोग दहशत में हैं ऐसे में अगर पुलिस ने कार्रवाई करके अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं दिलाई तो नगरवासी आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे छतरपुर शहर के बंद को अपना समर्थन देते हुए अरविंद गुप्ता ने लोगों से शांति और अमन चैन बनाए रखने की भी अपील की है। घटना के बाद जपला मोड़ पर हुए सड़क जाम के बाद जामस्थल पर ही उन्होंने तत्काल एसडीपीओ नौशाद आलम और थाना प्रभारी राजेश रंजन से बात कर उन्होंने 12 घण्टे का अल्टीमेटम देते हुए गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पुलिस की विफलता का प्रतीक है अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है और ना ही स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अंदर ही कोई संवेदना बची है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना घटने के बाद भी किसी ने भी घायल सन्तोष के परिजनों की सुध लेने की जरूरत नहीं समझी। इससे साफ झलकता है कि छतरपुर के लोगों के प्रति हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों में कोई दर्द नहीं है। अरविंद ने स्थानीय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अपराधी नहीं पकड़े गए तो छतरपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग किया है पूर्व में छतरपुर में घटी हत्या घटनाओं का भी उद्भेदन करे पुलिस। पूर्व की घटनाओं में नरेश ठाकुर और शुभम गुप्ता को सरेआम जपला रोड में मार दिया गया था, लोहराही में धीरज नामक युवक की हत्या कर कुएं में डाल दिया गया था। लेकिन अपराधी आज तक नहीं पकड़े जा सके हैं। जपला मोड़ पर सड़क जाम कर आक्रोश व्यवसाइयों ने आक्रोश व्यक्त किया। गोलीकांड के बाद हुए आंदोलन को सफल बनाने में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, जोगी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, गोकुल प्रसाद, मिथिलेश यादव, अयोध्या प्रसाद, अमित कुमार, सुरेश प्रसाद, धीरज सिंह, सुनील गुप्ता, मनोहर, दामोदर साव, कामेश्वर साव सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए लोगों ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

2244 पीडब्ल्यूडी मतदाता करेंगे ब्रेल लिपि से मतदान

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाता बूथों पर पहुंच कर मतदान कर सकें, इसके लिए लगातार रात्रि चौपाल और जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान समुदाय के हर वर्ग कि भागीदारी सुनिश्चित हो इसे देखते हुए जिला प्रशासन के मतदान के दिन 20 मई को वोट करने की अपील भी की जा रही है। मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधा बहाल करने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं। चतरा जिले में पीडब्ल्यूडी वोटरों की कुल संख्या 11156 है। इनमें से 2244 मतदाता ब्रेल लिपि की सहायता से मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग जन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कांग्रेस के केएन त्रिपाठी समेत 5 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। 04 चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के तीसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी सहित 05 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। सभी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलाप के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें सुमित कुमार यादव स्वतंत्र रूप से 02 सेट में, डॉ. सीताराम सिंह जयप्रकाश जनता दल से 04 सेट में, संजय कुमार स्नेही स्वतंत्र रूप से 01 सेट में, दर्शन गंझू स्वतंत्र रूप से 01 सेट में एवं केएन त्रिपाठी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 02 सेट में अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस तरह नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन तक कांग्रेस से श्री त्रिपाठी, बीजेपी से कालीचरण सिंह व निर्दलीय डॉ. अभिषेक कुमार सिंह सहित कुल 09 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वहीं कुल 26 फॉर्म की बिक्री हुई। दूसरी ओर नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर में सुरक्षा के चक चौबंद व्यवस्था करने के साथ बैरिकेटिंग की गई थी। प्रत्याशी के साथ नामांकन के लिए मात्र 4 लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति थी।

आदिम जनजाति परिवारों को हुई पानी की किल्लत, पहुंचे प्रखंड कार्यालय

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जपुआ बिरहोर टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति परिवारों को इन दिनों पानी को लेकर बहुत ज्यादा तकलीफ है। पानी पीने के लिए दूर-दूर तक कुएं की तलाश कर रहे हैं तथा कुएं से पानी लाकर पानी पी रहे हैं। जबकि उनके निवास स्थान पर जल मीनार लगा हुआ है। पर पानी नहीं चल रहा है। बिरहोर परिवार इसे सुधार करने को लेकर मंगलवार को अचानक प्रखंड कार्यालय पहुंच गए और अंचलाधिकारी राकेश सहाय से मुलाकात कर पानी की व्यवस्था करने की मांग लिखित आवेदन देकर किया। अंचलाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर बिरहोर परिवार के लोगों को खराब जलमिनर बनवाकर पानी की व्यवस्था करने की बात कही। बताया गया कि बीमार होने के कारण गुड़िया बिरहोरीन पति मनु बिरहोर की मौत तीन दिन पहले हो गई। जिसे लेकर पारिवारिक लाभ भी दिलाने की बात अंचलाधिकारी ने कही।

चपरासीके निधन पर प्रखंड कर्मियों में शोक

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में चपरासी रह चुके विष्णु यादव के असमय निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। दिवंगत काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। मौत की सूचना पर प्रखंड शोक व्याप्त हो गई और मंगलवार को 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा के शांति के लिए सभी ने इश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि गिद्धौर प्रखंड कार्याल्य में दिवंगत करीबन 12 वर्ष तक कार्य किए थे। शोक सभा में अंचलाधिकारी राकेश सहाय, पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी, सत्येंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, पार्वती कुमारी, शालिनी भारती व ऑपरेटर शेखर कुमार आदि थे।

संतोष बने आजसू के जिला सचिव, सिकेन्द्र प्रखंड अध्यक्ष व जितेंद्र युवा प्रखंड अध्यक्ष

दबंग हिंद संवाददाता

मयूरहंड (चतरा)। लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने जिले के मयूरहंड प्रखंड के संगठन में बदलाव के साथ नये व ऊजार्वान युवाओं को कमान सौंपी है। चतरा जिला के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महेश महतो ने पत्र जारीकर मयूरहंड प्रखंड के सोकी गांव निवासी संतोष मेहता को पार्टी का जिला सचिव व ढोढ़ी निवासी सिकेन्द्र मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मयूरहंड़ निवासी जितेंद्र सिंह को युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। प्रखंड के दोनो पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ कार्य सौंपी है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुँगा। इधर आजसू के लोकसभा सह प्रभारी सत्येंद्र जायसवाल ने संगठन के नये पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी है।

एक नजर

सब्जी दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के बाजार क्षेत्र में लादीगढ़ कांप्लेक्स के सामने नसीम अहमद के सब्जी दुकान में सोमवार की रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई।आग लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया।लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया।इसके बाद दुकानदारों के द्वारा आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर लगी आग को बुझाया।वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान हवलदार विनोद यादव, इसरार खान घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए थे। इस संबंध में भुक्तभोगी नसीम अहमद ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9:00 बजे वह अपना दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। तभी बाजार के दुकानदारो द्वारा सूचना दिया गया कि उनके दुकान में आग लग गई है। मुक्त भोगी ने बताया कि आग लगने की वजह से दुकान में रखे लाखों का सामान सहित एक मोटरसाइकिल जल कर खाक हो गया है। जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामिणो के द्वारा इस घटना की जानकारी पांडू थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही पांडू थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर तीनो घायलों को इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजो। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनो की गंभीर स्थिति को देखते हुए। तीनो को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

ब्राउन शुगर तस्कर को हुई 15 वर्ष की सजा, एक लाख जुमार्ना, तस्करों में हड़कंप

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साह की अदालत ने एनडीपीएस के मामले में चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीतलपुर निवासी मनीष कुमार निराला को 15 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक लोक अभियोजक दीपक कुमार संगा के अनुसार उक्त मामला जिले के पत्थलगड़ा थाना कांड संख्या 29/2022 दिनांक आठ जुलाई 2022 की है। उपरोक्त कांड के सूचक सह तत्कालीन थाना प्रभारी बमबम कुमार ने अपने लिखित बयान में बताया है कि 8 जुलाई 2022 को करीब 2रू00 बजे गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत लेमबोइया मंदिर के समीप होटल में एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर 4रू00 बजे आने वाला है। सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए दल बल के साथ थाना प्रभारी श्री कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की एक व्यक्ति होटल के समीप खड़ा था। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। तो उसे पुलिस बाल द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया जाय। पकड़ने के बाद उसका नाम पूछने पर नाम मनीष कुमार निराला उम्र 32 वर्ष, पिता महेंद्र राम, ग्राम बरवाडी, टोला शीतलपुर, थाना पत्थलगड़ा, जिला चतरा बताया। उसके बाद पुलिस बल ने उसकी तलाशी ली, तो तलाशी के क्रम में उसके पास से दो मोबाइल तथा उसके दाहिने पैर के घुटने में बंधे हुआ प्लास्टिक में ब्राउन शुगर पाउडर 500 ग्राम बरामद किया गया था। वहीं तत्कालीन थाना प्रभारी बमबम कुमार द्वारा इस कांड के बेहतर अनुसंधान के साथ सटीक और सही से गवाही कराने के कारण ही आरोपी को इतनी लंबी सजा संभव हो सकी है।

पीडीजे ने लिया संज्ञान पीड़िता को आवश्यक कानूनी सहयोग देने का दिया निर्देश

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। विभिन्न समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा ने नावाडीह में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दो दिनों तक दुष्कर्म की खबर पर संज्ञान लेते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से नावाडीह के पीएलवी को तत्काल पीड़िता को आवश्यक कानूनी सहयोग देने का निर्देश दिया है एवं पीड़िता को क्षतिपूर्ति के लिए कार्रवाई प्रारंभ करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो की सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो इस संबंध में तत्परता से आवश्यक कार्रवाई कर रहा है तथा पिता को सभी प्रकार की आवश्यक कानूनी सहायता देने के लिए उचित कार्रवाई की जा रही है।

सेवानिवृत्ति रेल कर्मी को दी गई विदाई

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो सिटी। इस्पात नगर के अभियंत्रण रेल पथ कर्मचारी अब्राहम बेसरा सेवानिवृत हुए इसके बाद इस्पात नगर के रेल कर्मियों के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र देकर विदाई दी गई सेवा निवृत श्री बेसरा लगभग 30 वर्ष तक रेलवे में अपनी सेवाएं दी इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद ने पुष्प देकर उन्हें सम्मानित किया विदाई समारोह में राजेंद्र प्रसाद योगेंद्र कुमार ध्रुव कुमार त्रिपाठी नेवालाल मांझी विनोद बिहारी गोप गोपाल प्रसाद नायक विनोद कुमार सिंह राजू रंजन प्रदीप कुमार हेमंत कुमार महतो दीपक कुमार चंदन कुमार राजेश दिनेश विवेक राजकुमार अर्जुन मनोज कुमार दुर्गा प्रत्यूष अजय हरेंद्र सहित अन्य उपस्थित थे।

शत प्रतिशत मतदान पर जोर, ली गई शपथ

दबंग हिंद संवाददाता

रामगढ़। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन ने सोमवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली. इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया. वहीं सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

रामगढ़। मांडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय मांडू में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने किया एवं संचालन प्रखंड सचिव अनिरुद्ध सिंह ने किया। इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा में धरतीपुत्र को कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है और हम लोगों के प्रत्याशी काफी सहज और अनुभवी है और पूरे हजारीबाग लोकसभा में जनता के बीच उल्लास का माहौल है और स्वर्गीय टेकलाल महतो के सपनों का झारखंड बनाने का काम करेंगे तब जाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कल 01 मई के नामांकन कार्यक्रम में मांडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश सचिव धर्मराज राम, बूटी तिवारी, जय नाथ महतो, अशोक गंझू, वसंत कुमार महतो, मोहम्मद मिस्टर आलम, गुड्डू वर्मा, अब्दुल जब्बार, फायदा हुसैन, प्रभात कुमार, सगीर अंसारी, तुलसी महतो, महेंद्र ठाकुर, संजय बेदिया, दिनू गंझू, राजकुमार टुडू, प्रदीप मुंडा, ब्रह्मदेव मुंडा, शिव शंकर गंझू, ललित राम, मुरारी अंसारी, मोहम्मद मोबीन, अखिल देव प्रसाद, संदीप कुशवाहा, राम प्रकाश महतो, रोहित महतो, समरेश सिंह, आकाश ओझा, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार महतो सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई व संगठन मंत्री कर्मवीर गुमला हुआ आगमन

पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ किया गया विशेष बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिए जहां आगामी 4 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी जी का सिसई में कुलकरी मोड़, सिसई कॉलेज के आगे चुनावी सभा सुनिश्चित हुआ है। जहां लाखों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता- भाजपा समर्थक शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जी के रैली को लेकर आज दिनांक 30-04-24 को पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई व संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का आगमन हुआ। जहां झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई ने चुनावी कार्यालय गुमला में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सर्वप्रथम भाजपा के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्री बाजपेयी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आरम्भ किया। बैठक में श्री बाजपेई ने शक्ति केंद्र में योजना बनाकर बूथ में भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए पन्ना प्रमुख की महती भूमिका बताया, कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का स्वर्णिम काल साझा किया, मात्र 2 सीट जीतने वाली भाजपा राष्ट्र सेवा के दम पर 303 सीट हासिल किया। ये कार्यकर्ताओं के दम पर ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा लोहरदगा लोकसभा में मोदी जी का रैली मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यकर्ताओं के दम पर जनता के प्यार विश्वास के दम पर चुनाव में जीत होगी, वहीं संगठन महामंत्री ने लोहरदगा लोकसभा के कोर कमिटी के साथ पांचों विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक कर संगठन को बूथ स्तर तक विकसित भारत बनाने के लिय कार्यकर्ताओं को घर-घर मोदी जी का प्रणाम प्रेषित करने को कहा। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मोदी जी का झारखंड में जनसभा सर कार्यकेताओं में ऊर्जा का संचार होगा 14 लोकसभा सीट भाजपा गठबंधन जीतेगी। बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, जन जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री सह लोहरदगा लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहु, सह संयोजक सन्नी टोप्पो, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचंद प्रजापति, मांडर विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, बिशनपुर विधानसभा प्रभारी भूपन साहु, सिसई विधानसभा प्रभारी अनूपचंद्र अधिकारी, विनोद कुमार, गजाधर सिंह, सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर संदीप वर्मा, संजय सिंह, राधेश्याम कुशवाहा किरण बाड़ा, संयुक्ता देवी, देवेंद्र लाल उराव, गायत्री देवी, सागर उरांव, शैल मिश्रा, चितरंजन मिश्रा शकुंतला उरांव, विपिन सिंह, अरविन्द मिश्रा, किशोर मिश्रा, समेत प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

3 मई को चाईबासा में प्रधानमंत्री की लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष मे चुनावी सभा

दबंग हिन्द ,चाईबासा। लोकसभा केंद्रीय कार्यालय में लोकसभा कोर कमिटी लोकसभा संचालन एवम प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमे लोकसभा प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने बताया कि आगामी 3 मई को अपराहण 3 बजे टाटा कालेज मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी गीता कोड़ा का जीत का शंखनाद करने आयेंगे। जिसमे 1 लाख से ज्यादा जनता के लिए व्यवस्था किया जायेगा कार्यक्रम को व्यवस्थित करने के लिये सभी वरिष्ठ नेताओं, विधान सभा प्रभारियों, विधान सभा संयोजकों, सह संयोजको, मंडल अद्यक्षों, शक्ति केंद्रों के प्रभारियों, को अलग अलग व्यवस्था दी गई। बैठक में लोकसभा संयोजक गीता बालमुचु, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सह संयोजक शशि भूषण सामड, प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद, पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा, सराईकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंगदेव, आदित्यपुर उप महापौर अमित सिंह बॉबी, रमेश हांसदा, अशोक सारंगी, गणेश माहली, संतीश पूरी, मनोज चौधरी के साथ कोर कमिटी, संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

केपीएस स्कूल में धरना के दौरान अभिभावक की हालत बिगड़ी

दबंग हिन्द ,जमशेदपुर। केरला पब्लिक स्कूल में री-टेस्ट के बावजूद करीब 40 बच्चों को फेल कर दिए जाने के विरोध में मंगलवार को स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने संयुक्त रूप से धरना दिया. धरना के दौरान अभिभावक की हालत बिगड़ गई. वे बेहोश हो गए थे. स्कूल के डायरेक्टर का पूरे प्रकरण में कहना है कि स्कूल में री-टेस्ट के दौरान 40 बच्चे पास हुए हैं. साथ ही 40 फेल भी कर गए हैं. फेल करने वाले बच्चों को स्कूल की ओर से पास नहीं किया जाएगा. अबतक वे सभी को पास ही करते आए हैं. डायरेक्टर ने कहा कि स्कूल में चिटिंग करते पकड़े जाने पर बच्चे को जीरो नंबर दिया गया । धरना में लगे स्कूल प्रबंधन होश में आओ के नारे धरना पर बैठे अभिभावकों और बच्चों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ खूब नारेबाजी की. स्कूल प्रबंधन होश में आओ, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो के नार लगाये गये। बच्चों ने कहा री-टेस्ट लिया गया और फिर से फेल कर दिया गया. ऐसे में अब उनका किसी दूसरे स्कूल में एडमिशन तक नहीं हो रहा है. ऐसे में वे क्या करेंगे. उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा. बच्चों और अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से प्रमोट करने की मांग की है।

इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती पहुंचे पोटका, हुआ स्वागत

दबंग हिन्द ,जमशेदपुर। इंडिया गठबंधन की ओर से समीर मोहंती को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद सोमवार को पोटका पंहुचे. यहां पर पोटका विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व मे प्रखंड कमेटी की ओर से उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया. इस दौरान केंद्रीय कमेटी, जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी के पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे. पोटका पहुंचे समीर मोहंती ने कहा कि जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं के साथ-साथ एक-एक व्यक्ति का सहयोग चाहिए. इसके लिए प्रत्याशी की ओर से पार्टी के कार्यकताओं को कुछ टिप्स भी दिया गया।

11 मई तक विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होगा रक्तदान शिविर

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। जिला अंतर्गत आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आज मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा मतदाताओं से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर उसी कार्यक्रम का हिस्सा है। बताया कि वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करने या फिर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की अपील की। आज के रक्तदान शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में ऐसे भी लोग पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, तो कुछ ऐसे थे जो सालों से रक्तदान करते आ रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात वहां उपस्थित मतदाताओं, नर्सेज एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी मतदान शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वीप गतिवधि के तहत रक्ददान शिविर का आज से शुभारंभ हुआ इसके पश्चात 11 मई तक विभिन्न प्रखंडों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 02 मई को सिसई प्रखंड कार्यालय, 03 मई पालकोट प्रखंड कार्यालय, 04 मई को विशुनपुर प्रखंड कार्यालय, 06 मई को बसिया प्रखंड कार्यालय, 07 मई को चैनपुर प्रखंड कार्यालय, 08 मई को डुमरी प्रखंड कार्यालय, 09 मई को जारी एवं भरनो प्रखंड कार्यालय, 10 मई को कामडारा प्रखंड कार्यालय एवं 11 मई को घाघरा प्रखंड कार्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा ।

लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

दबंग हिन्द,संवाददाता

चाईबासा। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने सोमवार को चाईबासा विस क्षेत्र के हाटगम्हरिया और चक्रधरपुर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चक्रधरपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव और हाटगम्हरिया में मझगांव के विधायक निरल पुरती उपस्थित रहे। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात प्रत्याशी जोबा माझी ने उपस्थित लोगों से कहा है कि संविधान, लोकतंत्र , सामाजिक रीति रिवाज, संस्कृति, जल जंगल जमीन और आदिवासी मान सम्मान की रक्षा के लिए महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि सरकार राज्य को आगे बढ़ाया हैं, गरीब आदिवासी लोगों के लिए आगे बढ़ने का कार्य कर रहे थे, समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाया। लेकिन भारत सरकार एक षड्यंत्र की तहत उन्हें जेल भेजने का कार्य किया। इसलिए सिंहभूम सीट को जीतकर इंडिया गठबंधन को मजबूत करना और गुरुजी शिबू सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का मजबूत करना है। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितकरण के सदस्य भुवनेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, झामुमो के प्रखंड सचिव ताराकांत सिजुई, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई समेत चक्रधरपुर, बंदगांव प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया, झामुमो, कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिजली करंट लगने से, मां, बच्ची घायल, बच्ची का इलाज के दौरान मौत

चक्रधरपुर । जराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाईलोर में सोमवार दोपहर बिजली करंट के चपेट में आने से मां और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई.उपचार के लिए मामोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई.वहीं घायल मृत बच्ची की मां का अस्पताल में इलाज चल रहा है.मृत 2 वर्षीय बच्ची रेविका किंबो एवं मां का नाम रौस्यानी किंबो है.घटना के बावत मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे बच्ची अपने घर पर खेल रही थी.वहां पेडेस्टल फेन चल रहा था.उस बच्ची ने पंखे का ज्वाइंट वायर से निकला तार को छू लिया.जिससे वह बच्ची बिजली करंट के चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई.वहीं बच्ची को बचाने पहुंची मां भी करंट के चपेट में आ गई.जिससे दोनों मां और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

एकल ग्रामोत्थान संसाधन केंद्र करंजो में महिला समिति की बैठक संपन्न

दबंगहिन्द,संवाददाता

चक्रधरपुर । एकल ग्रामोत्थान महिला समिति करंजो के अध्यक्ष नीतू साहू के अध्यक्षता में सोमवार को चक्रधरपुर में एक होटल में ओमकार के साथ प्रारंभ हुई। इस बैठक में समिति के 25 सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीतू साहू के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत की गयी साथ ही आगामी वर्ष के कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई गयी।महिला समिति का 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समिति पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से सभी सदस्यों का दायित्व तय किया गया।

जो निम्न प्रकार से है : अध्यक्ष नीतू साहू, उपाध्यक्ष विमला प्रसाद, सचिव आशा भगोरिया, सह सचिव मीना भगोरिया, कोषाध्यक्ष कंचन छाबड़ा, सह कोषाध्यक्ष डिप्पी कौर, मीडिया प्रभारी राखी साव डब्लूईसी प्रभारी एस पुष्पलता, अनीता भगोरिया, मोनिका साव, सुषमा साव, सुनीता भगोरिया, सीटीएल प्रभारी आशा साव, ममता अग्रवाल, शुलभा सिंदे ,सविता चुग, सदस्य माया मिश्रा, मोनिका गुप्ता, रीना भगोरिया, इन सभी बहनों को दायित्व दिया गया। मौके पर प्रकाश मेहता, संजय सिंह, बुद्धेश्वर महतो, सुशीला लोहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दे कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

बड़े स्तर पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दबंग हिन्द, संवाददाता

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा मंगलवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया वहीं सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सिमडेगा के कम मतदान वाले केन्द्रों का किया निरीक्षण

दबंग हिन्द, संवाददाता

सिमडेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को सिमडेगा में पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा के मतदान केंद्र संख्या 162 के बीएलओ एवं सुपरवाइजर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर उपायुक्त सिमडेगा को उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इन बूथों पर पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इस मतदान केंद्र के मतदाता सूची में कई वैसे मतदाताओं के नाम पाये गये, जो अब यहां रहते ही नहीं हैं। कई ऐसे सरकारी कर्मचारियों का नाम था, जिनका स्थानांतरण पूर्व में हो चुका है। ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से न तो हटाने का कार्य हुआ और न ही अब्सेंट, शिफ्टेड या डेथ अर्थात एएसडी सूची में अंकित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय के अन्य मतदान केन्द्रों के साथ राजकीयकृत मध्य विद्यालय ठाकुर टोली एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सिमडेगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से उनके क्षेत्र में मतदाताओं एवं मतदान के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में जाना। साथ ही शुद्ध पेयजलापूर्ति, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं शौचालय में रनिंग वाटर की तत्काल व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

रेलवे 2 मई से चलाएगी 15 समर स्पेशल ट्रेनें

दबंग हिन्द ,चक्रधरपुर । गर्मी छुट्टी को ध्यान में रखते हुए रेलवे की ओर से 2 मई से ही अलग-अलग जगहों के लिए 15 समर स्पेशल ट्रेनों का चलाने की घोषणा कर दी गई है. समर स्पेशल ट्रेन बिहार के भागलपुर, पटना, वाराणसी, ईस्लामपुर के लिए चलेगी. सभी ट्रेनें टाटानगर और रांची स्टेशन से चलेगी।

टाटानगर स्टेशन से चलेगी ये ट्रेनें : टाटानगर स्टेशन से 2 मई को टाटा-वाराणसी (08103) स्पेशल ट्रेन. 9 मई को टाटा-वाराणसी (08103) स्पेशल, 16 मई को टाटा-वाराणसी (8103) स्पेशल, 23 मई को टाटा-वाराणसी (8103) स्पेशल ट्रेन, 30 मई को टाटा-वाराणसी (08103) स्पेशल, 4 मई को टाटा-पटना स्पेशल (08183), 11 मई को टाटा-पटना स्पेशल (08183), 18 मई को टाटा-पटना (08183) स्पेशल और 25 मई को टाटा-पटना स्पेशल ट्रेन चलेगी। समर स्पेशल ट्रेन के रूप मे रांची रेलवे स्टेशन 30 मई को रांची-भागलपुर (08014) स्पेशल ट्रेन, 4 मई को रांची-ईस्लामपुर (08624) स्पेशल और 11 मई को रांची-ईस्लामपुर के बीच ट्रेन का परिचालन किया जाएगा. सभी ट्रेनों में आरक्षण की भी सुविधा दे दी गई है।

किशोर सीढ़ी से गिरकर हुआ गंभीर रूप से घायल लाया गया सदर अस्पताल

दबंग हिन्द ,रायडीह। थाना क्षेत्र के मरदा गांव में घर के छत से सीढ़ी से नीचे उतरने के क्रम में स्वर्गीय रंजीत डुंगडुंग का 14 वर्षीय पुत्र नितेश डुंगडुंग सिर के बल जमीन पर गिर गया। तत्काल परिजन घायल किशोर को सदर अस्पताल ले गए।जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार किशोर छत पर सोने के लिए गया था किसी काम को लेकर वह लकड़ी के सीढ़ी से नीचे उतर रहा था।तभी सिर के बल जमीन पर गिर गया। जानकारी पर कामगार कांग्रेस यूनियन के जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम सदर अस्पताल पहुंच घायल के इलाज में सहयोग किया।

7 वर्षीय बच्चे को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर, हुआ फरार लोगों ने खदेड़ कर पकड़ा

दबंग हिन्द ,घाघरा। थाना क्षेत्र के गुनिया गांव में सोमवार की दोपहर नीरज साहू का 7 वर्षीय पुत्र यशराज साहू को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसके बाद बाइक सवार तेजी से भागने लगा। ग्रामीणों ने चार किलोमीटर तक पीछा कर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा। इसके बाद दोनों की जमकर धुनाई की। बताया जाता है कि दोनों युवक नशे में थे। वहीं उनकी बाइक को ग्रामीणों द्वारा जप्त कर लिया गया है। बाइक सवार टोटो कुटमां गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद घायल बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत उसे होश नही आया था। उसके सिर व चेहरा में गंभीर चोट लगी है ।जिसके कारण डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया सोमवार की रात परिजन उसे एंबुलेंस से रिम्स लेकर गए जानकारी के अनुसार बच्चा घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था।

ट्रैक्टर से बचने व ब्रेक फेल होने के बाद दीवार से टकराया टेंपो, 9 लोग घायल

दबंग हिन्द ,गुमला। सदर थाना क्षेत्र के आंजन आश्रम के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बचने के दौरान टेंपो अनियंत्रित हो गया।इसके बाद टेंपो का ब्रेक फेल हो गया और टेंपो सामने एक दीवार से जाकर टकरा गया। घटना में टेंपो में सवार नौ लोग घायल हो घायल हो गए। पांच लोगों को ज्यादा चोट लगी।

कस्तूरबगांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने अपने परिजनों के लिए लिखा पोस्ट कार्ड

दिए मतदाता जागरूकता के संदेश

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। स्वीप गतिविधि के तहत विशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड के कस्तूरबागांधी बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने पोस्ट कार्ड के माध्यम से अपने अभिभावकों को 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान देने के प्रति किया प्रेरित। इससे पूर्व सिसई एवं भरनो के कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने भी अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड के माध्यम से मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 9वी एवं 10वी के छात्राओं को शामिल किया गया एवं सभी छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड लिखा जिसके पश्चात छात्राओं ने मतदान हेतु शपत भी ग्रहण की। छात्राओं ने कहा कि वे अपने अभिभावकों एवं परिचितों को मतदान करने हेतु अवश्य प्रेरित करेंगे। आवासीय विद्यालय में रहने वाली छात्राओं के द्वारा अपने परिजनों के लिए पोस्ट कार्ड लिख कर भेजना निः संदेह उनके अभिभावकों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा नवीन एवं दसवीं के छात्राओं को शामिल किया गया एवं सभी छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पोस्टकार्ड लिखा इसके पश्चात छात्राओं ने कहां की वे अपने अभिभावकों एवं परिचितों को भी मतदान करने हेतु आवश्य प्रेरित करेंगे आवासीय विद्यालय में रहने वाली छात्राओं के द्वारा अपने परिजनों के लिए पोस्टकार्ड लिखकर भेजना निसंदेह उनके अभिभावकों को वोट करने हेतु प्रेरित करने का कार्य करेगी दो दिनों के अंदर लगभग 400 छात्राओं के द्वारा पोस्टकार्ड लिखा गया उक्त कार्यक्रम के सफल बनाने में मुख्य भूमिका स्वीप कोषांग के फिरदौस राजेश कुमार पोद्दार सुनील कुमार आदि की राही एवं उनके द्वारा विद्यालयों का दौरा करते हुए विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बीजेपी के विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा के लिए किया नामांकन

दबंग हिन्द,संवाददाता

जमशेदपुर । जमशेदपुर सीट से तीसरी बार जीत हासिल करने को सांसद विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को नामांकन किया. मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अर्जुन मुंडा भी साथ रहे. इसके बाद जमशेदपुर में आयोजित एक रैली में दोनों मंत्रियों ने विद्युत को जीत दिलाने की अपील की. गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार थी. मनमोहन सिंह पीएम रहे. इस समय दो खबरें अक्सर पढ़ने को मिलती थी. एक तो यह कि देश के अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी. घपले घोटाले रोज सुनने को मिलते. यहां की इकोनॉमी कभी भी बिखरने की आशंका थी. दूसरा कि देश की सीमाएं असुरक्षित थी. अक्सर आतंकी हमले, बम धमाके होते थे। घर से निकलने पर परिजन सही सलामत वापस लौटने की कामना करते. देश की इकोनॉमी के प्रमुख केंद्र मुंबई, पुणे, चेन्नई जैसे शहरों और मंदिरों (अक्षरधाम वगैरह) पर आतंकी हमले होते थे. तत्कालीन सरकार बस सांत्वना देती थी या कड़ी निंदा करती थी. यूएन जाकर मदद की अपील करती थी. 2014 में प्रचंड बहुमत से मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी. अब देश की अर्थव्यवस्था की गति तेज हुई है. सीमाएं सुरक्षित हुई हैं. मोदी सरकार में केवल दो आतंकी हमले (उरी, पुलवामा) हुए और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला लिया गया. शेखावत ने फिर एक बार सशक्त भारत के निर्माण में जमशेदपुर सहित राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर दिल्ली भेजने की अपील की। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश आज जहां है, उससे सभी भारतीय गदगद हैं. हमने सिर्फ राम मंदिर नहीं बनाया, राम राज की कल्पना को भी साकार करने में लगे हैं. मिलकर विकसित, समृद्ध, मजबूत भारत बनाने में लगे हैं. हर भारतीय मजबूती से ना सिर्फ आगे बढ़े बल्कि यह देश विश्व का भी नेतृत्व करे. ऐसे कई काम मोदीजी के नेतृत्व में हुए भी हैं. 10 वर्षों से जिन उद्देश्यों, लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़े, उनमें कई काम पूरे भी हुए हैं।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर

मजदूर दिवस पर विशेष

रमेश सर्राफ धमोरा

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मजदूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध

निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

संपादकीय

दोहराइए आरक्षण रहेगा

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं। इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था। भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी।

इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया। इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारतः निर्वाह का सुंदर प्रमाण है। यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।

चिंतन-मनन

विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

सोशल मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्स ऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगा जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे।

इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक-दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चे को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टैबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सैल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक-दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चे, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेश लड़कों और लड़कियों दोनों में ही समान रूप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किए गए एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दोराय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्ट फोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टैब, कम्प्यूटर, सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चे को भी यह जानकारियां होने लगी हैं। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशियल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशियल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाए तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के

लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफैक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दोचार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा-मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना-खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही हैं। ऐसे में मोबाइल या सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

रेडिमेड खाना : गुणवत्ता की गारंटी भी जरूरी

ऋतुपर्ण दवे

यूं तो सोशल मीडिया पर सचेत करते हुए कई वीडियो और दावे सामने आते रहते हैं, लेकिन कितने सच होते हैं, यह सामान्यतया कोई भी नहीं कह सकता। हालांकि कभी-कभी कोई ऐसा वीडियो सामने आ जाता है जो विचलित कर देता है और अक्सर लोग सच्चाई जाने बिना ही भरोसा कर बैठते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बीते दिनों बहुत तेजी से वायरल हुआ जिसमें हरी टी शर्ट पहना एक छोटा बच्चा जो कि किसी मेले में दिख रहा है। एक दूकानदार से गिलास में कुछ लेता है जिसमें बहुत तेज सफेद और गाढ़ा धुआं निकलता है। बच्चा उसे पीता है और तुरंत पेट पकड़कर चीखने-चिल्लाने लगता है। बच्चे को तुरंत चिकित्सकीय मदद पहुंचाई गई। बहरहाल, वीडियो की सत्यता=असत्यता से परे हटकर सोचें तो अगर वाकई में ऐसा है तो हम सभी को गंभीरता से इस बारे में सोचने की जरूरत है।

वीडियो में दिख भी रहा है कि उस पर स्मोक बिस्किट लिखा है। आजकल ऐसे पदार्थ खाने को सजावटी आकार देने के साथ बच्चों में आकषर्ण बढ़ाने के लिए बनाना आम हो गया है, जिनमें ड्राई आइस या लिक्विड नाइट्रोजन का अनुपातहीन उपयोग आम सा हो गया है। भारत में इसका तेजी से पार्टियों या पिकनिक, मेलों में चलन बढ़ रहा है। वास्तविकता यह है कि बच्चा दावणगेरे में परिजनों के साथ एक प्रदशर्नी में गया था और उसने वहां पर एक स्टॉल से स्मोक बिस्किट लिया और उपयोग करते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुकून की बात है कि वीडियो के जरिए फैलाई जा रही मौत की बातें अफवाह निकली, लेकिन इस वीडियो ने कई सवाल जरूर पैदा कर दिए। क्या आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट, पकौड़े, आईसक्रीम या ठण्डाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत है? और क्या भारत में कहीं भी कोई अपनी मनमर्जी से स्वाद या आकषर्ण बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतिबंधित, घातक या अनुपातहीनमात्रा में मसाले, रसायन खाने में उपयोग कर सकते हैं? इस पर लोग कितना जागरूक हैं? स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह ऐसी चीजों के इस्तेमाल का क्या कोई तय पैमाना है और है तो इसका कैसे हो? सबको पता है कि पूरे देश में चाहे गांव, कस्बा, महानगर हर कहीं बाजार में तैयार खाने का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। देश में रेस्टॉरेन्ट, होटल और ढाबों में लोगों के शौकिया आना-जाना भी खूब बढ़ा है।

आउटिंग या बाहर खाने के चलन ने ऑनलाइन फुड को एक नई इंडस्ट्री की शक्ल दे दी, लेकिन सवाल यही कि आखिर बाजार में बिकने वाला रेडीमेड खाना स्वास्थ्य के लिहाज कितना मुफीद है? क्या इस तरह के खाना बनाने वाले ठिकानों और सप्लाई के लिए पहुंचाने के दौरान बनाने और खाने वालों के बीच खाने की गुणवत्ता में बदलाव या स्तरहीनता को परखने का कोई तंत्र है? शायद नहीं और हो भी तो लोगों ने कभी बीच सड़क खाने की जांच होते या सैम्पलिंग देखी नहीं। ऐसे सवाल उठने वाजिब हैं। सड़कों के किनारे ढाबे हों या बीच शहर के होटल या स्ट्रीट फूड की जगहें। कभी यहां नियमित जांच होती हैं या हुई लोगों को ध्यान नहीं आता। निश्चित रूप से ऐसी निगरानी उस क्षेत्र के जिला प्रशासन के अधीन होती हैं, लेकिन सवाल वही कि इस पर अमल कैसा होता है? जिस तेजी से बाहर खाने का चलन बढ़ रहा है और तैयार खाने का ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है जो उद्योग की शक्ल अख्तियार कर रहा है।

तमाम तरह के टैक्स के दायरे में भी आता है परन्तु गुणवत्ता को लेकर किस तरह के निर्देश हैं या अमल करना है इस पर आम लोगों को कुछ पता नहीं होता। समय के साथ अब इस बात पर भी सख्त कानून बने और पालन में भी कठोरता की जाए ताकि रेडीमेड फूड उद्योग भी एक पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए। बना बनाया या बनाकर खाने के बेचने या पैक कर घर-घर पहुंचाने का रिटेल या थोक कारोबार हो या स्ट्रीट वेन्डर से लेकर पांच सितारा होटलें इनकी गुणवत्ता की जांच के लिए हर कहीं सूचना पटल हों। महानगरों, शहरों और दूकानों में बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर या पोस्टर अनिवार्य हों, जिनसे लोगों की इस बारे में जागरूकता बढ़े। हर दुकानदार, खाने की सामग्री बेचने वाले ठिकानों पर उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क

सूची भी लगाई जाए जहां पर गुणवत्ता में दोष की शिकायत की जा सके।

इतना ही नहीं विशेष परिस्थितियों में खाने के सैंपल को जांचने के लिए स्थानीय सरकारी विभाग भी तत्पर रहे। अब तक ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला-हवाली में ही अपराध के बावजूद अनदेखे रह जाते हैं। खाने में कीड़े, कॉकरोच मिलने या खाकर बीमार पड़ने की शिकायतें तो सामने आती हैं, लेकिन कभी कोई कार्रवाई हुई हो ज्यादातर पता नहीं चल पाता। जिस तेजी से बने बनाए खाने के चलन के साथ बाहर खाने का रिवाज बढ़ रहा है उससे इस कारोबार पर भी बहुत कड़ी निगाह रखे जाने की जाने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे कानून की जरूरत है जो देशव्यापी हो और सबको पता हो ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के मामले बढ़ने से पहले ही नियंतणमें रहें और जनस्वास्थ्य को बड़ी चुनौती का बेखौफ रिवाज जैसा चलन भी न पनप पाए।

गोरहर व खैरा के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार

रोड़ नही, तो वोट नहीं, निकाला विरोध मार्च

दबंग हिन्द,संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखण्ड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोरहर पंचायत में रोड़ नही होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबध में दर्जनों ग्रामीणों ने गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम ज्वारपहाड़पुर और पांतितीरी में विरोध मार्च निकाला। लोगों के मुताबिक रोड नही तो वोट नहीं का निर्णय लिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 साल और झारखंड राज्य बनाने के 24 साल बीत जाने के बाद भी गोरहर, चेचकपी पंचायत और टाटीझरिया प्रखण्ड के खैरा पंचायत जो आदिवासी बहुल क्षेत्र है, में अनेकों स्थान पर सड़क का निर्माण नही हो सका है। जिस कारण उक्त पंचायत में ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। मौके पर आदिवासी समाज के प्रखण्ड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में जहां जहां आदिवासी गांव है। वहां वहां रोड नही है। कहा प्रखण्ड कार्यालय से गोरहर पंचायत महज 8 किलो मीटर की दूरी पर है। और चेचकपी पंचायत भी 8 किलो मीटर तथा खैरा पंचायत 15 किलो मीटर है।बावजुद इसके सड़क निर्माण नही हो पाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बीमार या प्रसुती महिला रहे तो उसे खटिया की सहारे ले कर जाना पड़ता है। विरोध मार्च मे समाजसेवी राजाराम मांझी, रामू टुडू, अनिल कुमार सिंह, रामू मराड़ी, तालो मरांडी, नुनवा मांझी, प्रकाश सोरेन, मुनू टुडू, प्रमेश्वर बासके, सूरज हेमराम, प्रकाश बेसरा, वासुदेव मुर्मू, मनोज मुर्मू, रमेश बासके, मार्शल मुर्मू, कन्हाय बेसरा समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

सीओ, बीडीओ व पुलिस पदाधिकारीयों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथि नजदीक आने लगी है। तथा सुगम और शांतिपूर्ण मतदान में लिए जिला प्रशासन भी तैयारियों को मुक्कमल करने में युद्ध स्तर पर जुट गईं है। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ तैयारियों के बाबत समीक्षा बैठक की गईं। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के पूर्व चिन्हित किए गए जिन विद्यालयों में सीएपीएफ की टीम निर्वाचन कार्य को लेकर ठहराव करेगी उन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना अतिमहत्वपूर्ण हैं। जिसके अंर्तगत उन्होंने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानो के लिए आवासन, स्नानागार, शौचालय, बिजली, पंखा, मोबाईल चार्जर शॉकेट, पानी का टैंकर, जेनरेटर एवं भवन मरम्मती कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रखंडवार चिन्हित केंद्रों में किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बचे हुए कार्यों का आकलन कर तय समय से एजेंसियों से कार्य समाप्त करने को कहा। उन्होंने गर्मी के देखते हुए सभी केंद्रो में अतिरिक्त पानी का टैंकर लगाने को कहा। उपायुक्त बल देते हुए कहा कि सभी केंद्रो में आवश्यक सुविधाओ को लेकर विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य कराए जा रहे है उन सभी कार्यों को 10 मई तक पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में भी एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को समन्वय बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के आलावा, पुलिस अधिक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, कमांडेंट सीआरपीएफ मोहित कपूर, एसडीपीओ शिवाशीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सदर एवं बरही एसडीओ, सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

इंदिरा पसेरीया जंगल से पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया

दबंग हिन्द,बड़कागांव। बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध कोयला कारोबार को लेकर जंगलों में छापेमारी की गई जिसमें इंदिरा पसरिया जंगल मैं अवैध रूप से संचालित खदान से कोयला उत्खनन कर ले जा रहे अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। पुलिस के द्वारा कार्रवाई देख ट्रैक्टर चालक घने जंगल में घुस गया। और फरार हो गया। करवाई मंगलवार की सुबह 5:00 की है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी अवैध कारोबार नहीं करें जो भी पकड़े जाएंगे। उन्हें छोड़ नहीं जाएगा निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई होगी और उसे जेल भेजा जाएगा।

एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन मे आजसू पार्टी पूरी मजबूती से भागीदारी करेंगी: संदीप कुशवा

दबंग हिन्द,बड़कागांव। एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के 1 मई नामांकन में आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी ने प्रत्येक पंचायत से उपस्थित होने के लिए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुचट्टी स्थित आवासीय कार्यलय में किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया।साथ ही सख्त निर्देश दिया गया। 1 मई दिन बुधवार को सुबह 9:30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान मे अपने - अपने गाड़ी मे आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होना है। तत्पश्चात सभी गाड़ी एक साथ हजारीबाग के लिए रवाना किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह,प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार,केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ,तुलेश्वर राम, सुरेश महतो ,अजय कुमार ,सेवक प्रसाद ,मनोज कुमार ,गणपति साहू, प्रमोद महतो, सुनील कुमार ,दिलीप महतो, रंजीत महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

दबंग हिन्द,विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो पंचायत में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को 20 तारीख को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर पहले मतदान फिर जलपान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर विष्णुगढ़ श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो मुखिया प्रतिनिधि डुमरचंद महतो रतन पटेल भीम महतो पवन कुमार मधुसूदन महतो करण कुमार, जागेश्वर पटेल किसान मित्र समेत कई लोग मौजूद थे।

मुन्ना सिंह के नेतृत्व में जेपी पटेल को लोकसभा चुनाव में समर्थन

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में सदर प्रखंड के प्रमुख उप प्रमुख एवं सभी चुने हुए पंचायत समिति सदस्यों ने कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री जेपी भाई पटेल को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का फैसला किया है। वहीं मुन्ना सिंह विगत पिछले महीने से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के पश्चात से ही हजारीबाग विधानसभा में अपनी चहलकदमी बढ़ा दी है। वे हर क्षेत्र पहुँच कर चुनावी दौरा कर रहे हैं। जिससे कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की जीत हजारीबाग लोकसभा में दर्ज की जा सके। वहीं कल देर रात श्री मुन्ना सिंह जी के आवास में समस्त ग्राम पंचायत समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी ने एकजुटता से कहा कि हजारीबाग में

हमें एक ईमानदार और साफ छवि के व्यक्तित्व को लाने की आवश्यकता है। जो जमीन से जुड़ा हो एवं जिसके लिए हजारीबाग के लोग अधिक महत्वपूर्ण रखते हो न एक व्यापारी जिसने पद पर रहते हुए सिर्फ अपना व्यापार को बढ़ाया हो। श्री मुन्ना सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि विगत वर्षों में हजारीबाग में लूट की स्थिति चरम पर है। इसीलिए हम सब को जनता के हित के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सदस्यों के समर्थन से कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से। बड़े अंतराल से इस लोकसभा चुनावों में एक नया अध्याय लिखेगा तथा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल जी जो कि ईमानदार छवि के हैं। तथा पंद्रह वर्षों से विधायक हैं वे लोकसभा जीतकर हजारीबाग में निश्चित रूप से आम जनों के लाभ के लिए कई बड़े काम करेंगे। इस दौरान सदर प्रमुख ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस है। जिसने देश निर्माण मे अभूतपूर्व योगदान दिया है। वहीं हजारीबाग की जनता ने हमेशा भाजपा को चुना है। किंतु उन्होने जनता के हित में एक भी काम नहीं किया। इसीलिए वे इस बार कांग्रेस प्रताशी को जिताने का काम करेंगे।

बड़कागांव कांग्रेस कोर कमेटी की हुई बैठक, विधायक अंबा रही मौजूद

जयप्रकाश भाई पटेल को मिल रहा है अपार समर्थनः अंबा प्रसाद

दबंग हिन्द,संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़कागांव झारखंड कॉलेज में कोर कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस कमेटी की बैठक में महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में प्रखंड क्षेत्र के सभी हिस्सों से शामिल होने को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पूरा हजारीबाग लोकसभा में आपार जन समर्थन मिल रहा है। आने वाले दिनों में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार करने का कार्य किया जाएगा, गांव में डोर टू डोर प्रचार प्रसार होगी। वहीं इस दौरान दिन बुधवार को

जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर सहमति बनी। विधायक ने हर गांव एवं टोला से नामांकन में शामिल होने की अपील की। अंबा प्रसाद द्वारा इस दौरान लोकसभा चुनाव के मदेनजर प्रखंड में कोर कमेटी का गठन करते हुए कई पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। रहे मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, त्रिलोकी साव, कामेश्वर सिंह, रमेश सिंह भोक्ता, दिनेश प्रसाद, परमेश्वर महतो, लालू यादव, गिरधारी प्रजापति, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, ननकू राम, सिद्धार्थ कुमार, बालेश्वर महतो,टुकन कुमार साव, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद तसलीम, सुरेश महतो, गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, दशरथ प्रसाद, बबलू कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

एपेक्स कॉमर्स अकादमी के छात्र 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

दबंग हिन्द,विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के एपेक्स कॉमर्स अकादमी के छात्रों ने जैक बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा गोल्डी कुमारी ने 436/500 जो उन्हें पहले स्थान पर ला रहे हैं। प्रियांशु कुमार 408, राहुल कुमार 383, सहदेव कुमार 382, सुभम कुमार 369, मनोहर कुमार 340, मधु कुमारी 330, संदीप कुमार 318, अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता के साथ, अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अकादमी में छात्रों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया है। जो उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व में सुदृढ़ किया है। छात्रों की मेहनत और निष्ठा का परिणाम है कि उन्होंने अपनी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की है। एपेक्स कॉमर्स अकादमी ने समाज में नई मिसाल स्थापित की है, जो शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रदर्शन करती है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

बड़कागांव कस्तूरबा गांधी विद्यालय इंटरमीडिएट के 100प्रति. छात्राएं हुए उत्तीर्ण

दबंग हिन्द,संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। विद्यालय से इंटरमीडिएट में कुल 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं दो छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी पिता राकेश कुमार 423 अंक 84.6 प्रतिशत लाकर टॉपर रही। जबकि द्वितीय टॉपर नेहा कुमारी पिता शेखर प्रसाद 412 अंक 83.4 प्रतिशत, तृतीय टॉपर टिंकल कुमारी पिता पंचेश्वर साव 401 अंक 80.2 प्रतिशत लाई है। वहीं किरण कुमारी पिता नरसिंह महतो 499 अंक 79.8 प्रतिशत, काजल कुमारी पिता राजू साव 397 अंक 79.4 प्रतिशत, प्रीति कुमारी पिता चरण महतो 395 अंक 79 प्रतिशत, किरण कुमारी पिता लालमोहन तिवारी 394 अंक 78.8 प्रतिशत, चंचल कुमारी पिता स्वर्गीय नकुल महतो 390 अंक 78 प्रतिशत, प्रिया कुमारी पिता जगन्नाथ बेदिया 387 और 77.4 प्रतिशत एवं पुष्पांजलि कुमारी पिता बजरंग साहू 383 अंक 76.6 प्रतिशत लाकर

विद्यालय टॉप 10 में जगह बनाई है। बेहतर रिजल्ट एवं उज्जवल भविष्य के लिए सभी सफल छात्राओं को बीआरपी अभय कुमार, सीआरपी दीपक कुमार, विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होरील महतो, वार्डेन लीलावती कुमारी, लेखापाल सोनी महतो, शिक्षिका निशि रानी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, रुबी कुमारी, शिक्षक सीताराम महतो, चिंतामणि महतो सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के वार्डेन लीलावती कुमारी ने दी है।

डॉ.डेजी सिन्हा को झारखंड रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। एक ऐतिहासिक अवसर पर जिसने गर्व और सराहना के साथ गूंजा, मारवाड़ी कॉलेज, राँची के प्रतिष्ठित फैशन डिजाइनिंग विभाग के हेड, डॉ। डेजी सिन्हा को महान खँ१ ँल्लों फ्ंल्लं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राज्य में मान्यता की शिखर है, डॉ।

फैशन शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा

सिन्हा के अटल समर्पण, गहरा प्रभाव और फैशन शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान को दशार्ता है। पुरस्कार समारोह, एक महान उत्सव, 28 अप्रैल, 2024 की प्रसिद्ध शाम को हुआ, राँची क्लब के महान स्थल पर, जहाँ विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध व्यक्तित्व उनके अद्वितीय यात्रा का समर्थन करने के लिए एकत्र हुए। डॉ.डेजी सिन्हा ने दो दशक से अधिक का समय लगातार अपने अद्वितीय विशेषज्ञता, प्रेम और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए, आगे के फैशन उत्साहियों के भविष्य को आकार देने में एक गाइडिंग लाइट बनी हैं। उनका निरंतर प्रयास प्रशस्ति की ओर और नवाचार की दिशा में है जो उनके द्वारा मारवाड़ी कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग को अव्वल सफलता और प्रशंसा के उच्च स्तरों तक उठा लाया है। उनके निरंतर मार्गदर्शन और मार्गदर्शन के तहत, छात्र न केवल शैक्षिक रूप से फल प्राप्त किए हैं, बल्कि वे संगीती यात्राओं पर भी निकल गए हैं, अपनी नवाचारात्मक डिजाइन और रचनात्मक प्रकार से उत्कृष्ट करियर का निर्माण करते हुए। डॉ. सिन्हा की प्रभाव क्षेत्र के परिमाण का परिमाण न केवल कक्षा के अंतर्मुख में ही है, बल्कि उनके छात्रों की प्राप्तियों को उनकी मेंटरशिप और मार्गदर्शन का प्रमाण है। उनके कई संगीतों ने विदेशी भूमि में कदम रखा है, उनके नवाचारात्मक डिजाइन और रचनात्मक शक्ति से आंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी प्राप्तियां प्रेरणा के प्रकाश में सेवा करती हैं, डॉ। सिन्हा द्वारा शिक्षा और मार्गदर्शन दिए गए पूर्ण शिक्षा और उपयोगी दृष्टिकोण का प्रतिबिम्ब होता है। जो कुछ डॉ। डेजी सिन्हा को अलग करता है वह न केवल उनका शैक्षिक कुशलता या पेशेवर पुरस्कार है, बल्कि उनका अद्वितीय उद्देश्य को समझने का समर्थन करने का भी निश्चित करता है। उनका दृष्टिकोण न केवल तकनीकी दक्षता को ही बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और स्थायित्व पर भी जोर देता है। इसके अलावा, डॉ। सिन्हा का प्रभाव शिक्षा और फैशन उद्योग के बाहर भी है, क्योंकि उनकी प्रतिष्ठा फैशन उद्योग में अद्वितीय है। कंपनियां और संगठन उनका सम्मान करते हैं, उनके छात्रों की गुणवत्ता और क्षमता को मानते हैं। प्रसिद्ध फैशन हाउस छात्रों को डॉ। सिन्हा की अनुमोदन पर ही नियुक्त करना आम बात नहीं है, उनकी विश्वसनीयता और उनकी छात्रों की क्षमता का प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ. डेजी सिन्हा एक प्रेरणा और शक्तिप्रद मूर्ति हैं, विशेष रूप से शिक्षा और फैशन उद्योग में आगामी महिला नेताओं के लिए।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर उपायुक्त किया निरीक्षण

दबंग हिन्द,हजारीबाग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं संत कोलंबा महाविधालय, हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर, पंजी व आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, बरही एसडीओ व अन्य मौजुद रहे।

संजय कुमार मेहता लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दर्ज किया

दबंग हिन्द,हजारीबाग। लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में संजय कुमार मेहता ने निवार्ची पदाधिकारी, 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र श्रीमति नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया।

प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह

दबंग हिन्द,संवाददाता

बड़कागांव। प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभागार भवन में झारखंड अधिविध परिषद माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया एवं संचालन मनीष चंद्र पांडे, सूरज नीरव तथा अशोक कुमार राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीन रंजन, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शिक्षक अशोक राम ने सर्वप्रथम विगत वर्ष के विद्यालय की उपलब्धियां को रखा। इन्होंने बताया कि विगत वर्षों में हमारे विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है।



मुख्य अतिथि ने कहा कि रिया कुमारी ने पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर हमारे जिले का नाम रोशन की है। इसी तरह अन्य छात्र भी आगे बेहतर प्रदर्शन करे। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मैं पुनः अगले वर्ष आकर टॉपर को सम्मानित करूंगा। प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया ने कहा कि हम अगले वर्ष इससे भी बेहतर रिजल्ट देने का कार्य करेंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि हम विद्यालय का रिजल्ट बेहतर हो इसके लिए पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान उन्होंने रिया कुमारी को विशेष बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने माध्यमिक परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और परिस्थिति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण का केंद्र रिया कुमारी थी। जिसने राज्य में आठवां स्थान प्राप्त किया था। टॉपर कोयल भारती, परी कुमारी, सानू कुमार, अमित कुमार, रश्मि कुमारी, अनामिका कुमारी, रूपा कुमारी, सलोनी कुमारी, जय राज कुमार, निशु कुमारी और रिशु कुमारी को मेडल और प्रस्शति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक कुलेश्वर कुमार, राजेश रंजन गुप्ता, अमित शर्मा, संतोष कुमार, रूपा स्वप्न, निखत उस्मानी, कुंती कुमारी, तसलीमा खातून, सुधा कुमारी, अर्जुन प्रसाद, विकास राजवार, मदन कुमार, धनेश्वर राम, आनंद कुमार नाग, नीरज कुमार, राहुल कुमार चौधरी, विवेक कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, महेंद्र मांझी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप कुमार सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने आवाज बंद करने की दी हिदायत- सुप्रियो

बिना होटवार जेल गए आवाज बंद नहीं होगी- सुप्रियो भट्टाचार्य

जमीन घोटाले में ईडी लगातार नए खुलासे कर रही है। इस बीच कोर्ट में कई सबूत भी पेश कर रही है। अब अदालत में जांच एजेंसी के दावा किया कि अंतु तिर्की और सुप्रियो भट्टाचार्य के वॉट्सएप मैसेज का रिकॉर्ड उसके पास है जिसमें ट्रांसफर–पोस्टिंग की पैरवी के प्रमाण हैं। इसे लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। सुप्रियो ने कहा कि बिना जेल गए मेरी आवाज बंद नहीं होगी।

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को ईडी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे केंद्रीय एजेंसी के टारगेट पर हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें ज्यादा नहीं बोलने और आवाज बंद रखने की हिदायत दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने कोर्ट में दावा किया है कि गिरफ्तार किए गए जमीन दलाल अंतु तिर्की और सुप्रियो भट्टाचार्य के वॉट्सएप संदेश का रिकॉर्ड उसके पास है, जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग की पैरवी के प्रमाण हैं।

बिना होटवार जेल गए आवाज बंद नहीं होगी- सुप्रियो भट्टाचार्य : सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनौती देते हुए कहा कि बगैर होटवार जेल गए उनकी आवाज बंद नहीं होगी। वे समाज के बीच रहते हैं और हर प्रकार के लोगों से उनका सरोकार भी है। ये (ईडी) हमारे मुंह पर कालिख पोतना चाहते हैं। जिस चार चैट के बारे में बताया जा रहा है, उसका स्क्रीन शॉट कैसे सार्वजनिक हो गया? अंतु तिर्की के मोबाइल में तो और भी लोगों के संदेश होंगे। उन्होंने कहा कि ईडी चाहती है कि झामुमो के इस चेहरे को काला कर दो, मगर यह काला नहीं होगा। यही होगा कि अपने नेता का साथ निभाने को होटवार जेल जाना पड़ेगा। बिना होटवार गए उनकी आवाज बंद नहीं होगी। वहां से भी वे रोजाना प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगे और उसे अधीक्षक के माध्यम से मीडिया में प्रेषित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर साधा निशाना : झामुमो ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को निशाने पर लिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पवन बजाज नामक व्यक्ति के साथ मिलकर बुंडू अंचल में 1400 एकड़ मुंडा खूंटकट्टी जमीन हड़प लिया।

चूना शाह बाबा की चादरपोशी में उमड़े अकीदतमंद, पेश की गई चादर, मांगी दुआ

दबंग हिन्द,जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चूना शाह बाबा के 55वें सालाना उर्स शरीफ के तीसरे दिन दरगाह कमिटी के गद्दीनशीन ताज अहमद के नेतृत्व में मंगलवार सुबह 10 बजे चादर व संदल गस्त किया गया। इसके बाद चादर दरगाह से निकलकर बिष्टुपुर मुख्य मार्ग से होते हुए वापस दरगाह पहुंचा। दोपहर 1:20 बजे चादरपोशी की गई। इस दौरान दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा काफी संख्या में कमिटी के सदस्य उपस्थित थे। 1 मई (बुधवार) 2 बजे दिन से लंगर का वितरण और रात 9 बजे कव्वाली का शानदार आयोजन होगा, जिसमें फनकार असलम निजामी कव्वाल एंड पार्टी कानपुर, यूपी और मोईन निजामी कव्वाल एंड पार्टी कानपुर, यूपी कलाम पेश करेंगे।



हीरामंडी के बाद अक्षय कुमार के साथ धमाल मचाएंगे फरदीन

फरदीन खान लंबे समय के बाद संजय लीला भंसाली की हीरामंडी के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। अब इस प्रोजेक्ट के बाद फरदीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल-खेल में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की है। बड़े मियां छोटे मियां फ्लॉप होने के बीच अक्षय कुमार की नई कॉमेडी फिल्म खेल-खेल में की रिलीज डेट का एलान हो गया है। लगातार फ्लॉप देने के बाद भी खिलाड़ी कुमार की झोली में कई फिल्में हैं। अभिनेता अब अपनी आगामी फिल्म खेल-खेल में को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म से एक बार फिर अपनी कॉमिक जोन में एंट्री करने जा रहे हैं। इस बार स्क्रीन पर उनका साथ अभिनेता फरदीन खान देने वाले हैं। खेल-खेल में अक्षय अपने पुराने कॉमिक जोनर में नजर आने वाले हैं। ऐसे में उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को एक बार फिर खिलाड़ी कुमार से कनेक्ट कर पाएगी। वहीं, बीते दिन भूल भुलैया के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने भी अक्षय कुमार के साथ एक हॉरर फैंटेसी फिल्म पर मुहर लगाई है। बता दें कि अक्षय की यह कॉमिक फिल्म 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म मेकर्स टी-सीरीज ने अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, फरदीन खान, वाणी कपूर, पंजाबी एक्टर और सिंग एमी वर्क और प्रज्ञा जायसवाल स्टारर इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म की स्टार कास्ट संग एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट पर मुहर लगा दी है।

मैं बहुत अकेली थी, यह डरावना अनुभव था, हॉलीवुड में शुरुआती संघर्ष पर छलका प्रियंका का दर्द

बॉलीवुड से हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की दीवानगी दुनियाभर में है। प्रियंका ने अपने दम पर यह पहचान बनाई है। बॉलीवुड में सिक्का जमाने वाली देसी गर्ल ने 2017 में हॉलीवुड का रुख किया। उन्होंने बेवॉच से डेब्यू किया। हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा को शुरुआत में काफी संघर्ष करना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने बताया कि इस खराब दौर से वह कैसे उबरीं?

पश्चिम में अपने संघर्ष के दौर के बारे में प्रियंका ने कहा, यह एक ऐसी इंडस्ट्री थी जिसके बारे में मुझे जानकारी नहीं थी। वहां के लोगों को मैं नहीं जानती थी। ऐसे दोस्त नहीं थे, जो सुबह दो बजे कॉल करें। वह बहुत महत्वपूर्ण था। मैं बहुत अकेली थी और यह बहुत डरावना अनुभव था। यह सब न्यूयॉर्क सिटी का किस्सा था, जो यूं भी एक चुनौतीपूर्ण शहर है। वह मेरी जिंदगी का एक काला दौर था।

प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा कि अपने देश में काफी दबदबा होने के बावजूद उन्हें वहां फिर से करियर शुरू करने के लिए मजबूर किया गया। यहां तक कि शुरुआत में प्रियंका के साथ लोगों ने मीटिंग तक करने के लिए इनकार कर दिया, यह उनके लिए बड़ा झटका था। हालांकि, प्रियंका हिम्मत से डटी रहीं और इस मुश्किल वक्त में भी खुद को टूटने से बचाया। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं बहुत महत्वाकांक्षी महिला हूं। मैं बहुत तेजी से आगे बढ़ती हूं। मैं हमेशा यही चाहती हूं कि सबकुछ सुलझ जाए। मैं किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश में रहती हूं। हाालंकि, ऐसी भी स्थिति का सामना करना पड़ता है, जब कोई समाधान या उपाय नहीं मिलता। आपको उस स्थिति को स्वीकार करना चाहिए। यही वह सबक है, जिसने मुझे सक्षम बनाया है। मुझे लहर से लड़ने के बजाय उस पर सवार होना पसंद है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने आगामी प्रोजेक्ट हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा बीते महीने उन्होंने ब्लफ का भी एलान किया। बीते दिनों प्रियंका चोपड़ा भारत दौरे पर थीं। इस दौरान उन्होंने होली का त्योहार भी यहां अपने परिवार के साथ मनाया। इसके अलावा अभिनेत्री अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन करने भी पहुंचीं।

खुद से कम उम्र की भूमिका निभाने में लारा को नहीं है दिलचस्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति – बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी उम्र के हिसाब से किरदार करने को लेकर बात की है। दरअसल, एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि पुरुष अक्सर अपनी वास्तविक उम्र से बेहद ही कम उम्र के किरदार कैसे निभाते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। लारा दत्ता ने अपनी बात को रखते हुए कहा, महिलाओं को अपनी उम्र के हिसाब से रोल मिल रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि ऐसा आगे भी होगा। क्योंकि अब तक के सबसे लंबे समय में हमने कभी भी इस देश में एक निश्चित उम्र से अधिक की महिलाओं का किरदार नहीं किया। यह हमेशा कॉलेज जाने वाली या 20 साल के हीरो के पहली बार प्यार में पड़ने वाला था। उन्होंने कहा, स्क्रीन पर महिलाओं का किरदार या तो मां का था, जिसने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। या फिर बुरी सास या पीड़ित बहू, वास्तविक महिलाओं को नहीं दिखाया गया। वह अपनी नई वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में एक राजनेता की भूमिका निभा रही हैं। इससे पहले उन्होंने बेलबॉटम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। लारा ने कहा, इसलिए मुझे यह पसंद है कि आज स्क्रीन पर ऐसी महिलाएं हैं जो सभी रूपों में हैं। आप जानते हैं शक्तिशाली महिलाएं और कमजोर महिलाएं, लेकिन जो महिलाएं 40, 50, 60, 70 की हैं, उन्हें अब स्क्रीन पर देखा जा रहा है, इसलिए मुझे उस किरदार को निभाने में कोई दिलचस्पी नहीं है जो अभी मेरी उम्र से कम हैं। उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वे 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' में दिखाई दी हैं। ये सीरीज 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। लारा दत्ता के साथ इसमें जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी समेत कई अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा उनके पास वेलकम टू द जंगल और रामायण जैसी फिल्में हैं।

आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे इमरान की एक्टिंग कमबैक फिल्म, 'हैप्पी पटेल' होगा टाइटल

आमिर खान के भांजे एक्टर इमरान खान अपने एक्टिंग कमबैक को लेकर चर्चा में हैं। सुनने में आया है कि वो जल्द ही एक कॉमेडी फिल्म से 9 साल बाद एक्टिंग कमबैक करेंगे। इस फिल्म को उनके मामा आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म का टाइटल 'हैप्पी पटेल' होगा। मेकर्स ने गोवा में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। एक्टर ने तकरीबन 8 महीने पहले ही अपने कमबैक को लेकर हिंट दे दिया था। माना जा रहा है कि वो तब से ही इस फिल्म की तैयारी कर रहे थे।

4 में से 2 हिट फिल्मों के प्रोड्यूसर रहे आमिर

इससे पहले 2008 में रिलीज हुई इमरान की डेब्यू फिल्म 'जाने तू या जाने ना' भी मामा आमिर खान ने ही प्रोड्यूस की थी। इसके बाद दोनों ने 2011 में रिलीज हुई 'देल्ही बेली' में भी साथ काम किया था। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं।

12 में से 4 फिल्में ही रहीं हिट

इमरान ने अब तक अपने करियर में 12 फिल्मों में काम किया जिसमें से सिर्फ 4 फिल्में 'जाने तू या जाने ना', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'देल्ही बेली' और 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' ही हिट रहीं।

हाल ही में इमरान ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो ओटीटी पर रिलीज होने वाली एक स्पाय सीरीज से एक्टिंग कमबैक करने वाले थे। इसमें वो एक इंटेलिजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले थे। इसे फिल्ममेकर अब्बास टायरवाला बनाने वाले थे पर यह कुछ कारणों से बन नहीं पाई।

करियर को देंगे नई दिशा भुवन बाम

भुवन बम की वेब सीरीज ताजा खबर को फैंस और दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। इस सीरीज को हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था। अब अभिनेता इसकी दूसरी श्रृंखला लेकर जल्द आएंगे। लेकिन उससे पहले अभिनेता भुवन बाम अपने करियर को नई दिशा देने के लिए दिल्ली से मुंबई शिफ्ट हो रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया में मिल रही लगातार उपलब्धियों की वजह से भुवन ने अब मुंबई में बसने का फैसला कर लिया है। यानी की अब भुवन दिल्ली से ज्यादा मुंबई में समय बिताने वाले हैं। उनको लगता है कि मनोरंजन की दुनियां उन्हें मुंबई खीच लाई है।

भुवन क्यों शिफ्ट होना चाहते हैं मुंबई

भुवन ने कहा, मेरी जिंदगी में करियर के इस अध्याय को लेकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। यह शहर (मुंबई) मनोरंजन की दुनिया में अपने अंदर अपार क्षमता और कभी खत्म ना होने वाली संभावनाओं से भरा हुआ है। मैंने इस शहर की जीवंत ऊर्जा को महसूस किया है, और अब जैसा की मेरे काम की जरूर है मैं ज्यादा समय के लिए यही हूं। मुझे ऐसा करते हुए काफी स्वाभाविक महसूस हो रहा है।

अपने करियर को देना चाहते हैं नई दिशा

भुवन बाम लगातार निर्माताओं से मिल रहे हैं और कई तरह की स्क्रिप्ट को गहराई से समझ रहे हैं। वह अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत में दिन रात एक करने में लगे हुए हैं, जिससे उनकी बॉलीवुड में बेहतर नींव तैयार हो रही है। उन्होंने मुंबई शिफ्ट होने का फैसला इसलिए भी लिया है ताकि वह भारतीय सिनेमा में अपनी मेहनत और लगन से खास जगह बना सकें। अपनी करिश्माई उपस्थिति और जबरदस्त परफॉर्मेंस से छा चुके भुवन बाम का मुंबई में शिफ्ट होना उनके फ्यूचर के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

आने वाली वेब सीरीज

निर्देशित हिमांक गौड़ की वेब सीरीज ताजा खबर 2 में महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब और नित्या माथुर अहम किरदार में नजर आएंगे। रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित ताजा खबर 2 जल्द ही डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

क्या गोविंदा की होने जा रही है पर्दे पर वापसी?

गोविंदा के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं। उन्होंने अपनी कई फिल्मों में दर्शकों को जमकर हंसाया है। उन्हें फिल्मों से दूर हुए पांच साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। लोग उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वह आखिरी बार साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला राजा में दिखाई दिए थे। अब इसी बीच फिल्म निर्देशक और लेखक अनीस बज्मी ने गोविंदा की वापसी को लेकर बातचीत की है।

कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं अनीस और गोविंदा

अनीस बज्मी अभिनेता गोविंदा की कई फिल्मों की कहानियां लिख चुके हैं। इनमें राजा बाबू, आंखें, दीवाना मस्ताना और शोला और शबनम शामिल है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अनीस बज्मी ने गोविंदा की कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ की है। अनीस ने गोविंदा के बारे में अपनी राय रखते हुए उन्हें एक महान अभिनेता भी बताया। गोविंदा की फिल्मों में वापसी के सवाल पर अनीस बज्मी ने कहा कि केवल मैं ही वह शख्स नहीं हूं, जो गोविंदा के साथ काम करना चाहता है। कई लोग हैं, जो उनके साथ काम करने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन उन्हें साथ काम करने का मौका मिलेगा और उन्हें लगेगा कि उस फिल्म में गोविंदा को खास भूमिका निभानी चाहिए तो वह उनसे संपर्क करेंगे। अनीस ने आगे कहा कि वह दोनों काफी लंबे वक्त से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्हें मालूम है कि गोविंदा के लिए क्या कुछ अच्छी कहानी लिखी गई है और अगर वह उसमें काम करेंगे तो यह बहुत अच्छा होगा।



न्यूयॉर्क में टाइम 100 की शोभा बढ़ाएंगे आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। आयुष्मान खुराना न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टाइम्स 100 गाला कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों का सम्मान किया जाएगा। अभिनेता को टाइम मैगजीन द्वारा दो बार सम्मानित किया जा चुका है। आयुष्मान आज टाइम 100 गाला के इस कार्यक्रम में दुनिया के सबसे बड़ी पॉप सिंगर दुआ लीपा के साथ दिखाई देंगे। आयुष्मान खुराना को टाइम मैगजीन द्वारा दो बार सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2023 में टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वह इस पुरस्कार के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय थे। इसके साथ ही अभिनेता को 2020 में टाइम 100 के लिए दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में चुना गया था। आज इसी मैगजीन के इवेंट की अभिनेता शोभा बढ़ाएंगे। अभिनेता को अपने विघटनकारी सिनेमा ब्रांड के माध्यम से भारत में कंटेंट को बढ़ाने में उनके योगदान के साथ-साथ यूनिसेफ एम्बेसडर के रूप में बाल अधिकार संरक्षण के लिए उनके कार्य के लिए ये सम्मान प्राप्त हुए हैं। आयुष्मान खुराना पिछले साल टाइम 100 इम्पैक्ट अवार्ड के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय थे।



टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे रोहित, पांड्या होंगे उपकप्तान

मुम्बई (एजेंसी)। बीसीसीआई ने एक जून से वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए की 15 सदस्यीय घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे जबकि हार्दिक पांड्या को उप-कप्तान बनाया गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 09 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा।

टीम में विराट कोहली के साथ यशस्वी जायसवाल को जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव की भी टीम में वापसी हुई है। इसी के साथ ही विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन दोनों को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर के रूप में शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल नजर आएंगे।

गेंदबाजों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की जोड़ी एक बार फिर मैदान पर दिखाई देगी जबकि प्रभावी अर्शधीप सिंह को मौका दिया गया है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज भी नजर आएंगे। टीम में मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली है क्योंकि वह रिकवरी पर हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रिजर्व के तौर पर रखा गया है।

टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान

टी20 विश्व कप 2024 में भारत का शेड्यूल

05 जून : भारत बनाम आयरलैंड, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

09 जून : भारत बनाम पाकिस्तान, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

12 जून : यूएसए बनाम भारत, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

15 जून : भारत बनाम कनाडा, सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क एंड ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल

मैड्रिड ओपन : नडाल ने कड़े मुकाबले में केचिन को हराया, स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंची

मैड्रिड (एजेंसी)। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत 11वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने पांचवीं वरीय मारिया सकारी को 6-4, 6-4 से हराया।

इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, आर्चर की वापसी, दो नए चहेरे भी शामिल

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड ने जून में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी शामिल किया गया है।

आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबरने के बाद एक साल में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। 2021 के बाद से उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है, जिसमें तनाव फ्रैक्चर और बार-बार कोहनी की समस्याओं से लेकर सर्जरी से गुजरना शामिल है। 29 वर्षीय तेज गेंदबाज की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आखिरी उपस्थिति एक साल पहले मार्च 2023 में इंग्लैंड के बांग्लादेश दौरे पर हुई थी।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडर टॉम हार्टले एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने बल्लेबाज विल जैक आईसीसी विश्व टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया। सभी टीमों को 25 मई तक अपने दस्तों में बदलाव करने की अनुमति है जिसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा यह टीम अगले महीने लीड्स में चार मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान से भी भिड़ेगी।

इंग्लैंड क्रिकेट ने कहा कि चयनित खिलाड़ी जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए समय पर लौट आएंगे, जो 22 मई को हेडिंग्ले में शुरू हो रही है। विश्व कप टीम 4 जून को केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले 31 मई को कैरेबियन के लिए उड़ान भरेगी।

टी20 विश्व कप और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की प्रारंभिक टीम

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन , आदिल रशीद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, और मार्क वुड.

पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके

चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम ने अपने पिछले मुकाबले में यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिससे वह अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस मैच में सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा शिवम दुबे, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र पर रहेगी। रविन्द्र अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में जमकर रन बनाना रहेगा। वहीं गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना आदि पर रहेगी। उसे पंजाब के निचले क्रम के बल्लेबाजों आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पर अंकुश लगाना होगा क्योंकि ये दोनो ही आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिला देते हैं।

सुपरजाइंट्स के खिलाफ कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रनों की शानदार पारी खेली थी जबकि गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए थे। यहां की पिच गेंदबाजों के लिए सहायक रहती है जिसका लाभ भी सीएसके के गेंदबाज उठाना चाहेंगे। यहां ओस नहीं पड़े तो फिर दूसरी पारी में रन बनाना कठिन होता है। ऐसे में टॉस की अहम भूमिका रहेगी और पहले गेंदबाजी करने वाली टीम लाभ में रहेगी हालांकि ओस गिरने पर हालात बदल जाते हैं।

इस मैदान पर सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 200 से अधिक रन बनाये थे। इससके बाद उसने अच्छी गेंदबाजी कर सनराइजर्स को हराया था। ऐसे में पंजाब के लिए चेपॉक पर खेलना आसान नहीं रहेगा। पंजाब ने हालांकि इस सत्र में एक बार लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है और वह जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पंजाब की बात करें तो टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह के अलावा शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान सैम कुरेन, कागिसो रबादा जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

टीम

चेन्नई सुपरकिंग्स- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

पंजाब किंग्स- शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

अकरम की तरह तेजी से ओवर पूरा करते हैं जडेजा : सिद्धू

चेन्नई । पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं। अब सिद्धू ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की तुलना पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर वसीम अकरम से की है। सिद्धू ने ये बात जडेजा के तेजी से ओवर पूरे करने को लेकर कही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अकरम जल्दी से ओवर पूरा किया करते थे, वैसे ही जडेजा भी तेजी से ओवर पूरा करते हैं। सिद्धू ने कहा जब ओवर पूरा करने की बात आती है तो जडेजा अकरम की तरह तेजी से गेंदबाजी करते हैं। इससे बल्लेबाजों पर दबाव बना रहता है क्योंकि उन्हें आराम का कोई अवसर नहीं मिलता। इसके अलावा सिद्धू ने बल्लेबाज शाहरुख खान को लेकर कहा कि वह प्रतिभाशाली है और पाक के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की तरह गेंद पर प्रहार करता है लेकिन उसे अपना विकेट बचाकर खेलना होगा और प्रदर्शन में निरंतरता दिखानी होगी।

श्रेयस अय्यर के आईपीएल में 3 हजार रन पूरे, इस लिस्ट में पाया 5वां स्थान

कोलकाता (पश्चिम बंगाल) । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 3,000 रन पूरे कर लिए। भारतीय बल्लेबाज ने ईडन गार्डन्स के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। अय्यर ने 23 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 33 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। अय्यर अब तक 110 मैचों में 32.20 की औसत और 126.28 की स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतक के साथ 3,027 रन बना चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 है। अय्यर ने पहली बार 2015-2021 तक दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया और 2022 में नाइट्स में शामिल हुए। दिल्ली के लिए 87 मैचों में अय्यर ने 31.75 की औसत और 123.96 की स्ट्राइक रेट से 16 अर्धशतकों के साथ 2,375 रन बनाए हैं। कैपिटल्स के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 रन था। केकेआर के लिए अय्यर ने 23 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.52 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतकों के साथ 652 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 85 रहा है।

किसी खास शैली की नकल न करें पाक खिलाड़ी : गिलेस्पी

लाहौर (एजेंसी) । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने टीम के खिलाड़ियों से कहा है कि वे अपनी शैली में बदलाव न करते हुए अपना स्वाभाविक खेल ही खेलें। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रहे गिलेस्पी के अनुसार किसी खास शैली की नकल उन्हें भारी पड़ सकती है। कोच के अनुसार वह चाहते हैं कि उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने तरीके से ही खेलें। साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रवैया रखना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गिलेस्पी को अगले दो साल के लिए टीम को कोच बनाया है।

वहीं सीमित ओवरों के लिए कोच की कमान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज रहे गैरी कर्स्टन को दी गयी है। कर्स्टन के कोच रहते ही भारत ने साल 2011 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। गिलेस्पी ने कहा, 'मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो। मेरे लिए यही बात सबसे अहम है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने का प्रयास

नहीं करना चाहिये जो आप नहीं हो।'

गिलेस्पी ने कहा, 'आप इसे कैसे करते हैं ये आपके ऊपर है। मैं केवल इतना कहूंगा कि सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें। चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और प्रशंसकों का मनोरंजन करें।' गिलेस्पी ने कहा, 'एक ऐसा समय भी आएगा जब आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और यही टेस्ट क्रिकेट है। यह आपके कौशल, मानसिक क्षमता और धैर्य की परीक्षा लेता है। इसमें ऐसा समय भी होता है जब आपको आक्रमण करना होता है और कभी कभी विरोधी टीम पर दबाव भी बनाना होता है।

कोच ने कहा कि पाक के पास कुशल खिलाड़ी हैं पर उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर हम जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में उतनी निरंतरता ला सकें तो उम्मीद है कि स्कोरबोर्ड पर रन होंगे तो भी हम कुछ जीत हासिल कर सकते हैं। मुझे पता है कि वे बहुत प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों को यह तय करने की जरूरत है कि वे स्वयं को कैसे देखना चाहते हैं और हम ऐसा कैसे कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'टीम के पास जीत के लिए जरुरी सभी कुछ है। मैं बल्लेबाजी में प्रतिभाशाली और रोमांचक खिलाड़ियों को देखता हूं। उनमें से कई बहुत अच्छे स्ट्रोक खेलने वाले खिलाड़ी हैं। ये तकनीकी रूप से बहुत कुशल खिलाड़ी भी हैं।' उन्होंने कहा, ' टीम के पास ऐसे भी तेज गेंदबाज हैं जो तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और गेंद को स्विंग कराते है। इसके अलावा ऐसे स्पिनर भी हैं जो गेंद को तेजी से स्पिन कराते हैं।'

पृथ्वी की मुश्किलें बढ़ीं , सपना की याचिका पर सत्र अदालत ने भेजा समन

मुंबई । क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ रही हैं। मुंबई की एक सत्र अदालत ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सपना गिल की याचिका पर पृथ्वी को समन जारी किया। सपना ने अपनी इस याचिका में इस क्रिकेटर के खिलाफ एक मजिस्ट्रेट के

आदेशों को चुनौती दी है। अंधेरी की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने इस महीने की शुरुआत में सपना की याचिका पर उस घटना को लेकर पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिसमें एक पब में कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ करने के लिए पृथ्वीके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने हालांकि सपना की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें क्रिकेटर और उसके दोस्त के खिलाफ उनकी शिकायत पर मामला दर्ज करने में विफल रहने के लिए पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। दोनों आदेशों से असंतुष्ट नजर आयीं सपना ने इसके बाद मलाड की एक सत्र अदालत के समक्ष एक समीक्षा आवेदन दायर किया। वकील अली काशिफ खान के माध्यम से दायर इस समीक्षा आवेदन में दावा किया गया है कि 3 अप्रैल को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश अनियमित और अवैध है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी।

दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की, दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को मिली जगह

जोहान्सबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1-29 जून तक खेले जाने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें एडेन मार्कराम टीम का नेतृत्व करेंगे। टी20आई कप्तान बनाए जाने के बाद यह मार्कराम का पहला विश्व कप होगा। टीम में अनुभवी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और होनहार ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं। इसके अलावा, टीम में दो अनकैप्ड टी20आई खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन भी शामिल हैं। रिकेलटन एमआई केप टाउन के लिए 58.88 की औसत से 530 रन के साथ ܣ20 के दूसरे संस्करण के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में रहे जबकि बार्टमैन ने गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए आठ मैचों में 18 विकेट लिए और वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं। कैगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्टजे तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उन्हें मार्को जेन्सन और गेराल्ड कोएत्ज़ी का समर्थन प्राप्त होगा। अन्य उल्लेखनीय चयनों में तीन फ्रंट-लाइन स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, केशव महाराज और तबरेज़ शम्सी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'हाल ही में खेले गए टी20 क्रिकेट की मात्रा और जिस तरह का फॉर्म दिख रहा है, उसे देखते हुए इस समूह का चयन करना बेहद कठिन था। मैं दो अनकैप्ड खिलाड़ियों, रयान और ओटनील को उनके चयन पर बधाई देना चाहता हूं। हमने 2024 में अपने खिलाड़ियों का कुछ अविश्वसनीय प्रदर्शन देखा है और इससे मेरा काम वास्तव में बहुत कठिन हो गया। फिर भी मुझे गर्व और विश्वास है कि हमने सबसे मजबूत संभावित टीम का चयन किया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वेस्ट इंडीज और यूएसए में सफलता की पूरी संभावना है।'

टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम- एडेन मार्कराम, ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्ज़ी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज़ शम्सी, और ट्रिस्टन स्टब्स।

पीबीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी का कार्यक्रम आईसीसी के पास भेजा

-भारत सहित सभी टीमों के मैच पाक में ही रखे गये

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत सहित सभी टीम के मैच पाक में ही रखें है जबकि भारतीय टीम के वहां जाने की कोई संभावना नहीं हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी भेजा है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पूरे पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी पाक करेंगा और किसी भी टीम के मैच तटस्थ स्थल पर कराने की कोई योजना नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी के इस नौवें सत्र में शीर्ष 8 एकदिवसीय टीमें शामिल होंगी। इस टूर्नामेंट की शुरुआत फरवरी और मार्च 2025 में होगी। नकवी ने कहा कि पीसीबी ही इस पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करना चाहता है। नकवी ने कहा कि, हम पाक में पूरी चैंपियंस ट्रॉफी चाहते हैं। इसी कारण हमने आईसीसी को कार्यक्रम भेज दिया है। जहां तक सुरक्षा की बात है आईसीसी की टीम ने पाक का दौरा किया था और वह हमारे सुरक्षा इंतजामों से संतुष्ट दिखी है। पीसीबी को उम्मीद है कि भारतीय टीम इसमें शामिल होगी। हालांकि उसकी उम्मीदें पूरी होने की कोई संभावना नहीं है। इसका कारण है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से शायद ही पाक का दौरा करे। पिछले साल हुए पाक में हुए एशिया कप में भी भारतीय टीम शामिल नहीं हुई थी और उसके सभ मैच श्रीलंका में आयेजित किये गये थे। इस बार भी भारतीय टीम के पाक दौरे की कोई संभावना नहीं है। दूसरी ओर पीसीबी इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर दबाव बनाना चाहता है।

एआईएफएफ अध्यक्ष ने अतीत में गलत प्राथमिकताओं का मुद्दा उठाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि अतीत में केवल ओलंपिक और एशियाई खेलों में भाग लेने पर ध्यान केंद्रित करने की देश की गलत प्राथमिकता के कारण शायद मौका गंवाया गया और विश्व स्तर पर टीम लगभग निचले स्तर पर है।

भारत की फीफा रैंकिंग में इस समय गिरावट आ रही है जिसका कारण एशियाई कप में उसका एक भी मैच नहीं जीतना और उसके बाद 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में निचली रैंकिंग वाले अफगानिस्तान से 1-2 से हार है। भारत के पूर्व गोलकीपर चौबे ने 1974 एशियाई युवा चैंपियनशिप में भारत की जीत के 50 साल के जश्न के मौके पर कहा, ''1947 से 1960 तक भारत ने नियमित रूप से चार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और एशिया की दिग्गज टीम थे। तो भारत कहां पीछे रह गया? 1990 के दशक की शुरुआत में भी, जब मैं खेला करता था तब मुझे याद है कि भारत की रैंकिंग 90 से नीचे थी।''

उन्होंने कहा, ''अगर भारत विश्व कप (1950) में खेलता तो उन्हें शीर्ष रैंकिंग वाले देशों का सामना करना पड़ता और वे पिछड़ते नहीं।'' विश्व कप 1950 में जगह बनाने के बावजूद भारत इसमें क्यों नहीं खेला यह एक विवादास्पद विषय रहा है लेकिन चौबे ने कहा कि उस समय भारत की प्राथमिकता दिल्ली में होने वाले एशियाई खेल (1951) थे जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा, ''मुझे पता चला कि हम इसलिए नहीं खेले क्योंकि भारत 1951 में दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी कर रहा था। वे जहाज से तीन महीने की यात्रा नहीं करना चाहते थे और विश्व कप को महत्व नहीं दिया।''

चौबे ने कहा, ''हम शायद 1950-74 तक केवल एशियाई खेलों और ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के कारण चूक गए होंगे।'' उन्होंने दावा किया कि उन दिनों विश्व कप लोकप्रिय नहीं था और 1986 में डिएगो माराडोना को देखने के बाद ही भारत में फुटबॉल की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की लोकप्रियता बढ़ी। चौबे ने कहा, ''अगर मैं गलत नहीं हूं तो 1986 में टेलीविजन पर माराडोना को देखने के बाद ही विश्व कप लोकप्रिय हुआ। तब तक 1970 के दशक का सुनहरा दौर खत्म हो चुका था और हम मौके से चूक गए।'' उन्होंने कहा, ''यह 400 मीटर की दौड़ में पहला लैप चूकने जैसा है। हम शायद तेजी से दौड़ रहे हैं लेकिन 400 मीटर की दौड़ में बाकी लोग एक लैप (100 मीटर) आगे हैं।''

एआईएफएफ प्रमुख ने स्वीकार किया कि भारत को अन्य देशों से आगे निकलने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। चौबे ने कहा, ''इसलिए हमें इसकी भरपाई के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा। कोई जादुई फॉर्मूला नहीं है। यह एक बड़ा देश है और इसमें सुधार की काफी गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि जागरूकता और नई तकनीक को अपनाकर उम्र में हेराफेरी को रोकना महत्वपूर्ण है। चौबे ने कहा, ''सबसे पहले अधिक उम्र की समस्या से निपटना होगा। हमें उम्र में हेराफेरी को रोकना होगा, यह विज्ञान के माध्यम से या जागरूकता बढ़ाकर हो सकता है। हमें दूसरों को शिक्षित करना होगा। एक टीडब्ल्यू3 मेडिकल परीक्षण भी है जिसे अनिवार्य बनाया जा सकता है।

हसी ने बताया रूतुराज की सफलता का राज

चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा है कि उसे पता है कि कब क्या करना है। हसी ने कहा कि रूतुराज गेंदबाजों से एक कदम आगे चलता है जिससे उसे पता चल जाता है कि किस गेंद को कैसे खेलना है। हसी ने कहा, '' मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है जिससे गेंद आसानी से सीमा रखा के पार निकल जाती है।'' कोच ने कहा, '' वह चालाक बल्लेबाज है। उसे पता है कि किस गेंद पर स्ट्रोक खेलना है और किस पर नहीं। वह स्पिन गेंदों के साथ ही तेज गेंदबाजी का सामना भी आसानी से करता है। इससे वह मैदान के चारों ओर तेजी से रन बनाता है।'' साथ ही कहा, '' वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है। इसी कारण उसकी बल्लेबाजी देखने में आनंद आता है।

खुद को सरकारी अधिकारी बता कारोबारी से 2 करोड़ की धोखाधड़ी की

ठाणे। महाराष्ट्र में नवी मुंबई के 42 वर्षीय एक कारोबारी से खुद को सरकारी अधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति ने 2 दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आज यह जानकारी दी। नवी मुंबई में नेरुल निवासी पीड़ित को कोविड-19 महामारी के दौरान कारोबार में नुकसान हुआ था। नेरुल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2021 में वह पड़ोसी मुंबई में परेल निवासी आरोपी के संपर्क में आया जिसने खुद को केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय में एक उच्च अधिकारी बताया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पीड़ित को यह दावा करते हुए कर्ज दिलाने का दावा किया कि उसकी एक बैंक के सीईओ से जान-पहचान है। उसने कर्ज के लिए एक संपत्ति गिरवी रखने का प्रस्ताव भी किया। पीड़ित ने उसे बताया कि उसके पास गिरवी रखने के लिए संपत्ति नहीं है। इसके बाद आरोपी ने उसे एक अन्य व्यक्ति के बारे में बताया जो कर्ज ले रहा है। उसने दावा किया कि वह व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रख सकता है और कर्ज की राशि दोनों के बीच समान रूप से वितरित हो सकती है। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने इस झांसे में आकर उसे 2 करोड़ रुपये दे दिए जो उसे पुणे मेट्रो परियोजना के लिए तेलंगाना के एक ठेकेदार से मिले थे। जब पीड़ित ने कर्ज मांग रहे दूसरे व्यक्ति और बैंक अधिकारी से मिलने के लिए कहा तो ठग ने उससे बात करना बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर नेरुल पुलिस थाने ने शनिवार को धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपी के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

स्मृति ईरानी के पास 8.75 करोड़, राजनाथ सिंह के पास 6.46 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी है

लखनऊ/अमेठी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से ज्यादा धन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पास है। इसका खुलासा सोमवार को दोनों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे में हुआ। स्मृति के पास 8.75 करोड़ व राजनाथ सिंह के पास 6.46 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी है। राजनाथ सिंह की संपत्ति 8 साल में 40 फीसद बढ़ी है। वर्ष 2019 में उनकी संपत्ति 4.62 करोड़ रुपये की थी। अब यह बढ़कर 6.46 करोड़ रुपये हो गई है। लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे राजनाथ सिंह ने अपने पास 75 हजार व पत्नी के पास 45 हजार की नकदी की जानकारी दी है। उनके पास 1 रिवॉल्वर और एक 2 नाली बंदूक भी है। साथ ही 4.20 लाख रुपये का सोना और 4 लाख के रत्न हैं। उनकी पत्नी के पास 52.50 लाख का सोना और 9.37 लाख की चांदी है। उनकी पत्नी के पास कुल 90.71 लाख की संपत्ति है। यही नहीं उनके खिलाफ कोई आपराधिक मुकदमा नहीं है। वहीं स्मृति जुबिन ईरानी की संपत्ति 8 करोड़ 75 लाख 24 हजार 296 रुपये है। उनके पति की कुल संपत्ति 8 करोड़ 81 लाख 77 हजार 790 रुपये है। 5 साल में उनकी संपत्ति 4 करोड़ 4 लाख 22 हजार 348 रुपये बढ़ी है। जबकि उनके पति की संपत्ति में भी 4 करोड़ 14 लाख 19 हजार 976 रुपये का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि स्मृति ईरानी अमेठी सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। वह 2014 के चुनाव में हार गई थीं। इसके बाद 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को हराया था। 2024 में भाजपा ने फिर उन्हें मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने अभी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

नाबालिग के माता-पिता का मन बदला, कोर्ट ने वापस लिया गर्भपात कराने का आदेश

नयी दिल्ली। 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता द्वारा अपना मन बदलने के बाद सुप्रीमकोर्ट ने अपना 22 अप्रैल का आदेश वापस ले लिया, जिसमें उसने लड़की को 30 सप्ताह का गर्भ को गिराने की अनुमति दी थी। सुप्रीमकोर्ट ने नाबालिग लड़की का कल्याण ''बेहद महत्वपूर्ण'' बताते हुए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए नाबालिग को गर्भपात कराने की अनुमति दी थी। अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को किसी भी मामले में पूर्ण न्याय के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार है। सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले की सुनवाई की और पीठ की सहायता कर रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी तथा नाबालिग लड़की के माता-पिता के वकील से बातचीत की। मामले से जुड़े वकीलों ने कहा कि लड़की के माता-पिता ने वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए जजों के साथ बातचीत की। लड़की के माता-पिता ने कहा कि उन्होंने गर्भावस्था की पूरी अवधि तक इंतजार करने का फैसला किया है। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने नाबालिग लड़की के माता-पिता की दलीलें स्वीकार कर लीं और 22 अप्रैल का आदेश वापस ले लिया है।

कैडबरी की चॉकलेट में मिली फंगस, ग्राहक ने तस्वीर की शेयर, पहले भी कैडबरी चॉकलेट में कीड़ा मिलने की मिल चुकी है शिकायत

नई दिल्ली। चॉकलेट खाने वालों के लिए एक बुरी खबर है, कैडबरी चॉकलेट में कीड़े के बाद अब फंगस मिलने का दावा किया जा रहा है। हैदराबाद में एक ग्राहक ने दावा किया है कि उसकी कैडबरी चॉकलेट में फंगस निकली है। उसने चॉकलेट की तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद कई यूजर्स ने भी इस तरह की शिकायत की हैं। एक बार फिर कंपनी की क्वालिटी पर सवाल उठने लगे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने चॉकलेट की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, डेयरी मिल्क चॉकलेट की मैन्यूफैक्चरिंग जनवरी, 2024 है और इसकी एक्सपायरी डेट मैन्यूफैक्चरिंग से 12 महीने तक है। जब मैंने इसे खोला तो यह पाया कि चॉकलेट में फंगस लगी है। साथ ही एक चॉकलेट में पीछे बड़ा छेद था। कई यूजर्स ने इसे शेयर भी किया है और इस पर कमेंट किया है। इस पर कंपनी ने जवाब देते हुए कहा है कि वह हाई क्वालिटी स्टैंडर्ड्स बनाए रखने की कोशिश करती है। इससे पहले भी फरवरी में हैदराबाद के एक व्यक्ति ने कैडबरी चॉकलेट के पैकेट से जिंदा कीड़ा निकलने की शिकायत की थी। सोशल मीडिया पर काफी हंगामा मचा था। 2003 में भी दिवाली से पहले मुंबई में ग्राहक ने कैडबरी की चॉकलेट में कीड़ा मिलने की शिकायत की थी। तब महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कैडबरी के पुणे प्लांट में बने चॉकलेट स्टॉक को जब्त कर लिया था। इस घटना के बाद कैडबरी की बिक्री में गिरावट आ गई थी। कैडबरी चॉकलेट बनाने वाली कंपनी का मालिकाना हक अमेरिका की कंपनी मोंडेलेज इंटरनेशनल के पास है।

सुरक्षा बलों ने 4 नक्सली ढेर किए और कईयों को घेरा, एनकाउंटर जारी

बस्तर। बस्तर के अबूझमाड़ में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर चल रहा है। इसमें अभी तक 4 नक्सली मारे गए हैं जबकि कईयों को घेरकर रखा है। मंगलवार सुबह से जारी एनकाउंटर खबर लिखे जाने तक जारी था। जानकारी के मुताबिक, बस्तर के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने नक्सलियों को कई जगहों पर घेरा है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ की टीमें अबूझमाड़ की जंगलों में मौजूद हैं। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही है। इस एनकाउंटर में अब तक 4 नक्सली ढेर हो चुके हैं। एनकाउंटर में नक्सलियों का कितना नुकसान हुआ है, यह अभी साफ नहीं हो सका है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 4 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मुठभेड़ लगातार जारी है। बता दें कि कुछ दिनों पहले जवानों ने कांकेर जिले के छोटे बेठिया में 29 नक्सलियों को मार गिराया था। रिपोर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को सात महिला नक्सलियों समेत 23 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि नक्सली पुलिस के पुनर्वास अभियान लोन वर्राटू से प्रभावित हैं तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही, जून 2020 में शुरू किए गए पुलिस के लोन वर्राटू (अपने घर/गांव वापस लौटें) अभियान के तहत अब तक 177 इनामी नक्सली सहित कुल 761 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। इससे पहले इस महीने की 24 तारीख को जिले में तीन महिला नक्सलियों समेत 18 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ सड़कें खोदने, सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए पेड़ काटकर गिराने तथा नक्सलियों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान पोस्टर और बैनर लगाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

नौसेना को शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा: एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

लखनऊ (एजेंसी)। नयी दिल्ली। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय अभियान की दृष्टि से तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है। एडमिरल हरि कुमार चार दशकों के शानदार कॅरियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं जिनमें क्षेत्र में हूती उग्रवादियों द्वारा विभिन्न कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया जाना शामिल है। एडमिरल त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ सालों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय और भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है।''

उन्होंने कहा, ''समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को शांतिकाल में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय परिचालन की दृष्टि से तैयार रहना होगा और यदि कहा जाए तो समुद्र में तथा समुद्र से युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा।'' एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ''मेरा एकमात्र ध्यान और प्रयास इस दिशा में होगा।'' नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि आत्म-निर्भरता बढ़ाने के लिए नौसेना के जारी प्रयासों को बढ़ाने पर वह प्राथमिकता देंगे।

उन्होंने कहा, ''मैं आत्म-निर्भरता की दिशा में, नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और 'विकसित भारत' के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा में राष्ट्रीय विकास कामहत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।'' एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वह बल के मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा, ''मेरी प्राथमिकता हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास करने की होगी जो हमारी नौसेना के पुरुष और महिला कर्मी हैं। मेरी प्राथमिकता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शस्त्र, प्रशिक्षण, पेशेवर माहौल और प्रशासनिक समर्थन देने की होगी।'' उन्होंने नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले राष्ट्रीय समर स्मारक पर देश के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख के रूप में प्रभार संभालने से पहले अपनी मां रजनी त्रिपाठी का आशीर्वाद लिया। रीवा के सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी इससे पहले नौसेना के उप प्रमुख का पद संभाल रहे थे। एडमिरल त्रिपाठी का जन्म 15 मई 1964 को हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। उनका करीब 39 वर्ष का लंबा और उत्कृष्ट कॅरियर रहा है। उन्होंने भारतीय नौसैन्य जहाज 'विनाश', 'किर्च' और 'त्रिशूल' की कमान भी संभाली है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी को अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और नौसेना पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सुप्रीम कोर्ट को ईडी दे जवाब.... केजरीवाल को चुनाव पूर्व क्यों गिरफ्तार किया?

नई दिल्ली। आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल करते हुए जवाब पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मंगलवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से समय के सवाल पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान ईडी से सवाल करते हुए कहा, कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं। इसके साथ ही पीठ ने एसवी राजू से अनेक सवाल किए और जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी हुई है। इस मामले की सुनवाई अदालत में शुक्रवार को होने की संभावना जताई गई है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने पूछताछ के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं।

सुप्रीम कोर्ट में बोली मुस्लिम युवती- साहब मुझे हिंदुओं जैसा संपत्ति का अधिकार चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के सामने कई बार चौंकाने वाले मामले आते हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली खंडपीठ के सामने एक ऐसी अर्जी आई, जिसमें एक मुस्लिम युवती ने यह कहते हुए भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत संपत्ति बंटवारे का निर्देश देने की मांग की थी कि वह इस्लाम नहीं मानती है। महिला का तर्क था कि वह भले ही मुस्लिम परिवार में जन्मी है लेकिन उसकी आस्था अब इस्लाम धर्म में नहीं है। इसलिए उसकी पैतृक संपत्ति का बंटवारा शरिया कानून के तहत ना होकर भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत करने का निर्देश दिया जाय।खंडपीठ में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी थे।

महिला के वकील के तर्कों को सुनने के बाद तीनों जजों की बेंच ने उस पर गहन विचार-विमर्श किया और इस नतीजे पर पहुंची कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इसके बाद सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में एमिकस क्यूरी बहाल करने का निर्देश दिया, जो अदालत को कानूनी और तकनीकी पहलुओं से परिचित करा सके। इस मामले की अगली सुनवाई अब जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित है।याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारतीय उत्तराधिकार कानून मुस्लिम धर्म में जन्मे व्यक्तियों को धर्मनिरपेक्ष

कानून का लाभ उठाने से रोकता है, भले ही वे शरीयत कानून की धारा 3 के तहत औपचारिक रूप से ये घोषणा करें कि वे अब इस्लामी कानून का पालन नहीं करना चाहते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय उत्तराधिकार कानून की धारा 58 में कहा गया है कि यह मुसलमानों पर लागू नहीं होता है। भले ही आप शरिया अधिनियम के तहत घोषणा न करें, वसीयत आदि पर कोई धर्मनिरपेक्ष अधिनियम नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि जब आप शरियत भी नहीं मानेंगे तो फिर आप पर कौन सा नियम लागू होगा? यह एक अहम विषय है। इसके बाद सीजेआई ने इस पर एक कानूनी अधिकारी के नियुक्ति का आदेश दिया।

यह रिट याचिका केरल की एक महिला सफिया पीएम ने दायर की है। सफिया केरल में पूर्व-मुस्लिमों (जो मुस्लिम परिवार में जन्में लेकिन अब इस्लाम में आस्था नहीं रखते) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ की महासचिव हैं। अपनी याचिका में सफिया ने एक डिक्लेरेशन दिया कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ से बंधे नहीं रहना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानूनों, विशेष रूप से 1925 के भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत वसीयत और गैर वसीयत उत्तराधिकार के मामलों में अधिकार मिलना चाहिए। महिला ने तर्क दिया कि संविधान का अनुच्छेद 25 उसे किसी भी धर्म में आस्था रखने या न रखने की आजादी देता है। इसके साथ ही उनसे कहा कि उसके में पिता भी इस्लाम में आस्था नहीं रखते हैं इसलिए वह भी शरिया कानून के मुताबिक वसीयत नहीं लिखना चाहते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर आप इसकी घोषणा नहीं करते हैं, तो धारा 3 के तहत आप इस कानून के अधीन नहीं आएंगे।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मैं महिला हूँ, और मेरे भाई को डाउन सिंड्रोम है, उसे 2/3 संपत्ति दी गई है तो क्या मुझे भी वसीयत नहीं की जा सकती है। मेरी एक बेटी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, इसकी हम घोषणा कैसे कर सकते हैं? सीजेआई ने कहा, आपके अधिकार या हक आस्तिक या नास्तिक होने से नहीं मिलते बल्कि ये अधिकार आपको आपके जन्म से मिले हैं। अगर मुसलमान के रूप में पैदा होते हैं,तो आप पर मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू होगा। जहां तक आपके पिता का सवाल है तो वह भी धारा-3 से बाध्य हैं। जब तक वह भी घोषणा नहीं करते तब तक वह धारा- 2 से बंधे रहेंगे।

प्रशंसा करते हुए बाबा रामदेव को अगली सुनवाई के लिए पेशी से मिली छूट

-अखबार में छपे माफीनामे को दिखाया, सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई नरमी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एलोपैथी के खिलाफ पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई दौरान योगगुरु रामदेव की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट को बताया कि पतंजलि ने जो माफीनामा पेश किया था, उसे रजिस्ट्री में जमा करा दिया गया है। वकील ने अखबार में छपे माफीनामे को सुप्रीम कोर्ट में दिखाया। कोर्ट ने इस माफीनामे को देखने के बाद बाबा रामदेव के लिए अपना रुख नरम किया।

बाबा रामदेव की ओर से पेश हुए मुकुल रोहतगी ने जब सुप्रीम कोर्ट में अखबार में छपे माफीनामे की जानकारी दी तो सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-आपने ओरिजनल रिकॉर्ड क्यों नहीं दिए, आपने ई फाइलिंग क्यों की? यह कन्फ्यूजिंग है और हम हाथ खड़े कर रहे हैं। इस पर बाबा रामदेव के वकील बलबीर सिंह ने कहा कि हो सकता है कि मेरी अज्ञानता की वजह से ऐसा हुआ हो। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछली बार जो

माफीनामा छापा था, वो छोटा था और उसमें केवल पतंजलि लिखा था, लेकिन दूसरा बड़ा है। इसके लिए हम प्रशंसा करते हैं कि रामदेव बात समझ में आ गई है। सुनवाई के दौरान ही मुकुल रोहतगी ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख के बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने पतंजलि के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट की आलोचना की थी। रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि आखिर आईएमए चीफ ने क्या कहा था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि आईएमए के अध्यक्ष का बयान रिकॉर्ड पर लाया जाए। ये बेहद गंभीर मामला है, इसका परिणाम भुगतने के लिए वे तैयार हो जाएं। इसके बाद रोहतगी ने अगली सुनवाई में रामदेव और बालकृष्ण के पेशी से छूट मांगी तो इस पर कोर्ट ने कहा ठीक है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि केवल अगली सुनवाई के लिए ही पेशी से छूट दी गई है।

बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का ऑफर ठुकराया

-बोले-लड़ाई नीतियों के बीच होनी चाहिए, व्यक्तित्व के बीच नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी के अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। वहीं बीजेपी इन राहुल और प्रियंका को कैसे मात दिया जाए इसकी योजना बनाने में जुटी गई है। बीजेपी ने अपने पहली ही लिस्ट में अमेठी से स्मृति इरानी को मैदान में उतार दिया है, लेकिन रायबरेली में उसकी तलाश अब भी जारी है। वहीं सूत्रों से पता चला है कि पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी को रायबरेली से अपने ही बांधी परिवार के खिलाफ दो-दो हाथ करने का ऑफर मिला लेकिन वरुण ने इसे तुरंत ठुकरा दिया। यह भी कहा जा रहा है कि वरुण गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अपनी इचछा जाहिर नहीं की और बीजेपी के आला नेताओं को भी इसकी जानकारी दे दी है। सूत्रों के अनुसार कहा जाता है कि रायबरेली से वरुण गांधी को चुनाव में उतारे जाने को लेकर हुए मंथन के पीछे बीजेपी के आंतरिक सर्वे से निकले संकेतों की अहम भूमिका रही। सर्वे में बीजेपी ने प्रियंका के सामने उत्तरप्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री से लेकर वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती समेत करीब आधे दर्जन से ज्यादा चेहरों को लेकर रायशुमारी की है।

पीएम मोदी के भाषण पर चुनाव आयोग ने दिया नोटिस, भाजपा ने जवाब के लिए मांगा समय

-बांसवाड़ा के भाषण में लगा विवादास्पद बयान का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के बांसवाडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा को संबाधित किया था। इस दौरान उनके भाषण पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और नोटिस भेज दिया। नोटिस का जवाब 29 अप्रैल तक देना था। जवाब में हो रहे बिलंब के चलते भाजपा ने चुनाव आयोग समय मांगा है। राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादास्पद टिप्पणी करने का आरोप लगा। इसे लेकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को ईसी ने नोटिस भेज दिया। आयोग ने बीते 25 अप्रैल को यह नोटिस जारी किया था और उनसे 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक,

बीजेपी सूत्रों ने बताया कि पार्टी की ओर से जवाब तैयार किया जा रहा है, जिसमें यह बताया जाएगा कि पीएम मोदी ने तथ्यों के आधार पर बात की। ऐसा पहली बार है जब किसी प्रधानमंत्री की ओर से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर जवाब देने के लिए कहा गया।

दूसरी ओर बीजेपी ने कांग्रेस के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। यह आरोप लगाया कि उसने चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो शेयर किया। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी ने टीएमसी के खिलाफ भी शिकायत की। यह आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी हिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग भी की। आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद वैष्णव ने कहा, 'कांग्रेस फर्जी वीडियो के जरिए पूरी चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारना चाहती है। हमने आज इसके खिलाफ निर्वाचन आयोग से शिकायत की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से फर्जी वीडियो पोस्ट कर लोगों के बीच भ्रम पैदा करने की कोशिश की है।'

बिहार से लोकतंत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी ना के बराबर...भाजपा और कांग्रेस ने किसी महिला प्रत्याशी को नहीं दिया टिकट

-लालू ने 6 महिला शक्ति को मैदान में उतारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला सशक्तीकरण की मिसाल से भरी माता जानकी की भूमि मिथिला में महिलाओं को लोकतंत्र में वह हिस्सेदारी नहीं मिल सकी, जो संविधान ने उन्हें दी है। बिहार में अबतक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए और महज 34 महिला ही सदन पहुंचने में सफल हुई है।

विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पुरजोर वकालत करने वाले राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं की इस बार कोई सुध नहीं ली और टिकट बंटवारे के समय चुप्पी साध ली। भरपूर सम्मान एवं बराबरी की हिस्सेदारी का दावा करने वाले राजनीतिक दल इस चुनाव में भी आधी आबादी से किए अपने वादे भूल गए। बिहार में अबतक हुए लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक चार बार जीतने वाली रमा देवी को भाजपा ने इस बार के चुनाव में शिवहर से बेटिकट किया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीटों में तालमेल के तहत शिवहर सीट जदयू को मिली है। जदयू ने शिवहर सीट से पूर्व सांसद लवली आनंद को उतारा है।महिला आरक्षण बिल या नारी शक्ति वंदन विधेयक पास कराने वाले एनडीए ने इस बार के लोकसभा चुनाव में महिला शक्ति को नजर अंदाज किया है। भाजपा ने बिहार में एक भी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

राजग के घटक दल जदयू ने दो महिला सीवान से विजया लक्ष्मी देवी और शिवहर से लवली आनंद को टिकट दिया है। वहीं लोजपा-रामविलास ने वैशाली से वीणा देवी और समस्तीपुर से शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया है। कुल मिलाकर राजग ने चुनाव में 40 सीट में से चार सीट पर महिलाओं को टिकट दिया है। जबकि इंडिया गठबंधन ने छह महिला शक्ति पर भरोसा जताया है।

राजद ने बिहार में आधी आबादी को टिकट देने के मामले में इस बार सभी दलों से बाजी मार ली है। गैया बकरी चरती जाए, मुनिया बेटी पढ़ती जाए। नारा देने वाले राजद सुप्रीमो लालू ने सर्वाधिक छह महिलाओं को मैदान में उतारा है। इसमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती और रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इसमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने किसी महिला शक्ति को मौका नहीं दिया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामदल ने भी किसी महिला को चुनाव में नहीं जगह दी है। वामदल में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा),मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी

(माकपा) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) से कोई महिला चुनावी मैदान में नही हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने भी इस चुनाव में महिला शक्ति की उपेक्षा की और किसी महिला को मौका नहीं दिया। फिलहाल लोकसभा में बिहार की तीन महिला सांसद हैं, जो महज 7.5 फीसद भागीदारी हैं। यदि महिला आरक्षण लागू हुआ तो बिहार से कम से कम 13 महिला लोकसभा पहुंचेंगी।